राष्ट्रीय दैनिक


# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 हम कभी हार नहीं मानते, राजस्थान के खिलाफ...

सचिन पायलट चाहते थे किरोड़ी लाल के भाई... 12

वर्ष : 14 | अंक : 319 | नई दिल्ली, बुधवार, 03 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# बाबा रामदेव सुप्रीम कोर्ट के आगे गिड़गिड़ाए- बोले माफ कर दो साहब...

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण एक ऐसे मामले में फंस गए हैं जिसका उनसे जवाब देते नहीं बन रहा है। ये केस जब देश की शीर्षस्थ अदालत में पहुंचा तो दोनों के पास सिवाए हाथ जोड़कर माफी मांगने और गिड़गिड़ाने के कोई रास्ता नहीं बचा। मामला इतना गंभीर है कि सुप्रीम कोर्ट को याचिका की सुनवाई करते हुए यहां तक कहना पड़ा कि देश की सेवा का बहाना, आपके आचरण पर पर्दा नहीं डाल सकता। पतंजलि की तरफ से भ्रामक विज्ञापन के मामले में योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक (एमडी) आचार्य बालकृष्ण सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए और अपने आचरण के लिए माफी मांगी। हालांकि शीर्ष अदालत उनकी इस माफी से संतुष्ट नहीं हुआ और फटकार लगाते हुए अदालत ने आदेश को गंभीरता से लेने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त टिप्पणी में कहा कि ह्यआप देश की सेवा करने का बहाना मत बनाइए। सुप्रीम कोर्ट हो या देश का कोई भी अदालत। आदेश का पालन होना ही



चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ह्यरामदेव ने कोर्ट के आदेश के 24 घंटे के भीतर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। विज्ञापन में आप प्रमोटर के तौर पर पेश होते हैं। अब 2 महीने के बाद अदालत के समक्ष पेश हुए हैं ह्न इस पर रामदेव के वकील ने कहा, ह्यभविष्य में ऐसा नहीं होगा। पहले जो गलती हो गई, उसके लिए माफी मांगते हैं ह्न इसके बाद रामदेव के वकील ने भी अदालत से माफी मांगी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट इससे संतुष्ट नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा, ह्यसुप्रीम कोर्ट हो या देश की कोई भी अदालत। आदेश का पालन होना ही चाहिए। आप माफी भी सशर्त मांग रहे है ?ह्न सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम अवमानना की कार्यवाही करेंगे। माफी स्वीकार नहीं, आपने क्या किया है। उसका आपको अंदाजा नहीं है। इस पर रामदेव के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से हाथ जोड़ कर माफी मांगी। योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ अदालत की अवमानना के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की दो सदस्यीय बेंच ने मंगलवार को सुनवाई की। इन दोनों की तरफ से पेश वकील ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि हलफनामा दाखिल कर दिया गया है। इस पर बेंच ने पूछा कि रामदेव का हलफनामा कहां है ?सुप्रीम कोर्ट ने फिर पूछा कि क्या दोनों लोग पेश हो रहे हैं। इस पर उनके वकील ने बताया कि दोनों लोग कोर्ट में मौजूद हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इनको दो हलफनामे दाखिल करने चाहिए थे, लेकिन एक ही किया गया है, दूसरा दाखिल नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ह्यहमने पहले कंपनी और एमडी को जवाब दाखिल करने को कहा था, जब जवाब नहीं दाखिल किया गया तब अवमानना नोटिस जारी किया ह्नसुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और स्वामी बालकृष्ण की तरफ से खेद जताने को लेकर नाराजगी जाहिर की।

अधिकतम तापमान 30°C
न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 71,060

चांदी 79,900

सेंसेक्स 73,903

निफ्टी 22,453

## संक्षिप्त खबरें

### बुलंदशहर में हत्या के विरोध में व्यापारी सड़क पर

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में जन सेवा केंद्र संचालक समेत दो लोगों की हत्या के विरोध में व्यापारियों ने मंगलवार को अपने प्रतिष्ठान बंद कर धरना प्रदर्शन किया। इस घटना के विरोध में तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोककुमार ने बताया कि राजीव गर्ग नामक एक व्यक्ति आरटीओ ऑफिस में जन सेवा केंद्र संचालित कर वाहन स्वामियों के ऑनलाइन टेक्स एवं फीस जमा करने का काम करते थे। रविवार अपराह्न तीन बजे राजीव अपने फूफा सुधीर गर्ग को साथ लेकर एक व्यक्ति के कागजात देने निकले मगर देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने पूरी रात तलाश करते सोमवार सुबह थाने में सूचना दे कर मुकदमा दर्ज करवाने का आग्रह किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज न करते हुए उन दोनों को तलाश करने की बात कही। बीती देर रात दोनों के शव अडोली नहर की पटरी पर पड़े मिले जिस पर पुलिस ने तुरंत रिपोर्ट दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि दोनों के गले किसी धारदार हथियार से रेते गऐ है तथा शरीर पर चाकू के कई जख्म हैं। बुलंदशहर नगर के व्यापारियों ने कोतवाली देहात पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों समेत बूरा बाजार चौराहे पर सड़क पर बैठकर कर रहे नारेबाजी धरना-प्रदर्शन प्रारम्भ कर दिया है। आक्रोशित व्यापारियों ने पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी भी की है। एसएसपी ने बढ़ते हंगामे को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात की है और लापरवाही बरतने के आरोप में कांस्टेबल कमल हसन, अनुज पारासर एवं विवेक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### पल्लवी पटेल फूलपुर से लड़ेंगी लोकसभा चुनाव

लखनऊ। एआईएमआईएम से हाथ मिलाकर पीडीएम यानी पिछड़ा, दलित, मुसलमान न्याय मोर्चा बनाने वाली अपना दल (के) लोकसभा चुनाव 2024 में 5 से 7 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रही है। पार्टी ने अपना पूरा ध्यान पूर्वांचल की सीटों पर लगाया हुआ है, जहां कुर्मी मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। पार्टी सूत्रों की मानें तो फूलपुर से पल्लवी पटेल चुनाव लड़ सकती हैं। इसके अलावा मीरजापुर, कौशांबी, रॉबर्ट्सगंज, प्रतापगढ़ और गोंडा सीट से पार्टी अपने प्रत्याशी उतारने की तैयारी में है। दरअसल इन सीटों पर पार्टी का जनाधार मजबूत है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि अपना दल (के) की नेता और कौशांबी से विधायक पल्लवी पटेल फूलपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार हो सकती हैं। इससे पहले पल्लवी 10 मार्च को फूलपुर में एक बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन कर चुकी हैं। यह अलग बात है कि तब पल्लवी इंडिया का हिस्सा हुआ करती थीं। यहां बतलाते चलें कि फूलपुर लोकसभा सीट पल्लवी के पिता और अपना दल के संस्थापक सोनेलाल पटेल की कर्मभूमि के तौर पर पहचानी जाती रही है। यहां के कुर्मी मतदाता निर्णायक की भूमिका निभाते आए हैं। यह अलग बात है कि जब 2019 में कांग्रेस ने पल्लवी के पति को टिकट देकर चुनाव लड़वाया था तब वे हार गए थे और तीसरे नंबर पर ही रह गए थे। इसी प्रकार अपना दल (के) की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल भी 2019 में गोंडा से चुनाव लड़ चुकी हैं। तब पार्टी सिंबल के विवाद की वजह से कृष्णा ने कांग्रेस के टिकट पर गोंडा से चुनाव लड़ा था।

# देवभूमि का आशीर्वाद मेरी बहुत बड़ी पूंजी : पीएम मोदी

प्रात : किरण/एजेंसी

उधमसिंह नगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देवभूमि का आशीर्वाद उनकी बहुत बड़ी पूंजी है और यहां के प्रत्येक गांव से उन्हें मिले प्यार और आशीर्वाद के लिए वह बहुत-बहुत आभारी हैं। श्री मोदी आगामी 19 अप्रैल को उत्तराखंड में प्रथम चरण के होने वाले चुनाव के मद्देनजर यहां अपनी पहली जनसभा के लिए पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा लगता है यह चुनावी सभा नहीं, बल्कि विजय रैली है। ये जनसभा ऐसे क्षेत्र में हो रही है जिसे मिनी इंडिया कहा जाता है। मैं जब भी उत्तराखंड की पवित्र धरती पर आता हूं खुद को बहुत धन्य महसूस करता हूं, इसलिए ही मेरे दिल की गहराई से एक बात निकली थी कि देवभूमि के ध्यान से ही मैं सदा धन्य हो जाता हूं। उन्होंने कहा , देवभूमि उत्तराखंड के प्रति भाजपा का जो प्रेम है जो अपनत्व है वो जग जाहिर है। हमें उत्तराखंड को विकसित बनाना है, सबसे आगे लेकर जाना है और इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही है ।ह्व उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल वर्षों में उत्तराखंड का जितना विकास हुआ है उतना आजादी के 65 साल में भी नहीं हुआ। आज उत्तराखंड हर तरह की कनेक्टिविटी से जुड़ रहा है। उत्तराखंड में भाजपा ने 12 लाख घरों तक पानी का कनेक्शन पहुंचाया है। श्री मोदी ने कहा कि यहां की पांच लाख महिलाओं को निशुल्क उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिया गया है। तीन लाख लोगों को स्वामित्व योजना के तहत जमीन के कागज सौंपे गए हैं। भाजपा ने उत्तराखंड के किसानों के खाते में 2200 करोड़ की धनराशि सीधे सौंपी है। उन्होंने कहा, इतने सारे काम कैसे होते हैं। जब नियत सही होती है तो ऐसे



ही काम होते हैं। इसलिए मैं कहता हूं नियत सही तो नतीजे भी सही। उन्होंने कहा, मोदी ने भारत को तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की गारंटी दी है। तीसरी आर्थिक ताकत का मतलब है नौकरी बढ़ेगी, गांव-शहर में सुविधा बढ़ेगी और इसका बहुत बड़ा लाभ मेरे उत्तराखंड को भी होगा। प्रधानमंत्री ने कहा बाबा केदार के आशीर्वाद से मेरे मुंह से निकला था कि यह दशक उत्तराखंड का होने वाला है। कमल निशान पर पड़ा आपका एक वोट इसी संकल्प को सशक्त करेगा ।मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी। याद किजिए मैंने आपसे कहा था कि यहां एम्स का सैटेलाइट सेंटर बनेगा, मैंने ये गारंटी पूरी करके दिखाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि 24 घंटे बिजली मिले और बिजली बिल जीरो होने के साथ ही बिजली से कमाई भी हो। इसके लिए पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गयी है। इसके तहत घर पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार मदद दे रही है। उन्होंने कहा , ह्लये 10 साल में हुआ काम बस ट्रेलर है ।अभी हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है , तब तक हमें थकना नहीं। हमें उत्तराखंड को भी बहुत-बहुत आगे लेकर जाना है। उन्होंने जोर दिया कि पिछले 10 वर्षों में उत्तराखंड का जितना विकास हुआ है, उतना आजादी के 65 साल में भी नहीं हुआ। आज उत्तराखंड हर तरह की कनेक्टिविटी से जुड़ रहा है। उत्तराखंड में भाजपा ने 12 लाख घरों तक पानी का कनेक्शन पहुंचाया है। श्री मोदी ने कहा, मैं गरीब और मध्यम वर्ग का हक किसी को छीनने नहीं दूंगा ये मोदी की गारंटी है। मेरी आपसे प्रार्थना है कि आपको मोदी को और मजबूत करने के लिए उत्तराखंड की सारी सीटों पर भाजपा को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने हैं। मैं उत्तराखंड के नौजवानों से कहूंगा कि आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। बीते वर्षों में यहां से पलायन रूका है। वो दिन दूर नहीं, जब रोजगार के लिए बाहर गए साथी वापस लौटेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि जब भाजपा सीएए के तहत मां भारती में आस्था रखने वालों को शरण देती है तो कांग्रेस इसका भी विरोध करती है। उत्तराखंड के लोग भूल नहीं सकते कि कांग्रेस ने स्व बिपिन रावत जी का अपमान किया। कांग्रेस तुष्टिकरण के दलदल में ऐसा धंस गई है कि कभी देशहित का सोच नहीं सकती। उन्होंने कहा कि इस धरती का संबंध गुरु नानक देव जी, गुरु गोविंद सिंह जी और उदासीन संत गुरु रामराय जी से है। कांग्रेस ने देश का ऐसा बंटवारा किया कि कई धार्मिक स्थल हमसे छिन गए।

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश के सीमावर्ती गांवों को आखिरी गांव मानकर विकास करना बंद कर दिया था लेकिन, भाजपा आखिरी गांव को प्रथम गांव माना है और वहां तेजी से विकास कर रही है। कांग्रेस की सरकार होती तो सैनिकों को वन रैंक-वन पेंशन नहीं मिल पाती, लेकिन भाजपा ने यह करके दिखाया। इससे उत्तराखंड के भी हजारों परिवारों को लाभ हो रहा है। श्री मोदी ने कहा , हम लोग ईमानदारी और पारदर्शिता जनता के सामने लेकर आए हैं। दूसरी तरफ, भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है, जो मोदी को गाली दे रहे हैं। हम कह रहे हैं भ्रष्टाचार हटाओ और वह कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। उन्होंने कहा कि मोदी विपक्ष की गाली और धमकी से डरने वाला नहीं है। हर भ्रष्ट पर कार्रवाई जारी रहेगी और तीसरे कार्यकाल की शुरूआत से भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा ये मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने अपने करीब बीस मिनट के भाषण में कहा , मैं गरीब और मध्यम वर्ग का हक किसी को छिनने नहीं दूंगा, ये मोदी की गारंटी है।

मेरी आपसे प्रार्थना है कि आपको मोदी को और मजबूत करने के लिए उत्तराखंड की सारी सीटों पर भाजपा को ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने हैं। उन्होंने नैनीताल से अजय भट्ट , अल्मोड़ा से अजय टम्टा , गढ़वाल से अनिल बलूनी , टिहरी से माला राज शाह और हरिद्वार से त्रिवेंद्र सिंह रावत को विजयी बनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्थानीय प्रत्याशी केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, स्थानीय विधायक शिव अरोड़ा और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भी जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किया।

# 'आप' नेता संजय सिंह की जमानत मंजूर

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका मंगलवार को मंजूर कर ली। श्री सिंह को पिछले वर्ष अक्टूबर में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। श्री सिंह को दिल्ली सरकार की विवादास्पद आबकारी नीति में कथित घोटाले के धन शोधन से जुड़े आरोप में ईडी ने गिरफ्तार किया था ईडी ने आज अदालत में आप नेता की जमानत की अर्जी का विरोध नहीं किया। ईडी की ओर से अदालत में कहा गया कि आरोपी की जमानत मंजूर करने पर उसे कोई आपत्ति नहीं है, अदालत ने श्री सिंह को जमानत पर रिहा करने का आदेश देते हुये कहा कि वह मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, दीपंकर दत्ता और पी



बी वराले की पीठ ने यह भी कहा कि श्री सिंह को जमानत पर रिहाई की अवधि में राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने की स्वतंत्रता होगी लेकिन वह इस मामले से जुड़े किसी मुद्दे पर कोई सार्वजनिक वक्तव्य नहीं देंगे। न्यायालय ने कहा कि उसके आज के आदेश को कोई नजीर नहीं माना जाना चाहिये। इस मामले में सुबह के सत्र में पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा था कि वह निर्देश लेकर बतायें कि श्री सिंह को पूछताछ के लिये हिरासत में रखने की और जरूरत है? यदि कोई और निर्देश न मिले तो वह इस मामले में गुण-दोष के आधार पर बहस करें और न्यायालय उसके आधार पर निर्णय करेगा। अपराह्न दो बजे पीठ के न्यायाधीशों के पुनः आसीन होने पर श्री राजू ने न्यायालय से कहा कि गुण-दोष पर जाये बगैर वह जमानत के मामले में रियायत देंगे। इससे पहले श्री सिंह की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बहस की। उन्होंने कहा था कि इस मामले में (धन की) कोई बरामदगी नहीं हुयी है और न ही उसका कोई सबूत है। ईडी ने संजय सिंह के दिल्ली स्थित घर पर तलाशी के बाद उन्हें गत चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में थे और कुछ समय से वह स्वास्थ्य कारणों से यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान, दिल्ली में भर्ती हैं।

# कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए 17 उम्मीदवार किए घोषित

प्रात :: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बिहार, आंध्र प्रदेश, ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 17 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए इन उम्मीदवारों के नामों का चयन किया है। उन्होंने बताया पार्टी ने जिन उम्मीदवारों के नाम तय किए हैं उनकी सूची इस प्रकार हैः बिहार के किशनगंज से मोहम्मद जावेद, कटिहार से तारिक अनवर, भागलपुर से अजीत शर्मा, आंध्र प्रदेश के काकीनाडा से एनएम पल्लम राजू, राजामुंदरी से जी रुद्र राजू, बपाटला सु जे डी सलीम, कुरनूल से पीजी रामपुल्लयी यादव, ओडिशा के बारगढ़ (एसटी) से



संजय भोई, सुंदरगढ़ (एसटी) से जनार्दन देहुरी, बलांगीर से मनोज मिश्रा कालाहांडी से श्रीमती द्रौपदी मांझी, नवरंगपुर (एसटी) से भुजबल माझी, कंधमाल से अमीर चंद नायक, बहरामपुर से रश्मि रंजन पटनायक, कोरापुट (एसटी) से सप्तगिरि शंकर उल्का तथा पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग से डॉ मनीष तमांग।

## आयकर नोटिस मामले में कांग्रेस को बड़ी राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान आज सोमवार को आयकर विभाग ने भरोसा दिलाया कि लोकसभा चुनाव का समय होने के चलते इन पैसों की रिकवरी को लेकर विभाग कोई करवाई नहीं करेगा। इसी के साथ आयकर विभाग के नोटिस मामले में कांग्रेस को कुछ दिनों के लिए राहत मिलती नजर आई है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान आयकर विभाग ने भरोसा दिलाते हुए कहा है कि अभी चूंकि लोकसभा चुनाव का समय चल रहा है, लिहाजा हम इन पैसों की रिकवरी को लेकर कोई करवाई नहीं करेंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की हुई है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने इस मामले में आज सुनवाई की। आयकर विभाग की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील रखी। अब इस मामले की सुनवाई अदालत 24 जुलाई को करेगी।

# अरुणाचल प्रदेश के स्थानों के चीनी नामकरण मूर्खतापूर्ण : भारत

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदले जाने को मनगढ़ंत एवं मूर्खतापूर्ण हरकत करार दिया है और कहा है कि इससे यह हकीकत नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अंग है और हमेशा रहेगा। चीन सरकार के इस कदम के बारे में यहां मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, चीन, भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के अपने मूर्खतापूर्ण प्रयासों पर कायम है। हम इस तरह के प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं। प्रवक्ता ने कहा, मनगढ़ंत नाम निर्दिष्ट करने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और हमेशा रहेगा। उल्लेखनीय है कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश को जंगनान नाम दिया है और इसे दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना दावा करता है। कल उसने राज्य के 30 विभिन्न स्थानों के नए चीनी नामों की चौथी सूची जारी की है। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने सबसे पहले 2017 में अरुणाचल प्रदेश के छह स्थानों के मानकीकृत नामों की पहली सूची जारी की थी, जबकि 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। इसके बाद 2023 में 11 स्थानों के नामों के साथ तीसरी सूची जारी की गई थी।

## 'मदर्स अगेंस्ट वेपिंग' अभियान से जुड़े बाईचुंग भूटिया

नई दिल्ली। 'मदर्स अगेंस्ट वेपिंग' ने मंगलवार को घोषणा की है कि फुटबॉल के पूर्व खिलाड़ी बाईचुंग भूटिया भारतीय बच्चों और युवाओं के बीच नए जमाने के तंबाकू उत्पादों के प्रचार से निपटने के उनके अभियान का समर्थन करेंगे। उसने कहा कि भूटिया के इस अभियान से जुड़ने से काफी मदद मिलेगी। यह समूह चिंतित माताओं का एक संयुक्त मंच है जिसका उद्देश्य भारतीय युवाओं के बीच ई-सिगरेट, वेप्स, इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन आपूर्ति प्रणाली और ऐसे अन्य उत्पादों के प्रचार का मुकाबला करना है।

# नमो टी-स्टाल पर उमड़ी भीड़, कंगना रनौत पिलाई चाय

● भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की मंडी से लोकसभा चुनाव में बनाया है प्रत्याशी

प्रात : किरण/एजेंसी

मंडी। भारतीय फिल्म अभिनेत्री जो अपने बेबाक बयानों की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से कंगना रनौत को अपना प्रत्याशी बनाया है। कंगना ने मंडी में भाजपा नेताओं व अन्य लोगों को नमो-टी स्टाल में चाय पिलाई। इस टी स्टॉल पर कंगना को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। हिमाचल प्रदेश के मंडी शहर में भाजपा ने नमो टी स्टॉल लगाया गया था। इस टी स्टॉल पर फिल्म अभिनेत्री और मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पहुंची और वहां मौजूद भाजपा नेताओं और अन्य लोगों को चाय पिलाने के साथ खुद भी चाय की चुस्कियां का आनंद लिया। इससे पहले कंगना ने मंडी शहर के बाबा भूतनाथ मंदिर व माता सिद्ध काली मंदिर में पूजा अर्चना की। पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरे देश में जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रुप में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी सभी लोकसभा सीटों पर कार्यकताओं में चुनावों को लेकर भारी उत्साह है।

# तिहाड़ जेल के 112 वर्गफिट के बैरेक में कैदी नंबर 670 बने सीएम केजरीवाल

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के कथित शराब घोटाले में फंसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल पहुंच गए हैं। यहां उन्हे 112 वर्गफिट के बैरेक में कैदी नंबर 670 के तौर पर रखा गया है। सीएम को तिहाड़ के जेल नंबर 2 के वार्ड नंबर 3 में रखा गया है। यहां एक छोटी सी बैरक है, जो लगभग 14 फूट लंबा और 8 फूट चौड़ा है। इसी में टॉयलेट भी बना हुआ है। ऐसे में वहां पर रहना, खाना और सोना इतना आसान नहीं होता है, इसलिए नींद भी सही तरीके से नहीं आ पाती है ।सफेद शर्ट पहने सीएम केजरीवाल सोमवार शाम करीब 4.45 बजे तिहाड़ जेल परिसर में दाखिल हुए और



रिकॉर्ड के लिए उनकी तस्वीर खींची गई। इसके बाद जेल सुरक्षाकर्मियों ने उनकी और उनके सारे सामान की भी जांच की, जिसके बाद उन्हें तिहाड़ के जेल नंबर 2 में ले जाया गया। जेल सूत्रों के मुताबिक, जेल नंबर 2 में सीएम केजरीवाल के बैरेक में सीमेंट का बनाया हुआ एक चबूतरा है, जिस पर बिछाने के लिए एक चादर, ओढ़ने के लिए कंबल और एक तकिया दिया जाता है। इसके अलावा 2 बाल्टी दी जाती है, एक बाल्टी में पीने का पानी रखा जाता है, जबकि दूसरी बाल्टी नहाने या कपड़ा धोने का पानी रखने के काम आती है। इसके अलावा एक जग भी दिया जाता है। तिहाड़ जेल के अधीक्षक को निर्देश दिया गया है कि सीएम केजरीवाल के शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर की नियमित जांच की जाए। वह अपने साथ शुगर जांच के लिए ग्लूकोमीटर रख सकेंगे। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अगर सीएम केजरीवाल का शुगर लेवल गिरे तो उन्हें तुरंत टॉफी, ग्लुकोज और केले उपलब्ध करवाए जाए। इसके अलावा उन्हें पेन और नोट पैड भी मुहैया करवाने का निर्देश दिया गया है।

**परीक्षण** चिनूक हेलीकॉप्टर की अधिकतम गति 310 किमी प्रति घंटा है

# जम्मू कश्मीर: वायुसेना के पांच हेलीकॉप्टर परीक्षण के दौरान आपातकालीन पट्टी पर उतरे व उड़ान भरी

प्रात : किरण/एजेंसी

श्रीनगर। वायुसेना के पांच हेलीकॉप्टर आपातकालीन स्थिति में उतरने के अभ्यास के तहत जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उतरे। यह जम्मू कश्मीर में इस तरह का पहला अभ्यास था। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका निर्मित चिनूक हेलीकॉप्टर को भी इस अभ्यास में शामिल किया गया जिसे हाल ही में बल में शामिल किया गया है। इस अभ्यास के बाद, जम्मू कश्मीर आपातकालीन



लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) वाला पहला केंद्रशासित प्रदेश बन गया है। आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान तीन ऐसे राज्य हैं जहां ईएलएफ वर्तमान में उपलब्ध हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका निर्मित दो चिनूक, रूस निर्मित एक एमआई-17 और दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात राजमार्ग के वानपोह-संगम मार्ग पर उतरे। यह राजमार्ग कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। उन्होंने बताया कि अभ्यास देर रात दो बजकर 50 मिनट पर संपन्न हो गया जिस दौरान हेलीकॉप्टर राजमार्ग पर उतरे और जमीन पर पड़े सैनिकों को उठाने का अभ्यास किया। अधिकारियों के मुताबिक, अभ्यास बिना किसी परेशानी के संपन्न हुआ। आपातकालीन स्थिति में विमान उतारने के लिए 3.5 किलोमीटर लंबी पट्टी पर 2020 में काम शुरू हुआ था और यह पिछले साल पूरा हो गया। चिनूक हेलीकॉप्टर की अधिकतम गति 310 किमी प्रति घंटा है। इसका उपयोग भारी वजन उठाने के लिए किया जाता है। मुख्य कैबिन में 33 से अधिक पूर्णत सुसज्जित सैनिक बैठ सकते हैं। इसका उपयोग चिकित्सा निकासी के लिए भी किया जा सकता है और इसमें 24 स्ट्रेचर समायोजित किए जा सकते हैं।

# चकराता का सियासी गणित है सबसे अलग, कांग्रेस की रही है मजबूत पकड़; मोदी लहर भी नहीं तोड़ पाई रिकार्ड

त्यूणी, एजेंसी। टिहरी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र की चकराता विधानसभा सीट का सियासी गणित और भूगोल सबसे अलग है। चकराता क्षेत्र को कांग्रेस का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता है और आजादी के बाद से ही यहां कांग्रेस का परचम लहराता रहा है। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी यहां मोदी लहर प्रभावी नहीं रही। लेकिन, अबकी भाजपा इस मिथक को तोड़ने की जुगत में है।

इस बार टिहरी गढ़वाल सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि, भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह चौथी बार चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा जौनसार के बोंदूर खत से जुड़े बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बाबी पंवार भी निर्दल प्रत्याशी के रूप में ताल ठोक रहे हैं।

टिहरी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में देहरादून, उत्तरकाशी व टिहरी जिलों की 14 विधानसभा सीट आती हैं। इनमें देहरादून जिले के चकराता विधानसभा क्षेत्र से लोस चुनाव में भाजपा को कभी बढ़त नहीं मिली। क्षेत्र के मतदाता हर बार कांग्रेस के पक्ष में ही रहे।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में चकराता विधायक एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह टिहरी गढ़वाल सीट से चुनाव मैदान में उतरे और मोदी लहर के चलते दो लाख 64 हजार 747 वोट हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे। तब तीसरी बार सांसद बनी भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह को पांच लाख 65 हजार 333 वोट मिले थे।

चकराता विधानसभा की बात करें तो कांग्रेस के प्रीतम सिंह को 31 हजार 767 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह को 26 हजार 981 मत प्राप्त हुए।

इस बार के लोकसभा चुनाव में चकराता सीट से छह बार के विधायक प्रीतम सिंह टिहरी कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला के लिए वोट मांग रहे हैं। साथ ही कांग्रेस के परंपरागत वोट बैंक को सेंधमारी से बचाने का प्रयास भी कर रहे हैं। वहीं, भाजपा चकराता क्षेत्र में अपना ग्राफ बढ़ाने को पूरी ताकत झोंक रही है। निर्दल प्रत्याशी बाबी पंवार के चुनावी मैदान में उतरने से चकराता क्षेत्र में सियासी समीकरण गड़बड़ा सकता है। बहरहाल! इस बार के चुनाव में कांग्रेस के सामने अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने, भाजपा को अपना वोट बैंक बढ़ाने और निर्दल बाबी पंवार को सियासी जमीन तलाशने के लिए जनता की कसौटी पर खरा उतरना होगा।

लोकतंत्र के इस महापर्व में जनता का वोट रूपी आशीर्वाद किसे मिलेगा, यह तो चार जून को परिणाम घोषित होने पर ही पता चलेगा। लेकिन, फिलहाल चुनावी समर में सभी के अपने-अपने तर्क हैं।



## इस बार 47 गेहूं क्रय केंद्रों पर होगी खरीद

काशीपुर, एजेंसी। जिले में गेहूं खरीद के लिए कुल 47 क्रय केंद्र खोले गए हैं। सरकार की आरे से इस सत्र के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये घोषित किया गया है।

संभागीय खाद्य नियंत्रक कुमाऊं संभाग हल्द्वानी के 28 मार्च के आदेश के बाद जिला ऊधमसिंह नगर में एक अप्रैल से गेहूं खरीद सत्र 2024-25 की शुरुआत हो गई है। जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां ऊधमसिंह नगर की ओर से गेहूं खरीद के लिए जिले में कुल 47 तौल केंद्र स्थापित किए गए हैं। उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के 35, एनसीसीएफ के तीन और खाद्य विभाग के नौ केंद्र बनाए गए हैं। अपर जिला सहकारी अधिकारी हेमराज चौहान ने बताया कि जिले में पिछले दो साल से गेहूं क्रय केंद्रों की संख्या कम हो गई है क्योंकि अब सहकारी समिति के कांटे नहीं लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया वहीं दूसरी ओर से क्रय केंद्रों पर किसान कम गेहूं लेकर आते थे, इसलिए अब केंद्रों की संख्या कम कर दी गई है। बताया यदि गेहूं अधिक आया तो सेंटर बढ़ाए जा सकते।

किसान विकास क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि बीते दो वर्ष से शासन-प्रशासन ने क्रय केंद्रों की संख्या कम करने से किसानों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसलिए इस वर्ष क्रय केंद्र की संख्या को बढ़ाया जाना चाहिए।

## बेस अस्पताल में रैबीज वैक्सीन खत्म

अल्मोड़ा, एजेंसी। मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में कुत्ते और बंदर के काटने का इलाज नहीं मिल रहा है। उपचार के लिए जरूरी रैबीज वैक्सीन खत्म है। जिले में नगर से लेकर गांवों तक लावारिस कुत्तों और बंदरों का उत्पात है। बीते चार महीने के भीतर इन जानवरों के हमले में घायल होकर 600 से अधिक लोग अस्पताल पहुंच चुके हैं। मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में इन जानवरों के हमले में घायल 15 से 20 लोग हर रोज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन उन्हें उपचार नहीं मिल रहा है। बेस अस्पताल में रैबीज वैक्सीन खत्म है और घायलों को रेफर करना अस्पताल प्रबंधन की मजबूरी बन गया है। मार्च में ही लावारिस कुत्तों ने 165 और बंदरों ने 9 लोगों को घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए जिला या बेस अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ी। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीते वर्ष नवंबर में 128, दिसंबर में 135, जनवरी में 179 और फरवरी में 180 लोग इन जानवरों के हमले में घायल होकर अस्पताल पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### मार्च 2025 तक पड़ेंगे तीन सूर्य और दो चंद्रग्रहण

हल्द्वानी, एजेंसी। आगामी आठ अप्रैल से मार्च 2025 तक पांच ग्रहण लगेंगे। इनमें तीन सूर्य और दो चंद्रग्रहण होंगे। हालांकि ज्योतिष गणना के अनुसार ग्रहण भारत में दृश्यमान न होने के कारण इनका विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। पर्व निर्णय सभा के अध्यक्ष जगदीश चंद्र भट्ट ने बताया कि पहला सूर्यग्रहण सोमवार आठ अप्रैल को लग रहा है। यह खग्रास सूर्य ग्रहण है जो रात 9ः12 बजे से उसी रात 2ः23 मिनट तक रहेगा। 18 सितंबर को सुबह 7ः43 बजे से 8ः46 बजे तक चंद्रग्रहण लगेगा। तीसरा ग्रहण कंकड़ सूर्य ग्रहण है जो दो अक्तूबर की रात 9ः13 बजे से शुरू होकर उसी रात 3ः17 बजे तक रहेगा। चौथा ग्रहण 14 मार्च 2025 में लगेगा जो कि चंद्रग्रहण होगा। यह सुबह 10ः40 बजे से शुरू होगा और उसी दिन दोपहर 2ः18 बजे तक प्रभावी रहेगा। उसी माह 29 मार्च को आंशिक सूर्यग्रहण भी लगेगा जो दोपहर 2ः21 बजे से शाम 6ः14 बजे तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि यह सभी ग्रहण भारत में नहीं दिखेंगे। असल में ग्रहण जिस जगह दिखाई देता है उसी जगह उसका प्रभाव पड़ता है। इस लिहाज से इसका सूतक और अन्य प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

### परीक्षा फॉर्म भरने से पहले बैठाने को लेकर रहीं अव्यवस्थाएं

हल्द्वानी, एजेंसी। कुमाऊं विवि की ओर से वार्षिक पद्धति की कक्षाओं में प्रवेशित सभी छात्रों को परीक्षा में बैठने का अवसर देने के निर्देश दिए गए हैं। इस कारण एमबीपीजी कॉलेज के कई छात्र परीक्षा शुरू होने से पूर्व महाविद्यालय स्तर पर ही परीक्षा फॉर्म भर रहे हैं। ऐसे में परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ने से उनके बैठने के इंतजामों को लेकर प्राध्यापक परेशान रहे। एमबीपीजी कॉलेज में सोमवार को दोनों पालियों में वार्षिक पद्धति की परीक्षाएं हुईं। परीक्षा से ठीक पहले परीक्षा फार्म जमा करने के लिए परीक्षा कार्यालय में छात्रों की भीड़ लग रही। वहीं जिन छात्रों ने परीक्षा फॉर्म देरी से भरे, उन्हें अपनी सीट ढूंढने में दिक्कत हुई। प्रथम पाली की परीक्षा से पूर्व 12 विद्यार्थियों और द्वितीय पाली की परीक्षा से पूर्व 24 विद्यार्थियों ने अपने प्रवेश फॉर्म जमा किए। दूसरी पाली में परीक्षार्थियों के बैठने के लिए जगह कम होने पर एक अतिरिक्त कक्ष परीक्षा के लिए खोला गया। एक बजे से शुरू होने वाली दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ने से अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं। एमबीपीजी कॉलेज में पहली पाली में स्नातक प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं हुईं। पहली पाली में पंजीकृत 242 परीक्षार्थियों में से 208 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 34 परीक्षार्थियों अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षाएं हुईं। इसमें 882 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 844 ने परीक्षा दी।

### बैणी सेना को बूथ अवेयरनेस ग्रुप से जोड़ा गया

हल्द्वानी, एजेंसी। नगर निगम में आयोजित बैठक में हल्द्वानी विधानसभा के पोलिंग बूथ के लिए बूथ अवेयरनेस ग्रुप में बैणी सेना के सदस्यों को जोड़ा गया है। बैणी सेना से जुड़ी महिलाओं को मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित करने के लिए प्रशिक्षण के साथ-साथ जागरूकता सामग्री उपलब्ध कराई गई। एआरओ एपी वाजपेयी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में पूर्व से ही बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन भी किया था। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए कार्ययोजना बनाने के क्रम में प्रत्येक बूथ के लिए बूथ इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान तैयार किया है। 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए वर्ष-2019 व वर्ष-2022 के मत प्रतिशत के आधार पर मतदाताओं को मतदान केंद्र तक आने के लिए प्रेरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### स्मैक के साथ तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

हरिद्वार, एजेंसी। रुड़की और लक्सर पुलिस ने स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। साथ ही तीनों का आपराधिक इतिहास खंगाल रही है। रविवार रात मंगलौर पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। उसके पास से 6.62 ग्राम स्मैक बरामद हुई। कोतवाली प्रभारी अमरचंद शर्मा ने बताया कि मुकुल शर्मा निवासी भगवानपुर चंदनपुर, मंगलौर के खिलाफ केस दर्ज किया।

# अब फोन पर दर्ज कराएं पेयजल संकट की शिकायत

हल्द्वानी, एजेंसी। गर्मी के सीजन में उपभोक्ताओं को पानी की शिकायत दर्ज कराने के लिए जल संस्थान कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अधिकारी फोन पर ही पेयजल उपभोक्ताओं की समस्या सुनकर समाधान कराएंगे।

जल संस्थान ने एक अप्रैल से तिकोनिया स्थित कार्यालय परिसर में कंट्रोल रूम की शुरुआत कर दी है। क्षेत्र में पेयजल समस्या पर उपभोक्ता कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर-05946-220776 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकेंगे। यहां से उपभोक्ताओं की शिकायतों को संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली ने बताया कि गर्मी के सीजन में पानी की समस्या को देखते हुए उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया है। कंट्रोल रूम में संबंधित क्षेत्रों के अधिकारियों के नंबर भी दिए हैं। यदि उपभोक्ताओं की समस्या का निस्तारण नहीं होगा तो वे संबंधित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं।

अप्रैल माह की शुरुआत होते ही शहर में पेयजल संकट के मामले भी बढ़ने लगे हैं। सोमवार को कार्यालय में पांच उपभोक्ता पानी के संकट की शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। इस पर जल संस्थान ने दमुवाढूंगा, लोहरियासाल, बजूनियाहल्दू, इंदिरानगर, हिम्मतपुर मल्ला समेत कई इलाकों में सात टैंकरों से पानी बंटवाया। सोमवार को तिकोनिया कैनाल रोड निवासी कमलेश और जगदंबा नगर के प्रवीण सिंह कोरंगा ने बताया कि उनके क्षेत्र में एक सप्ताह से पानी का संकट बना हुआ है। भूपेंद्र सिंह बताया कि कैनाल रोड तिकोनिया में पानी की समस्या हो रही है। इधर दमुवाढूंगा गैरीखत्ता में भी पानी नहीं मिल रहा है। ईई आरएस लोशाली ने बताया कि शिकायत पर प्रभावित क्षेत्रों में पानी बांटा गया है।

# बेस अस्पताल और सुशीला तिवारी अस्पतालों में तीन हजार से अधिक रोगी पहुंचे

हल्द्वानी, एजेंसी। बदलते मौसम के बीच मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बेस अस्पताल और सुशीला तिवारी अस्पताल की ओपीडी तीन हजार पार पहुंच गई। एसटीएच में सोमवार को 1796 और बेस अस्पताल में 1260 रोगी इलाज के लिए पहुंचे। सबसे ज्यादा 245 रोगी नाक, कान, गले के संक्रमण के रहे।

रविवार को सार्वजनिक अवकाश के बाद सोमवार को अस्पतालों में मरीजों की कतार रही। सुशीला तिवारी अस्पताल में पौने एक बजे तक मरीज ओपीडी की लाइन में लगे रहे। एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और एक्सरे कराने के लिए भी मरीजों को काफी इंतजार करना पड़ा। सोमवार को 310 एक्सरे और 70 अल्ट्रासाउंड हुए। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. के.के पांडे ने बताया कि मौसम बदलने से पेट संबंधी बीमारियों के साथ ही गले में संक्रमण के रोगी बढ़ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार इस बीच कई सावधानियां बरतनी जरूरी हैं। ताजा भोजन लेने के साथ भरपूर पानी पीएं। बाहर के खाने से बचें और साफ-सफाई का ध्यान रखें।



# अब पहाड़ पर योग भी सिखाएगा निम, मई में होगी पाठ्यक्रम की शुरुआत

हरिद्वार, एजेंसी। नेहरू पर्वतारोहण संस्थान पर्वतारोहण से लेकर साहसिक, स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग, स्कीइंग और माउंटेन टेरेन बाइकिंग कोर्स का प्रशिक्षण देता है। अब इन कोर्सों की फेहरिस्त में योग विषय भी जुड़ने जा रहा है।

नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) पर्वतारोहण के साथ अब पहाड़ पर योग भी सिखाएगा। संस्थान आगामी मई माह से पहली बार योग में एक प्रारंभिक पाठ्यक्रम (इंट्रोडक्टरी कोर्स) शुरू करने जा रहा है। इस कोर्स में प्रशिक्षुओं को योग आसनों के साथ पहाड़ों पर भी योगाभ्यास कराया जाएगा।

देश के प्रतिष्ठित पर्वतारोहण संस्थानों में से एक नेहरू पर्वतारोहण संस्थान पर्वतारोहण से लेकर साहसिक, स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग, स्कीइंग और माउंटेन टेरेन बाइकिंग कोर्स का प्रशिक्षण देता है। अब इन कोर्सों की फेहरिस्त में योग विषय भी जुड़ने जा रहा है। संस्थान आगामी मई माह से पहली बार योग पर प्रारंभिक पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है।

शिखर से मुद्रा तक- जहां पहाड़ ध्यानमग्नता से मिलते हैं कि टैग लाइन से शुरू होने वाले इस कोर्स में न केवल संस्थान में प्रशिक्षुओं को योग आसन व योग की शैलियों बताई जाएंगी, बल्कि उन्हें पहाड़ों पर भी योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

संस्थान के रजिस्ट्रार प्रवीन कुमार ने कोर्स के विषय में जानकारी देते हुए पहली बार शुरू होने जा रहे इस कोर्स की अवधि दस दिनों की होगी। जिसमें प्रशिक्षुओं को संस्थान सहित संस्थान के प्रशिक्षण तेखला सहित अन्य जगह पर्वतों पर भी योग सिखाया जाएगा। मई में शुरू होने वाला कोर्स 7 मई से 16 मई तक चलेगा।

निम में शुरू होने वाले दस दिवसीय योग के प्रारंभिक पाठ्यक्रम की फीस करीब दस हजार होगी। जिसमें प्रशिक्षुओं के रहने-खाने की व्यवस्था भी संस्थान की ओर से की जाएगी। निम के रजिस्ट्रार प्रवीन कुमार ने बताया कि कोर्स के लिए 50 सीटें निर्धारित की गई हैं।

योग शरीर को फिट और दिमाग को चुस्त दुरुस्त रखने में मददगार है। पिछले करीब एक दशक में योग के प्रति आकर्षण बढ़ा है। सरकारी से लेकर निजी संस्थान भी अब अपने कर्मचारियों की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए उन्हें योगाभ्यास कराने के अलावा योगाभ्यास के लिए प्रेरित कर रहे हैं।




## ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार, एजेंसी। रानीपुर पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के तीन ई-रिक्शा बरामद किए गए हैं। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। बैरागी कैंप बजरीवाला कनखल का ई-रिक्शा पांच मार्च को पीठ बाजार सेक्टर-1 बीएचईएल से चोरी कर लिया गया था। संजीव निवासी मोहल्ला पीठ बाजार ज्वालापुर का रविवार को बीएचईएल पीठ बाजार सेक्टर चार से ई-रिक्शा चोरी कर लिया गया। फुटेज की मदद से आरोपियों को चिह्नित कर धरपकड़ शुरू की गई। रवि निवासी बबूना सिंह मार्ग शिवलोक कॉलोनी रानीपुर, सलमान निवासी कंबो का पुल थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर यूपी हाल टिबड़ी रानीपुर, विनय निवासी ग्राम अटवारी थाना सकरन जिला सीतापुर यूपी हाल टिबडी रानीपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

## गर्मी के साथ जाम भी छुड़ा रहा पसीना



हल्द्वानी, एजेंसी। शहर में जाम की समस्या से निजात नहीं मिली रही है। सोमवार को सुशीला तिवारी अस्पताल के सामने सीपीयू की तैनाती के बावजूद जाम लगता रहा। दिनभर गर्मी के बीच लोग जाम से जूझते रहे।

सुशीला तिवारी अस्पताल कुमाऊं का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। यहां आसपास के जिलों से भी मरीज पहुंचते हैं। पूर्व में आईजी नीलेश आनंद भरणे ने जाम की समस्या के चलते यहां खड़े फड़-ठेले हटा दिए थे। अब दोबारा फड़-ठेले लगने और सवारी वाहन खड़ होने से जाम लगने के कारण मरीजों और अन्य को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के गेट नंबर दो के बाहर भी ई-रिक्शा खड़े होने से अक्सर जाम की समस्या रहती है। वहीं नैनीताल रोड पर रोडवेज से लेकर मंगलपड़ाव तक रुक-रुककर जाम लगता रहा। नैनीताल रोड पर सड़क किनारे वाहन खड़े होने जाम की समस्या रही।

## स्मैक, चरस और शराब के साथ नौ गिरफ्तार

हल्द्वानी/चोरगलिया, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में नौ लोगों को स्मैक, चरस और अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

हल्द्वानी कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े अनूप जायसवाल से 1104 देसी और अंग्रेजी शराब के 42 पौव्वे बरामद हुए। वहीं मंडी चौकी पुलिस ने बनभूलपुरा निवासी मुन्ना लाल को गिरफ्तार कर देसी शराब के 546 पौव्वे पकड़े हैं। बनभूलपुरा पुलिस ने राजपुरा निवासी बुद्ध वाल्मीकि से देसी शराब के 96 पौव्वे बरामद किए हैं। गांधीनगर वार्ड 27 निवासी सोनू सागर से 22.30 ग्राम स्मैक पकड़ी है। चोरगलिया पुलिस ने अपने क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए रामपुर रोड स्थित मानपुरा निवासी किशन कश्यप से 200 ग्राम, पीलीभीत निवासी सुमित गंगवार से 300 ग्राम चरस पकड़ी। वहीं मुखानी पुलिस ने बबियाड़ मुक्तेश्वर निवासी गणेश पोखरिया को 96 पौव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। इधर भीमताल पुलिस ने सांगुड़ी निवासी अजय कुमार को गिरफ्तार कर उसके पास से 96 पौव्वे देसी शराब जब्त की। साथ ही कालाढूंगी पुलिस के हत्थे चढ़े गोबरा बाजपुर निवासी बिट्टू सिंह से 150 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। सभी नौ आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लोकसभा चुनाव से पहले ओपीएस की मांग कर रहे कर्मचारियों के बदले सुर

अल्मोड़ा, एजेंसी। इस बार लोकसभा चुनाव में पुरानी पेंशन की मांग कर रहे कर्मचारियों के सुर बदले हुए हैं। वह किसी भी दल के झांसे में आने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। प्रदेश में करीब 92 हजार कर्मचारी है जो पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। यह कर्मचारी बीते कई वर्षों से आंदोलनरत है।

चुनाव को लेकर अब कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर बोलने लगे हैं। उनका साफ कहना है कि चुनाव में खड़े जो दल पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा को अपने पत्र में शामिल नहीं करता तो प्रदेश के कर्मचारी उनको वोट नहीं करेंगे। उनके परिवारजन भी उसी पार्टी को वोट करेंगे जो उनकी बातें सुनेगा। इसके लिए बकायदा उन्होंने पोस्टर भी जारी किया है। पोस्टर के जरिए वह बहाली मंच भी सक्रिय हो गया है। 92 हजार कर्मचारियों में से करीब छह हजार कर्मचारियों को नई सरकार में नियुक्ति मिली है। संगठन ने कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए बकायदा पोस्टर निकाल अंदरखाने प्रचार भी करना शुरू कर दिया है।

सबसे पहले इसकी शुरुआत कर्मचारी अपने घर से कर रहे है। कर्मचारियों की अंदरखाने की तैयारी व खामोशी किसी भी दल के सियासी समीकरण को बिगाड़ सकती है। अब राष्ट्रीय दलों के घोषणा पत्र का इंतजार है।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी एकजुट है। उन्होंने अपने मोबाइल के स्टेटस में वोट फार ओपीएस का लोगो लगाया हुआ था। चुनाव के दौरान कर्मचारी आंदोलन तो नहीं कर सकते है। लेकिन उन्होंने अपनी मंशा जाहिर कर दी है। ओपीएस से जुड़े हजारों कर्मचारी इंटरनेट मीडिया के माध्यम से मांगों को रख रहे हैं।

पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस में सरकार वर्ष 2004 से पहले कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद एक निश्चित पेंशन देती थी। यह पेंशन कर्मचारी के रिटायरमेंट के समय उनके वेतन पर आधारित होती थी।

इस स्कीम में रिटायर हुए कर्मचारी की मौत के बाद उनके स्वजनों को भी पेंशन दी जाती थी। यह बंद कर राष्ट्रीय पेंशन योजना शुरू कर दी है। जिसके बाद यह सुविधा बंद हो गयी। नई योजना पेंशन-कम-इंवेस्टमेंट योजना है। जिसके जरिए आपको रिटारमेंट के लिए बचत करनी होगी।




अपने कर्मचारियों एकजुट करने की अपील कर रहे

लोकसभा चुनावों के दौरान पुरानी पेंशन

Aspire & Innovative improving lives

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

# ASPIRE & INNOVATIVE ADVERTISING LIMITED

Our Company was originally incorporated as "Aspire & Innovative Advertising Private Limited" on July 31, 2017 under the provisions of the Companies Act, 2013 with the Registrar of Companies, Central Registration Centre with CIN U52601DL2017PTC321445. Subsequently, pursuant to Special Resolution passed by the Shareholders at the Extra Ordinary General Meeting, held on December 04, 2023 our Company was converted into a Public Limited Company and consequently the name of our Company was changed from "Aspire & Innovative Advertising Private Limited" to "Aspire & Innovative Advertising Limited" vide a fresh certificate of incorporation consequent upon conversion from private company to public company dated December 12, 2023 issued by the Registrar of Companies, Delhi, bearing CIN U52601DL2017PLC321445. For further details of Incorporation, change of name and registered office of our Company, please refer to chapter titled ***"History and Corporate Structure"*** beginning on page 118 of the Prospectus

**Registered Office:** C-4 Baldev Park, Shahdara, East Delhi-110051, Delhi, India. **Corporate Office:** Plot No. 52, Sector-44, Gurugram – 122003, Haryana, India.
**Tel No:** +91-124-2213055; **E-mail:** cs@aspireinnovate.in; **Website:** www.aspireinnovate.in;
**Contact Person:** Rakesh, Company Secretary & Compliance Officer, **CIN:** U52601DL2017PLC321445

## OUR PROMOTERS: NITESH AGARWALLA AND RINKU AGARWALLA

**"THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NSE (NSE EMERGE)."**

We are engaged in business of trading of wide range of consumer durables like kitchen appliances, home appliances, white goods, mobile phones and its accessories, solar products etc.

## BASIS OF ALLOTMENT

INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 40,68,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF ASPIRE & INNOVATIVE ADVERTISING LIMITED ("OUR COMPANY" OR "AIAL" OR "THE ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹54 PER EQUITY SHARE (INCLUDING SHARE PREMIUM OF ₹44 PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹2196.72 LAKHS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 2,04,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹54 PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹110.16 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 38,64,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹54 PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UPTO ₹2086.56 LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.80% AND 25.46% RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

**THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE IS RS.10 AND ISSUE PRICE IS RS. 54 THE ISSUE PRICE IS 5.4 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARE**
**ANCHOR INVESTOR ISSUE PRICE: RS. 54 PER EQUITY SHARE THE ISSUE PRICE IS 5.4 TIMES OF THE FACE VALUE**

**BID/ ISSUE PERIOD**

**ANCHOR INVESTOR BIDDING DATE WAS: FRIDAY, MARCH 22, 2024**
**BID / ISSUE OPENED ON: TUESDAY, MARCH 26, 2024**
**BID / ISSUE CLOSED ON: THURSDAY, MARCH 28, 2024**

## RISKS TO INVESTORS:

a) We are dependent upon third parties for trading and supply of all of the products we sell, with whom we may not have long term contracts or exclusive supply arrangements. Any delay or failure on the part of such vendors to deliver products, may adversely affect our business, profitability and reputation.
b) Our historical performance is not indicative of our future growth or financial results and we may not be able to sustain our historical growth rates.
c) The Merchant Banker associated with the Issue has handled 42 public issue in the past three years out of which 2 Issue closed below the Issue Price on listing date.
d) Average cost of acquisition of Equity Shares held by the Individual Promoter is

| Sr. No. | Name of the Promoters | Average cost of Acquisition (in ₹) |
|---|---|---|
| 1. | Nitesh Agarwalla | 0.12 |
| 2. | Rinku Agarwalla | 1.53 |

and the Issue Price at the upper end of the Price Band is Rs. 54 per Equity Share.

e) The Price/ Earnings ratio based on Diluted EPS for Fiscal 2023 for the company at the upper end of the Price Band is 11.30
f) Weighted Average Return on Net worth for Fiscals 2021, 2022, 2023 is 38.68%.
g) The Weighted average cost of acquisition of all Equity Shares transacted in the last 1 year, 18 months and 3 years from the date of Prospectus is as given below:

| Period | Weighted Average Cost of Acquisition (in Rs.) | Upper end of the Price Band (Rs. 54) is "X" times the weighted Average cost of Acquisition | Range of acquisition price: Lowest Price – Highest Price (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| Last 1 year | 0.30 | 180.00 | 0-20 |
| Last 18 months | 0.29 | 186.21 | 0-20 |
| Last 3 years | 0.81 | 66.67 | 0-61.44 |

h) The Weighted average cost of acquisition compared to floor price and cap price

| Types of transactions | Weighted average cost of acquisition (₹ per Equity Shares) | Floor price (i.e. ₹ 51) | Cap price (i.e. ₹ 54) |
|---|---|---|---|
| Weighted average cost of acquisition of primary Issuance (exceeding 5% of the pre Issue Capital) | NA^ | NA^ | NA^ |
| Weighted average cost of acquisition for secondary sale / acquisition (exceeding 5% of the pre Issue Capital) | NA^^ | NA^^ | NA^^ |
| Weighted average cost of acquisition of past primary issuances / secondary in last 3 years | 20.00 | 2.55 times | 2.70 times |

*Note:*
*^There were no primary/ new issue of shares (equity/ convertible securities) as mentioned in paragraph 8(a) above, in last 18 months from the date of the Prospectus.*
*^^There were no secondary transactions as mentioned in paragraph 8(b) above, in last 18 months from the date of the Prospectus.*

## PROPOSED LISTING: WEDNESDAY, APRIL 03, 2024*

The Issue was being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations, as amended, wherein not more than 50% of the Net Issue was available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs", the "QIB Portion"), Our Company in consultation with the Book Running Lead Manager has allocated upto 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations ("Anchor Investor Portion"). Further, not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Issue was made available for allocation to Retail Individual Bidders in accordance with the SEBI (ICDR) Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) were required to mandatorily utilise the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of RIBs using the UPI Mechanism, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors were not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, see ***"Issue Procedure"*** beginning on page 231 of the Prospectus.
The investors are advised to refer to the Prospectus for the full text of the Disclaimer clause pertaining to NSE. For the purpose of this Issue, the Designated Stock Exchange will be the National Stock Exchange of India Limited. The trading is proposed to be commenced on or before Wednesday, April 03, 2024*
*Subject to the receipt of listing and trading approval from the NSE (NSE Emerge).

## SUBSCRIPTION DETAILS

The bidding for Anchor Investors opened and closed on Friday, March 22, 2024. The Company received 6 Anchor Investors applications for 22,32,000 Equity Shares. The Anchor Investor Allocation price was finalized at Rs. 54/- per Equity Share. A total of 11,56,000 Equity Shares were allotted under the Anchor Investors portion aggregating to Rs. 6,24,24,000/-.
The Issue (excluding Anchor Investors Portion) received 19,923 Applications for 5,73,76,000 Equity Shares (after considering invalid bids but before Other than RC10 Transaction declined by Investors, RC10 Mandate not accepted by Investors and Withdrawal/ Cancelled Bids reported by SCSB and technical rejections) resulting 14.03 times subscription (including reserved portion of market maker and excluding anchor investor portion). The details of the Applications received in the Issue from various categories are as under (before technical rejections):

**Detail of the Valid Applications Received (excluding Anchor Investors Portion):**

| Sr. No. | Category | Number of Valid Applications | No. of Equity Shares applied | Equity Shares Reserved as per Prospectus | No. of times Subscribed | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Market Maker | 1 | 204000 | 204000 | 1.00 | 11016000 |
| 2 | QIB (excluding Anchor investor portion) | 5 | 4012000 | 774000 | 5.18 | 41796000 |
| 3 | Non Institutional Investor | 907 | 14778000 | 580000 | 25.48 | 31320000 |
| 4 | Retail Individual Investors | 10932 | 21864000 | 1354000 | 16.15 | 73116000 |
| | **TOTAL** | **11845** | **40858000** | **2912000** | | **157248000** |

**Final Demand:**
A summary of the final demand as per NSE as on the Bid/ Issue Closing Date at different Bid prices is as under:

| Sr. No. | Bid Price | Bids Quantity | % of Total | Cumulative Total | % Cumulative Total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 51 | 202000 | 0.35 | 202000 | 0.35 |
| 2 | 52 | 108000 | 0.19 | 310000 | 0.54 |
| 3 | 53 | 80000 | 0.14 | 390000 | 0.68 |
| 4 | 54 | 40820000 | 70.66 | 41210000 | 71.33 |
| 5 | Cut off Price | 16562000 | 28.67 | 57772000 | 100.00 |
| | **TOTAL** | **57772000** | **100.00** | | |

The Basis of Allotment was finalized in consultation with the Designated Stock Exchange, being National Stock Exchange of India Limited (NSE Emerge) on April 1, 2024.

**1) Allotment to Retail Individual Investors (After Technical Rejections):**
The Basis of Allotment to the Retail Individual Investors, who have Bid at cut-off Price or at or above the Issue Price of Rs. 54 per Equity Share, was finalized in consultation with NSE. The category has been subscribed to the extent of 16.15 times. The total number of Equity Shares Allotted in this category is 13,54,000 Equity Shares to 677 successful applicants. The details of the Basis of Allotment of the said category are as under:

| No. of Shares Applied for (Category wise) | No. of Applications Received | % of Total | Total No. of Shares Applied | % to Total | No. of Equity Shares Allotted per Applicant | Ratio | Total No. of Shares Allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2000 | 10932 | 100.00 | 21864000 | 100.00 | 2000 | 6:97 | 1354000 |

**2) Allotment to Non-Institutional Investors (After Technical Rejections):**
The Basis of Allotment to the Non-Institutional Investors, who have bid at the Issue Price of Rs. 54 or above per Equity Share was finalized in consultation with NSE. The category has been subscribed to the extent of 25.48 times (after technical rejection). The total number of Equity Shares Allotted in this category is 5,80,000 Equity Shares to 211 successful applicants. The details of the Basis of Allotment of the said category are as under (Sample Basis):

| No. of Shares applied for (Category wise) | Number of applications received | % of Total | Total No. of Shares applied in each category | % to Total | No of Equity Shares allotted per applicant | Ration of allottees to applicants | Total No. of shares allocated/allotted |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4000 | 449 | 49.5 | 1796000 | 12.15 | 2000 | 35:449 | 70000 |
| 6000 | 72 | 7.93 | 432000 | 2.92 | 2000 | 1:9 | 16000 |
| 8000 | 82 | 9.04 | 656000 | 4.43 | 2000 | 13:82 | 26000 |
| 10000 | 50 | 5.51 | 500000 | 3.38 | 2000 | 1:5 | 20000 |
| 12000 | 15 | 1.65 | 180000 | 1.21 | 2000 | 4:15 | 8000 |
| 14000 | 19 | 2.09 | 266000 | 1.79 | 2000 | 5:19 | 10000 |
| 48000 | 6 | 0.66 | 288000 | 1.94 | 2000 | 1:1 | 12000 |
| 50000 | 4 | 0.44 | 200000 | 1.35 | 2000 | 1:1 | 8000 |
| 52000 | 1 | 0.11 | 52000 | 0.35 | 2000 | 1:1 | 2000 |
| 54000 | 2 | 0.22 | 108000 | 0.73 | 2000 | 1:1 | 4000 |
| 56000 | 1 | 0.11 | 56000 | 0.37 | 2000 | 1:1 | 2000 |
| 58000 | 2 | 0.22 | 116000 | 0.78 | 2000 | 1:1 | 4000 |
| 100000 | 3 | 0.33 | 300000 | 2.03 | 4000 | 1:1 | 12000 |
| 104000 | 1 | 0.11 | 104000 | 0.7 | 4000 | 1:1 | 4000 |
| 112000 | 1 | 0.11 | 112000 | 0.75 | 4000 | 1:1 | 4000 |
| 114000 | 1 | 0.11 | 114000 | 0.77 | 4000 | 1:1 | 4000 |
| 120000 | 2 | 0.22 | 240000 | 1.62 | 4000 | 1:1 | 8000 |
| 120000 | 2000 additional shares allocated for serial no 46 in the ratio of 1:2 | | | | 2000 | 1:2 | 2000 |
| 280000 | 1 | 0.11 | 280000 | 1.89 | 10000 | 1:1 | 10000 |
| 288000 | 1 | 0.11 | 288000 | 1.94 | 12000 | 1:1 | 12000 |
| 400000 | 1 | 0.11 | 400000 | 2.7 | 16000 | 1:1 | 16000 |
| 460000 | 1 | 0.11 | 460000 | 3.11 | 18000 | 1:1 | 18000 |
| 646000 | 1 | 0.11 | 646000 | 4.37 | 26000 | 1:1 | 26000 |

**3) Allotment to QIBs excluding Anchor Investors (After Technical Rejections):**
Allotment to QIBs, who have bid at the Issue Price of Rs. 54 or above per Equity Share has been done on a proportionate basis in consultation with NSE. This category has been subscribed to the extent of 5.18 times of QIB portion. The total number of Equity Shares allotted in the QIB category is 7,74,000 Equity Shares, which were allotted to 5 successful Applicants.

| CATEGORY | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FPI | VC'S | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| QIB | - | - | - | 3,28,000 | - | 4,46,000 | - | **7,74,000** |

**4) Allotment to Anchor Investors (After Technical Rejections):**
The Company in consultation with the BRLM has allocated 11,56,000 Equity Shares to 5 Anchor Investors at the Anchor Investor Issue Price of Rs. 54 per Equity Shares in accordance with the SEBI (ICDR) Regulations. This represents upto 60% of the QIB Category.

| CATEGORY | FIS/BANKS | MF'S | IC'S | NBFC'S | AIF | FPI | OTHERS | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ANCHOR | - | - | - | 4,72,000 | - | 6,84,000 | - | **11,56,000** |

The Board of Directors of our Company at its meeting held on April 01, 2024 has taken on record the basis of allotment of Equity Shares approved by the Designated Stock Exchange, being NSE and has allotted the Equity Shares to various successful applicants. The Allotment Advice Cum Refund Intimation will be dispatched to the address of the investors as registered with the depositories. Further, instructions to the SCSBs have been dispatched / mailed for unblocking of funds and transfer to the Public Issue Account on or before April 02, 2024. In case the same is not received within ten days, Investors may contact the Registrar to the Issue at the address given below. The Equity Shares allotted to the successful allottees shall be uploaded on April 02, 2024 for credit into the respective beneficiary accounts subject to validation of the account details with the depositories concerned. The Company is in the process of obtaining the listing and trading approval from NSE and the trading of the Equity Shares is expected to commence trading on April 03, 2024.
**Note:** All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus dated March 29, 2024 filed with the Registrar of Companies, Delhi ("RoC").

### INVESTORS, PLEASE NOTE

**The details of the allotment made has been hosted on the website of the Registrar to the Issue, Bigshare Services Private Limited at website: www.bigshareonline.com**
**TRACK RECORD OF BOOK RUNNING LEAD MANAGER:** The Merchant Banker associated with the Issue has handled 42 SME Public Issues in the past three years out of which 2 SME Public Issue was closed below the Issue Price on listing date.

All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Issue quoting full name of the First/ Sole Bidder Serial number of the ASBA form, number of Equity Shares bid for, Bidder DP ID, Client ID, PAN, date of submission of the Bid cum Application Form, address of the Bidder, the name and address of the Designated Intermediary where the Bid cum Application Form was submitted by the Bidder and copy of the Acknowledgment Slip received from the Designated Intermediary and payment details at the address given below:

**Bigshare Services Private Limited**
**Address:** S6-2, 6th Floor, Pinnacle Business Park, Next to Ahura Centre, Mahakali Caves Road, Andheri (East) Mumbai – 400093, Maharashtra, India.
**Tel No:** +91 22 6263 8200 ; **Email:** ipo@bigshareonline.com ;
**Investor Grievance Email:** investor@bigshareonline.com ; **Website:** www.bigshareonline.com ;
**Contact Person:** Babu Rapheal C.; **SEBI Reg. No.:** MB/INR000001385 ; **CIN:** U99999MH1994PTC076534

**On behalf of Board of Directors**
**Aspire & Innovative Advertising Limited**
**Sd/-**
**Rakesh**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place:** Delhi
**Date:** April 02, 2024

**THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF ASPIRE & INNOVATIVE ADVERTISING LIMITED**
**Disclaimer:** Aspire & Innovative Advertising Limited has filed the Prospectus with the RoC on March 29, 2024 and thereafter with SEBI and the Stock Exchange. The Prospectus is available on the website of the BRLM, Hem Securities Limited at www.hemsecurities.com and the Company at: www.aspireinnovate.in, and shall also be available on the website of the NSE and SEBI. Investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please see ***"Risk Factors"*** beginning on page 24 of the Prospectus. The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the ***"Securities Act"***) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. state securities laws. The Equity Shares are being Issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such Issues and sales are made. There will be no public Issuing in the United States.

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



# रामलीला मैदान में हुई रैली ने भारतीय जनता पार्टी की नींद उड़ा दी है : भारद्वाज

- देश की सभी विपक्षी पार्टियों के शीर्ष नेताओं को एक मंच पर देखकर भारतीय जनता पार्टी के होश उड़ गए हैं : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई महारैली के आयोजन से पहले मीडिया में और दिल्ली की जनता के मन में एक प्रश्न था, कि जहां मनी सिसोदिया जी, संजय सिंह जी, सत्येंद्र जैन जी पहले से ही जेल में बंद है और उसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है तो क्या अब लोग इस रैली में आएंगे? क्या दिल्ली की जनता का विश्वास अब भी आम आदमी पार्टी पर बरकरार है? क्या आम आदमी पार्टी का संगठन अब भी उसी दृढ़ता के साथ खड़ा हुआ है या चरमरा कर गिर गया है कसौरभ भारद्वाज ने कहा कि 31 मार्च की रामलीला मैदान की रैली से पहले जनता के मन में यह प्रश्न उठाना स्वाभाविक था, परंतु 31 मार्च को रामलीला मैदान की रैली में जो जन सैलाब आया उसे देखकर भारतीय जनता पार्टी की नींद उड़ गई क सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमारी पार्टी के सभी बड़े-बड़े नेता जेल में है ऐसे में रामलीला मैदान की इस महारैली में देश की सभी विपक्षी पार्टियों के इतने बड़े-बड़े नेताओं का एक मंच पर एक साथ आ जाना भारतीय जनता पार्टी की नींद उड़ा देने वाली घटना है कउन्होंने कहा कि जब हमारे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ्तार किया गया तो हमने इस रैली का आयोजन रखा और इन सभी बड़े-बड़े नेताओं को रैली में आने के लिए निमंत्रण भेजा क उन्होंने बताया कि इन बड़े-बड़े नेताओं के फोन नंबर भी हमारे पास नहीं थे, परंतु इधर-उधर से फोन नंबर का पता लगाकर इन सभी बड़े नेताओं से बात की गई और सभी विपक्षी पार्टियों के बड़े नेताओं ने एक सुर में हमें आश्वासन दिया कि अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी द्वारा की जा रही इस महारैली में वह सभी लोग जरूर शामिल होंगे क सौरभ भारद्वाज ने कहा की 31 मार्च की महारैली में विपक्षी पार्टियों की इस एकजुट को देख और उस रैली में आए जन सैलाब को देख भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की नींद उड़ गई है क भाजपा को लग रहा था कि आम आदमी पार्टी के सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया है, अब पार्टी खत्म हो गई है कपरंतु 31 मार्च की रैली में इतने बड़े जन सैलाब और विपक्षी पार्टियों की एकजुट को देखकर भाजपा की नींद इसलिए उड़ गई है, कि इतना कुछ करने के बावजूद, आम आदमी पार्टी के सभी बड़े नेताओं को जेल में डाल देने के बावजूद भी आम आदमी पार्टी उसी प्रकार से दृढ़ता के साथ खड़ी हुई है उन्होंने कहा कि आज इस देश की जनता डरी हुई है, यह एक बहुत बड़ी चिंता की बात है कपरंतु भारतीय जनता पार्टी को इस महारैली के बाद एक बात का आभास बहुत अच्छी तरीके से हो गया है, कि इस देश की जनता बोलने से तो डर रही है, लेकिन वोट देने से नहीं डरेगी कसौरभ भारद्वाज ने कहा कि एक अंग्रेजों का राज था जब वह भारत के लोगों को डराकर धमकाकर उन्हें जेल का डर दिखाकर भारत पर शासन किया करते थे और भारत की जनता अंग्रेजों के सामने कुछ भी बोलने से और अपनी बात रखने से डरती थी, आज लगभग लगभग वही वातावरण भारतीय जनता पार्टी के शासन में इस देश में दिखाई दे रहा है कजो कोई भी भाजपा के खिलाफ बोलता है, भारतीय जनता पार्टी शासित केंद्र सरकार के सामने कोई प्रश्न रखता है, उसको गिरफ्तार कर लिया जाता है, डराया धमकाया जाता है

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी का उदाहरण देते हुए सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि आज हमारी पार्टी की नेता आतिशी को उनके एक करीबी रिश्तेदार के द्वारा भारतीय जनता पार्टी यह मैसेज भिजवा रही है, कि यदि आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाओगे तो आपका भविष्य सुधार देंगे अन्यथा एक महीने के अंदर आपको जेल में डाल दिया जाएगा क उन्होंने कहा कि यह धमकी अकेले आम आदमी पार्टी के नेताओं को नहीं दी जा रही है, इस प्रकार की धमकियों के साक्ष्य आपको महाराष्ट्र से लेकर असम तक हर जगह देखने को मिल रहे हैं कउन्होंने कहा कि जिस किसी ने भी भारतीय जनता पार्टी की बात मान ली आज वह भाजपा में मंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद आदि पदों पर बैठे हैं और जिन लोगों ने भाजपा की बात नहीं मानी उनको झूठे केस में फंसा कर जेल में भेज दिया गया क

सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, कि जब आम आदमी पार्टी के चार बड़े नेताओं को जेल में बंद कर दिया है

# डॉ. विपिन कुमार को थाईलैंड और कम्बोडिया में हिंदी की पताका फहराने का अवसर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




विदित हो कि विश्व प्रसिद्ध हिंदी सेवी डॉ. विपिन कुमार को थाईलैंड और कम्बोडिया में 2- 8 अप्रैल तक हिंदी की पताका फहराने का अवसर मिलेगा। डॉ. विपिन कुमार अपने यात्रा के दौरान दो देशों की यात्रा करेंगे ,पहले बैंकॉक -थाईलैंड एवं उसके पश्चात कम्बोडिया में हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार के साथ ही सांस्कृतिक संबंधों की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे ।विदित हो 50 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के वरिष्ठ प्रचारक माननीय श्री इंद्रेश जी करेंगे । पूरे प्रतिनिधिमंडल का समन्वय पंचमधाम के सचिव श्री शैलेश वत्स द्वारा किया जा रहा है । इससे पहले भी डॉ. विपिन कुमार ने भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में विश्व हिंदी सम्मेलन मॉरीशस और फिजी में भाग लिया है और साथ ही वियतनाम में उन्हें जनवरी 2024 में वियतनाम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया था।डॉ. विपिन कुमार का समर्पण हिन्दी भाषा और भारतीय संस्कृति के साथ ही विश्व में हिंदी भाषा और सांस्कृतिक समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया है। डॉ. कुमार ने हिन्दी भाषा और साहित्य पर कई पुस्तकों का लेखन किया है, जैसे हिन्दी और समाज, सब का साथ, सबका विकासह्व इत्यादि।यह अवसर हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने और हिन्दी भाषा को विश्व स्तर पर एक प्रमुख भाषा के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा।

# 10 लाख में दो नेपाली नागरिक को बनाया भारतीय

- फर्जी डॉक्यूमेंट पर कंबोडिया भेजने की कोशिश, आईजीआई पर खुली पोल
- नेपाली ने भारत का बनाया वीजा जिससे विदेश में सैलरी हो जाए डबल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आईजीआई एयरपोर्ट की पुलिस टीम ने वेस्ट बंगाल के दो एजेंट को गिरफ्तार किया है। जो नेपाल के रहने वाले दो नागरिकों का फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड और अन्य डॉक्यूमेंट बनाकर कंबोडिया भेज रहे थे। लेकिन एयरपोर्ट पर गड़बड़झाला का पोल खुल गया और दोनों को आईजीआई एयरपोर्ट पर पकड़ लिया गया। वह दोनों पिछले साल बॉर्डर क्रॉस करके भारत आए थे।

गिरफ्तार एजेंटों की पहचान सुभान सुभ और अनिल लामा तमांग के रूप में हुई है। यह दोनों वेस्ट बंगाल के दार्जिलिंग के रहने वाले हैं। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनी ने बताया कि 25 26 मार्च की रात दो लोग दिनेश सुब्बा और श्याम सुब्बा को आईजीआई एयरपोर्ट पर डॉक्यूमेंट जांच के दौरान पकड़ा गया था। यह लोग बैंकॉक होते हैं कंबोडिया जा रहे थे। डॉक्यूमेंट जांच में पता चला कि यह दोनों नेपाल के रहने वाले नागरिक हैं और इन्होंने भारत का वीजा फर्जी तरीके से लिया था। फिर पुलिस टीम ने एफआईआर दर्ज की और जांच शुरू की। इनसे पूछताछ हुई तो इनके ओरिजिनल नाम के बारे में जानकारी मिल गई। इन्होंने पुलिस को बताया कि अच्छी लाइफ के लिए यह लोग विदेश में सेटल होना चाहते थे। एक दोस्त के जरिए यह पश्चिम बंगाल के रहने वाले एजेंट के संपर्क में आए। पिछले साल यह नेपाल से भारत आए थे बॉर्डर क्रॉस करके। एजेंट ने इन्हें 10 लाख रुपए में सारे डॉक्यूमेंट बनाकर कंबोडिया भेजने का वादा किया था। इन्हें भारत का नागरिक बनकर विदेश इसलिए जाना था, क्योंकि यहां के रहने वाले लोगों की सैलरी नेपाल के रहने वाले लोगों से डेढ़ से दो गुना ज्यादा होता है।

फिर पुलिस टीम ने एयरपोर्ट पकड़े गए उन दो लोगों से पूछताछ के बाद इन फरार एजेंट के बारे में पता लगाना शुरू किया। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से एसीपी वीके पीएस यादव की देखरेख में एसएचओ विजेंद्र राणा की टीम इन्हें दबोचने में कामयाब हुई।

# तिलक नगर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

- चार मोबाइल और दो स्कूटी बरामद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



तिलक नगर थाना की पुलिस टीम ने दो शातिर झपटमारों को गिरफ्तार किया है। उनके रिसीवर साथी को भी पकड़ा है। इनके पास से पुलिस टीम ने चार मोबाइल और दो स्कूटी बरामद किया है, जो वारदात के दौरान उपयोग में लाते थे। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर के अनुसार गिरफ्तार बदमाशों की पहचान अभय उर्फ चीकू और विनेश उर्फ दीपक के रूप में हुई है। जबकि इसके तीसरे साथी की पहचान अंकित उर्फ खांडा के रूप में हुई है। यह तीनों ही दिल्ली के नांगलोई और सुल्तानपुरी इलाके के रहने वाले हैं। इनकी गिरफ्तारी से तिलक नगर और पश्चिम विहार थाना के चार मामलों का खुलासा पुलिस ने किया है।

पुलिस के अनुसार 23 मार्च को स्नेचिंग की वारदात तिलक नगर थाना इलाके में हुई थी। उस मामले में जांच कर रहे एसीपी तिलक नगर सुरेंद्र सिंह राठी की देखरेख में एसएचओ विनीत कुमार पांडे और शमशेर सिंह की टीम ने छानबीन शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों के बारे में पता लगाना शुरू किया और फिर एक-एक करके इन तीन आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हो गई। पूछताछ में पता चला कि यह लोग मोबाइल स्नेचिंग की वारदात करते हैं और आगे रिसीवर को बेच दिया करते हैं।

# मध्य प्रदेश के ढोल बाज गैंग की दो महिला गिरफ्तार

- बैंक और एटीएम मशीन को बनाती थी निशाना
- साऊथ डिस्ट्रिक्ट स्पेशल स्टाफ की टीम ने पकड़ा

बैंक और एटीएम मशीन में पैसे निकालने वाले लोगों को निशाना बनाने वाले मध्यप्रदेश के ढोल बाज गैंग की दो महिला सदस्यों को स्पेशल स्टाफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से 2 लाख 10 हजार कैश भी बरामद हुआ है। यह लोग मध्यप्रदेश से दिल्ली आकर वारदात को अंजाम देते थे। गिरफ्तार महिलाओं की उम्र 40 और 52 साल की है। दोनों राजगढ़ मध्य प्रदेश की रहने वाली है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि मालवीय नगर थाने में 27 मार्च को एक शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज कराया था। वह मालवीय नगर स्थित एक बैंक में थे। तभी किसी ने उनके बैग से ढाई लाख रुपए चोरी कर लिए। उनके शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। फिर सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता चला कि वारदात में मध्यप्रदेश की ढोल बाज गैंग की सदस्य शामिल है। इसके बाद एक अप्रैल को शिवाजी पार्क प्रेस एन्क्लेव रोड के पास से दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से दो लाख 10 हजार कैश भी बरामद हुआ। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह लोग स्लीफ या फार्म भराने के मदद के बहाने बैंक या एटीएम मशीन आने वाले लोगों को अपना निशाना बनाती थी।

# श्याम बाबा की निशान पदयात्रा निकाली गई



- यात्रा में शामिल भक्त हारे का सहारा श्याम हमारा, जय श्री खाटू नरेश, जय श्री श्याम के गर्जना के साथ श्री श्याम के निशान रूपी ध्वज को लहराते हुए चल रहे थे

नई दिल्ली। धर्म नगरी यमुनापार गगन विहार के श्री महाशिवशक्ति मंदिर से सुबह 6 बजे निशान यात्रा 1500 से अधिक क्षेत्रवासियों ने शुरू हुई यात्रा से पूर्व पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल श्री श्याम खाटू धाम के राष्टीय मंत्री महावीर गोयल ने विधि अनुसार पूजन किया पूजन के उपरांत सभी ने श्री श्याम खाटू के चरणों में आहुति देकर यात्रा रवाना किया। यात्रा में शामिल भक्त हारे का सहारा श्याम हमारा, जय श्री खाटू नरेश, जय श्री श्याम के गर्जना के साथ श्री श्याम के निशान रूपी ध्वज को लहराते हुए चल रहे थे यात्रा गगन विहार से शुरू होकर ईस्ट लक्ष्मी मार्केट, बैंक एंक्लेव, मास्टर प्लान रोड, गीता कॉलोनी पुस्ता, मरघट वाले हनुमान मंदिर होते हुए मजनू के टीले सुबह 9 बजे पहुंची जहां सभी भक्तो को नाश्ता करवाया गया जहां से सुबह 10.30 बजे यात्रा पुनः श्री खाटू धाम दिल्ली के लिए रवाना होकर 1 बजे खाटू धाम पहुंची जहां सभी ने भगवान श्री खाटू श्याम जी के चरणों में अपने अपने निशान चढ़ाए। श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा यात्रा में भगवान श्री श्याम खाटू जी की निशान पद यात्रा में आए भक्तो का उत्साह देखने लायक है सभी भक्त लगभग 25 किलोमीटर की पदयात्रा करके खाटू धाम पहुंचेंगे सभी खाटू धाम के चरणों में अपने अपने परिवार की खुशहाली, बच्चो की तरक्की की कामना करेंगे मेरी सभी से प्रार्थना है कि भगवान श्री खाटू जी के चरणों में देश की खुशहाली की कामना करने के साथ साथ यह भी प्रार्थना जरूर करे कि जल्द ही हमारा देश नंबर 1 बने। यात्रा को सफल बनाने में प्रवीण गुप्ता, रविंद्र गर्ग, राजेश बिंदल, विनोद मित्तल, सतीश मित्तल, रमेश गर्ग, राजीव शर्मा, सतपाल गर्ग, खुशी राम मित्तल ने तन मन और धन से सहयोग किया।

# नौटंकी करने में लगे हुए आप नेता: बिधूड़ी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा किए जा रहे प्रलाप को नौटंकी बताया है। उन्होंने कहा है कि आप विधायकों को खरीदने के आरोपों की सच्चाई जनता समझ चुकी है। इस मामले में पुलिस जांच कर रही है लेकिन आप नेता कोई सबूत देने की बजाय नित्य नई झूठी कहानी गढ़ रहे हैं।

बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी को तो झूठों की महारानी कहा जाना चाहिए क्योंकि इस मामले में उन्होंने अपने गुरू अरविंद केजरीवाल को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्हें पता है कि शराब घोटाले में उनकी, उनके साथी मंत्री सौरभ भारद्वाज के साथ-साथ अन्य आप नेताओं की भी भूमिका रही है। उनकी भूमिका के बारे में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी ईडी को पूछताछ में बता दिया है। अब इन नेताओं को भी गिरफ्तारी का डर सता रहा है। इसीलिए वे कह रहे हैं कि उनपर छापेमारी की जाएगी, नोटिस भेजे जाएंगे और गिरफ्तार किया जाएगा। अगर घोटाले में नाम आया है तो फिर कानून अपना काम करेगा ही। इसके लिए किसी और को दोष देने की बजाय ये नेता अपने गिरेबार में झांककर देखें।

बिधूड़ी ने कहा कि आप नेता फिर से घिसा-पिटा आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें खरीदने की कोशिश हो रही है। पिछली बार इसी तरह का आरोप लगाने पर भाजपा ने ही दिल्ली पुलिस से जांच का अनुरोध किया था। पुलिस ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के साथ-साथ आतिशी से भी सबूत मांगे थे लेकिन इन लोगों ने पुलिस को सबूत देने की बजाय फिर से वही आरोप रटने शुरू कर दिए हैं। कमाल की बात यह है कि वे मीडिया में आरोप लगाते हैं लेकिन पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराते। वे यह भी नहीं बताते कि किस नंबर से और किस व्यक्ति ने उन्हें करोड़ों रुपए का ऑफर दिया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता नौटंकी बंद करें क्योंकि उन्होंने जो भ्रष्टाचार किया है, उसका हिसाब तो उन्हें देना ही होगा। इस तरह बेसिरपैर के आरोपों से वे जनता की हमदर्दी लेने की जो कोशिश कर रहे हैं, उसमें उन्हें कभी सफलता नहीं मिलेगी।

# शराब घोटाले में संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से आज पहली बार पार्टी के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है।

दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपी बनाए गए आप सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने आप सांसद को 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

कोर्ट के पूछने पर ईडी ने संजय सिंह की जमानत का विरोध नहीं किया, जिसके बाद अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। अब वह छह महीने बाद जेल से बाहर आएंगे। हालांकि कोर्ट ने उन्हें बेल देते हुए यह भी कहा कि आदेश को नजीर नहीं माना जाएगा।

जमानत से पहले कोर्ट में हुई ये कार्रवाई जमानत देने से पहले आज संजय सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस पीबी वराल ने ईडी के लिए पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को बताया कि क्या ईडी को संजय सिंह की और कस्टडी चाहिए।

पीठ ने ये भी कहा कि सिंह छह महीने से जेल में हैं तो इसे देखते हुए बताइए कि क्या ईडी को उनकी और कस्टडी की जरूरत है। पीठ ने एसवी राजू को ये भी बताया कि संजय सिंह के पास से कोई पैसा नहीं मिला है। उनके ऊपर जो दो करोड़ रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है उसे ट्रायल में भी जांचा जा सकता है।

इससे पहले संजय ने हाईकोर्ट में भी कहा था कि वह महीनों से जेल में हैं और अब तक इस घोटाले में उनकी कोई भूमिका भी सामने नहीं आई है। ऐसे में उन्हें बेल मिलनी चाहिए।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर दो एजेंट गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर पुलिस ने दो एजेंट को गिरफ्तार किया है। ये नेपाली मूल के दो लोगों को भारतीय कागजात के आधार पर बने पासपोर्ट के जरिए कंबोडिया भेजने की फिराक में थे। शातिर एजेंट नकली कागजात पर पहले भारतीय पासपोर्ट बनवाते थे और बाद में उन्हें विदेश भेजते थे। एयरपोर्ट की डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए एजेंट के नाम सुमन सुब्बा और अनिल लामा है। दोनों पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार, 25/ 26 मार्च की मध्य रात्रि को आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने दो यात्री को पकड़ा। इनके नाम दिनेश सुब्बा और श्याम सुब्बा है। यह दोनों ही नेपाली मूल के थे, लेकिन उनके पास भारतीय पासपोर्ट थे और वह बैंकॉक के रास्ते कंबोडिया जाने की योजना बना रहे थे। जब पुलिस टीम को शक हुआ तो उनके क्रैडेंशियल्स और यात्रा डॉक्यूमेंट की जांच की गई। तब दोनों नेपाली नागरिक पाए गए। दोनों ने पूछताछ में बताया कि उन्हें भारतीय पासपोर्ट उपलब्ध कराया गया। इसके बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

दोनों यात्रियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह अपने बेहतर जीवन के लिए विदेश जाना चाहते थे, लेकिन इसके लिए उन्हें नेपाली पासपोर्ट पर अगर विदेश भेजा जाता तो उन्हें अच्छे पैसे नहीं मिलते। इसलिए उन्हें किसी ने सलाह दी कि भारतीय पासपोर्ट पर विदेश जाने से कंबोडिया में अच्छे पैसे की कमाई की जा सकती है। इसके बाद सुमन ने 10 लख रुपए मांगे। इसके बदले भारतीय पासपोर्ट बनवाकर कंबोडिया भेजने का आश्वासन दिया।

# सुनीता केजरीवाल से मिलकर बोले आप विधायक, हम केजरीवाल के साथ, जेल से चलाएं सरकार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों और मंत्रियों ने मंगलवार को सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। सीएम की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से एक साथ विधायकों की यह पहली मुलाकात है। सीएम आवास पर मुलाकात के दौरान सभी विधायकों ने उन्हें भरोसा दिया कि वो सभी अरविंद केजरीवाल के साथ एकजुट खड़े है। दिल्ली की दो करोड़ जनता भी उनके साथ है। इसलिए उनको मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देना चाहिए। भाजपा तो चाहती है कि सीएम केजरीवाल इस्तीफा दें। इसके लिए भाजपा कैंपेन भी चलाएगी, लेकिन जब वो इस्तीफा दे देंगे तो यही भाजपा कहेगी कि वो भाग गए। अरविंद केजरीवाल दिल्ली के सीएम थे, हैं और आगे भी रहेंगे। सुनीता केजरीवाल विधायकों का यह संदेश अरविंद केजरीवाल तक पहुंचएंगी। उन्होंने कहा कि जेल से सीएम अरविंद केजरीवाल ने आप के सभी कार्यकताओं और समर्थकों को संदेश भेजा है कि मेरी चिंता न करें। मैं ठीक हूं, मजबूत हूं और मेरे इरादे पहले से ज्यादा मजबूत हैं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से कई विधायक अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलना चाहते थे, लेकिन परिस्थितियां ठीक नहीं थीं। केवल कुछ लोग ही उनसे मिल पा रहे थे। सभी केंद्र सरकार के खिलाफ लगातार धरना प्रदर्शन में व्यस्त थे। इसके बाद सभी विधायक 31 मार्च को रामलीला मैदान में आयोजित महारैली की तैयारियों में लग गए। इसलिए मंगलवार को आम आदमी पार्टी के सभी विधायक सीएम आवास पर सुनीता केजरीवाल से मुलाकात करने आए थे। उन्होंने बताया कि करीब दो दर्जन विधायकों ने अपनी बात सुनीत केजरीवाल के सामने रखी। विधायकों ने उनसे कहा कि बीजेपी बहुत दबाव बनाएगी, अलग-अलग तर्क-कुतर्क दिए जाएंगे कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दें। भाजपा की तरफ से एक पूरा कैंपेन चलाया जाएगा कि वो अपने पद से इस्तीफा दें। जिस तरह से लोकपाल बिल के समय पर जब वो पास नहीं हो पाया था, तब सीएम पर इस्तीफे का दबाव बनाया गया था। जब उन्होंने इस्तीफा दे दिया तो कहा गया कि वो भाग गए। बीजेपी की यह पॉलिसी है कि इस्तीफा लेने के लिए एक जाल बिछाया जाए।

आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अब जब केवल सुनीता केजरीवाल ही जेल में सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर पाएंगी। सुनीता केजरीवाल ही पार्टी का संदेश सीएम केजरीवाल के पास पहुंचा सकती हैं और उनका संदेश पार्टी को दे सकती हैं। इसलिए सभी विधायकों ने उनसे कहा कि जब भी आपकी सीएम से मुलाकात हो या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात हो तो आप हम सभी विधायकों का संदेश उन तक पहुंचाएं कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, हैं और आगे भी वहीं मुख्यमंत्री रहेंगे। सभी लोगों ने उनसे ये बात स्पष्ट तौर पर कही है। उन्होंने बताया कि सुनीता केजरीवाल ने सीएम अरविंद केजरीवाल का संदेश सभी विधायकों को दिया, जिसमें सीएम ने कहा है कि उन्हें इस बात पर बहुत गर्व है कि उनके जाने के बाद भी उनके विधायकों, पार्षदों और संगठन के लोगों ने मिलकर रामलीला मैदान में इतनी बड़ी रैली का आयोजन किया। जिसमें लाखों की संख्या में लोग शामिल हुए। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये बात हम सबको समझ आ रही है कि जब तक वो जेल में रहेंगे, बीजेपी के लिए मुश्किलें और बढ़ती जाएंगी। विधायकों ने सुनीता केजरीवाल से सीएम के स्वास्थ्य के बारे में भी पूछा। जिसपर पर सीएम ने कहा है कि विधायक मेरी चिंता न करें, मैं ठीक हूं, मजबूत हूं और मेरे इरादे पहले से भी ज्यादा मजबूत हैं। अगली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वो सीएम अरविंद केजरीवाल को विधायकों के संदेश देंगी। मीडिया के सवालों पर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एक बहुत पुरानी कहावत है कि जब गांव में दही से मक्खन निकाला जाता था तो मां उसको हांडी में बांध देती थी कि बच्चे उसमें से मक्खन न निकाल लें।

## तेज रफ्तार मर्सिडीज दुकान में घुसी, पांच घायल

नई दिल्ली। सिविल लाइंस इलाके में रविवार दोपहर तेज रफ्तार मर्सिडीज कार एक दुकान में घुस गई। इसमें दुकान के बाहर खड़े पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया। राजपुर रोड पर चार-पांच कचौड़ी की दुकानें हैं, जहां अक्सर भीड़ रहती है। दुकानदारों ने फुटपाथ पर भी कब्जा किया हुआ है। डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि रविवार करीब तीन बजे दुकानों पर सामान्य भीड़ थी। तभी सफेद रंग की कार फुटपाथ पर चढ़ते हुए दुकान के बाहरी हिस्से में घुस गई। इस दौरान वहां खड़े लोग घायल हो गए। गनीमत रही कि कोई कार के नीचे नहीं आया। चालक ने खुद ही कार पीछे की, फिर लोगों ने उसे घेरकर पुलिस को सूचना दी। चालक की पहचान नोएडा निवासी पराग मैनी के तौर पर हुई है। वह पेशे से वकील है। चालक के रक्त नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। वहीं, मंगलवार को सोशल मीडिया पर इसकी फुटेज वायरल होने लगी। जांच से जुड़े अधिकारी ने बताया कि चालक भी कचौड़ी खाने के लिए आया था। जब उसने कार स्टार्ट की तब वह गियर में थी, जिसकी वजह से हादसा हो गया। फुटेज में जब कार दुकान में घुसी तो लोगों को कुछ समय के लिए समझ में नहीं आया। इस दौरान एक शख्स अपनी पत्नी के साथ दुकान पर आया था। वह हादसे के बाद पत्नी को नहीं देखकर घबरा गया और उसे बेतहाशा ढूंढ़ने लगा। हालांकि, कुछ ही सेकेंड में पत्नी दुकान के अंदर से आती हुई दिखाई दी।

# आतिशी की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर बीजेपी का पलटवार, कहा- केजरीवाल ने दोनों मंत्रियों का नाम लेकर उन्हें फंसाया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि बीजेपी जल्द आप के चार और बड़े नेताओं को जेल भेजने का प्लान तैयार कर रही है। अब बीजेपी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने आतिशी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को केजरीवाल ने ही नाम लेकर फंसा दिया है। इसलिए अब ईडी इन दोनों से निश्चित तौर पर पूछताछ करेगी और इनको भी कोई बचा नहीं सकता। केजरीवाल के जेल जाने के बाद भी बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच की राजनीति कम होने का नाम नहीं ले रही। मंगलवार को दिल्ली सरकार की पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जिसको लेकर भाजपा ने उन पर निशाना साधा। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा का कहना है कि आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। सिरसा के अनुसार, आतिशी ने वही पुराना राग अलापा है कि मुझे बताया गया है कि बीजेपी आप के चार बड़े नेताओं को जेल भेजने की तैयारी कर रही है सिरसा ने कहा है कि जिसने भी एसा कय भी कहा उसका नाम बता दें लेकिन वह नाम नहीं बता रही है लेकिन जिस तरह से अरविंद केजरीवाल ने अपने दो मंत्रियों का नाम लिया उसके बाद इनको लगता है कि अब यह दोनों ईडी की रडार में आ गए हैं और ईडी इन से भी पूछताछ करने वाली है। सिरसा का कहना है कि अरविंद केजरीवाल ने इन दोनों का नाम लेकर इनको फंसा दिया। अरविंद केजरीवाल के अनुसार विजय नायर को जो भी बात करनी होती थी वह उन्हें नहीं बात कर आतिशी और सौरव भारद्वाज को ही बताते थे उनसे ही सारी बातें शेयर करते थे। सिरसा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने यह बता दिया की विजय नायर ही इस मामले का पूरा सूत्रधार था और सरकारी आवास में रहता था। भाजपा नेता के अनुसार अब सारी बातें साफ हो गई है और उनका कहना है कि आतिशी जी के परिवार का भी शराब घोटाले में लेनदेन में नाम था। सिरसा के अनुसार अब आतिशी यह कह रही हैं कि उन्हें मैसेज मिला है तो भाजपा नेता का कहना है कि जिसने मैसेज भेजा है उसका नाम ही बता दीजिए ताकि ईडी उसी को गिरफ्तार कर ले और उसी से पूछताछ करें ईडी आपसे पूछताछ नहीं करेगी।

सिरसा के अनुसार आपके और आपके साथी के खिलाफ साजिश रचने वाला और कोई नहीं बल्कि अरविंद केजरीवाल है उन्होंने ही आप दोनों को फंसा दिया है और अब ईडी की रडार में आप दोनों हैं आप दोनों से भी ईडी जल्द ही पूछताछ करेगी। सिरसा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने सैकड़ो लोगों की जिंदगी पहले ही बर्बाद की है शराब पॉलिसी लाकर और अब आतिशी और सौरभ भारद्वाज की भी जिंदगी खराब कर दिया।

# वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने किया सनसनीखेज खुलासा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक सनसनीखेज खुलासा किया। आतिशी ने बताया कि, उन्हें भाजपा में शामिल होने का ऑफर आया है। एक बेहद करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। उन्होंने कहा कि, मुझे कहा गया-या तो भाजपा में शामिल हो जाओ, अपना राजनीतिक करियर बचा लो वर्ना महीनेभर में ईडी गिरफ्तार करेगी। मुझे कहा गया है कि, कुछ दिनों में मेरे आवास पर ईडी की रेड की जाएगी, मेरे रिश्तेदारों-परिवार वालों के घर ईडी की रेड होगी, उसके बाद हमें समन भेजे जाएँगे और फिर गिरफ्तार किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि, भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले आप के 4 और नेताओं को गिरफ़्तार करने की तैयारी में है। ये मुझे, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ़्तार करने की तैयारी में है। भाजपा को उम्मीद थी कि अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी के बाद आप टूट जाएगी, बिखर जाएगी क्योंकि आप का सारा शीर्ष नेतृत्व जेल में है। लेकिन रामलीला मैदान की रैली और पिछले 10 दिन से सड़क पर आप के संघर्ष के बाद भाजपा को लगता है कि, इनके शीर्ष 4 नेताओं को गिरफ़्तार करना काफी नहीं था, इसलिए अगले 4 को गिरफ़्तार करेंगे। आतिशी ने कहा कि, हम भाजपा की धमकियों से डरने वाले नहीं है, अरविंद केजरीवाल जी के सिपाही हैं; जबतक आप के हर नेता-कार्यकर्ता में आखिरी साँस बची है, इस देश के संविधान को बचाने के लिए लड़ते रहेंगे। आप नेता आतिशी ने कहा कि, मैं देशभर के लोगों को ये बताना चाहती हूँ कि, भाजपा ने मेरे एक बेहद करीबी व्यक्ति के माध्यम से मुझे भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क किया। मुझे ये कहा गया कि, या तो भाजपा में शामिल हो जाओ, अपना राजनीतिक करियर बचा लो और अगर भाजपा में शामिल नहीं हुए तो आने वाले 1 महीने में मुझे ईडी द्वारा गिरफ़्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी ने अपना मन बना लिया है कि आम आदमी पार्टी और उसके सभी नेता को वो कुचलना और खत्म करना चाहते है। पहले उन्होंने आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को गिरफ़्तार कर जेल में डाल दिया। सतेंद्र जैन जी की गिरफ़्तारी हुई, मनीष सिसोदिया जी की गिरफ़्तारी हुई, संजय सिंह जी की गिरफ़्तारी हुई और अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को भी गिरफ़्तार कर लिया गया है।

आतिशी ने कहा कि, अब भाजपा का ये इरादा है कि आने वाले 2 महीने में लोकसभा चुनाव से पहले वो आम आदमी पार्टी के 4 और नेताओं को गिरफ़्तार करने वाले है। वो मुझे गिरफ़्तार करेंगे, सौरभ भारद्वाज को गिरफ़्तार करेंगे, दुर्गेश पाठक को गिरफ़्तार करेंगे और राघव चड्ढा को गिरफ़्तार करेंगे। भाजपा ने ये उम्मीद की थी कि अरविंद केजरीवाल जी की गिरफ़्तारी के बाद आम आदमी पार्टी टूट जाएगी, बिखर जाएगी क्योंकि आम आदमी पार्टी का सारा शीर्ष नेतृत्व जेल में है। उन्होंने कहा कि, लेकिन रविवार की रामलीला मैदान की रैली के बाद जहां दिल्ली और देशभर से लाखों लोग आए, पिछले 10 दिन से आम आदमी पार्टी की सड़क पर संघर्ष के बाद अब भाजपा को लगता है कि, इनके 4 नेताओं को गिरफ़्तार करना काफी नहीं था। अब आने वाले समय में अगले 4 नेताओं को गिरफ़्तार कर जेल में डाला जाएगा। मुझे जेल में डाला जाएगा, सौरभ भारद्वाज को जेल में डाला जाएगा, दुर्गेश पाठक को जेल में डाला जाएगा और राघव चड्ढा को जेल में डाला जाएगा।

आतिशी ने कहा कि, मुझे ये बताया गया कि आने वाले कुछ दिनों में मेरे आवास पर ईडी की रेड की जाएगी। न सिर्फ मेरे घर पर ईडी की रेड होगी बल्कि मेरे रिश्तेदारों मेरे परिवार वालों के घर ईडी की रेड होगी। उसके बाद हम सब लोगों को हम समन भेजे जाएँगे और उसके कुछ समय बाद गिरफ़्तार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि, मैं भाजपा को ये बताना चाहती हूँ कि हम आपकी धमकियों से डरने वाले नहीं है। हम अरविंद केजरीवाल जी के सिपाही हैं, भगत सिंह के चेले हैं। जबतक आम आदमी पार्टी के हर नेता, हर विधायक, हर कार्यकर्ता में आखिरी साँस बची है, हम अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में इस देश के संविधान को बचाने, इस देश के लोगों को बेहतर ज़िंदगी देने के लिए काम करते रहेंगे। आप चाहे आम आदमी पार्टी के 1-1 विधायक, कार्यकर्ता को जेल में डाल दो। उसकी जगह 10 और लोग अरविंद केजरीवाल जी की इस लड़ाई को लड़ने के लिए सामने आयेंगे और आपको हरायेंगे।

# GenAIR&D कंपनी स्प्रिंगटाउन अकने हाल ही में अपना टेक्स्ट-टू-वीडियो मॉडल जारी किया है

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता





विभिन्न पात्रों और परिवेशों वाले कई वीडियो केवल टेक्स्ट संकेतों से उत्पन्न होते हैं। यह अभिनव रिलीज ओपनएआई के टेक्स्ट-टू-वीडियो मॉडल, सोरा की शुरुआत के तुरंत बाद आई है। जिसने फरवरी में GenAI क्षेत्र में महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित किया। स्प्रिंगटाउन एआई के सीईओ ध्रुव मोटवानी, और जिन्होंने एक एमएल शोधकर्ता के रूप में योगदान दिया है सिलिकॉन वैली में तेजी से बढ़ती उद्यम समर्थित कंपनियों में एआई के क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है और लंदन में नए मॉडल के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, जेन एआई स्पेस ही सब कुछ है प्रौद्योगिकी के साथ जो संभव है उसकी सीमाओं को आगे बढ़ाने के बारे में, और मुझे खुशी है कि हमारा टीम ठीक वैसा ही करने में सक्षम थी। हमें इसे लागू करने में खुशी है वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में प्रौद्योगिकियों। यह न केवल दृश्य सामग्री निर्माण का लोकतंत्रीकरण करेगा लेकिन इसका उपयोग भौतिकी, वास्तुशिल्प डिजाइन, में जटिल घटनाओं का अनुकरण करने में भी किया जाएगा। इंजीनियरिंग डिजाइन, और कई अन्य स्थान। अंकुश त्यागी, एरिक्सन में इंजीनियरिंग मैनेजर और सलाहकार बोर्ड के सदस्य हैं स्प्रिंगटाउन एआई ने इस रिलीज के प्रभाव पर टिप्पणी करते हुए कहा, एक संरक्षक के रूप में अवलोकन कर रहा हूँ कंपनी की इस प्रगति के लिए, मैं इस उपलब्धि को केवल एक मील का पत्थर नहीं बल्कि एक नींव के रूप में देखता हूं भविष्य के नवाचारों के लिए. यह लॉन्च जानकारी को देखने के एक नए तरीके का मार्ग प्रशस्त करता है निकट भविष्य में प्रौद्योगिकी और इसके नवोन्वेषी समाधान। स्प्रिंगटाउन एआई का मॉडल प्रसार मॉडल और ट्रांसफार्मर तंत्रिका नेटवर्क को नियोजित करता है वर्तमान में जनरल एआई उद्योग में व्यापक रूप से लोकप्रिय एआई प्रौद्योगिकियां हैं। प्रसार मॉडल हैं कुशल मॉडल वास्तव में यथार्थवादी छवियां उत्पन्न करने में अच्छे हैं और इन्हें बनाने में उपयोग किया गया है ओपन एआई द्वारा डैल-ई जैसे मॉडल। दूसरी ओर, ट्रांसफार्मर न्यूरल नेटवर्क रहे हैं मानव-सदृश पाठ को समझने और उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण। स्प्रिंगटाउन एआई एक अनुसंधान प्रयोगशाला है जो आईआईएम अहमदाबाद के वेंचर से संचालित होती है इस मॉडल का लक्ष्य अपने व्यापक जेन एआई सुइट का विस्तार करना है, जिसके लिए उपयोग में आसान उपकरण प्रदान करना है लोग अपनी रचनात्मकता को उजागर करने और आकर्षक वीडियो बनाने के लिए। वर्तमान में, टेक्स्ट-टू-वीडियो उद्योग महत्वपूर्ण वृद्धि का अनुभव कर रहा है भाषा मॉडल और टेक्स्ट-टू-इमेज प्रौद्योगिकियों में प्रगति। के परिचय के साथ स्प्रिंगटाउन एआई के मॉडल और अन्य नवाचारों से उद्योग आगे बढ़ने के लिए तैयार है परिवर्तन और नवीनता. गूगल और मेटा जैसे तकनीकी दिग्गजों के साथ-साथ असंख्य उभरते स्टार्टअप सक्रिय रूप से इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो दशार्ता है जनरल एआई उद्योग में प्रतिस्पर्धी और गतिशील परिदृश्य।

# दवाओं की खरीद के लिए तय बजट का आधे से भी कम राशि हुई खर्च

- गर्ग ने कहा, स्थानीय लोगों की मदद से अधिकारियों ने तेंदुए को एक कमरे में बंद कर दिया।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार का विश्व स्तरीय स्वास्थ्य का ढांचा उपलब्ध कराने का दवा उस समय पूरी तरह से विफल नजर आया जब सरकार के जरिए मंजूर किए गए बजट की धनराशि अधिकारी खर्च कर पाने में पूरी तरह से असमर्थ रहे। एक आरटीआई के हवाले से पता चला है कि दिल्ली सरकार के आयुष विभाग में दवाइयों की खरीदारी के लिए 7 करोड़ रुपए का बजट रखा गया था। लेकिन अधिकारियों के लापरवाही और असंवेदनशीलता के कारण यह बजट खर्च नहीं हो पाया है। दिल्ली सरकार ने आयुष विभाग को दवाइयों की खरीदारी के लिए 7 करोड़ रुपए का बजट रखा था परंतु 2 करोड़ 47 लाख रुपया ही इस मद खर्च हो पाया है। यह आयुष विभाग में तैनात अधिकारियों की लापरवाही को पूरी तरह से उजागर करता है।

ऑल इंडिया यूनानी तिब्बती कांग्रेस ने पूरे मामले पर खेद जताते हुए कहा है कि जनहित के लिए दिल्ली सरकार ने जो राशि दवाओं की खरीद के लिए तय की थी उसका उपयोग ना होना चिंता का विषय है। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बती कांग्रेस दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष डॉ शकील अहमद ने दिल्ली के उपराज्यपाल से मांग की है कि इस संवेदनशील मुद्दे को तत्काल सुलझाने का कष्ट करें क्योंकि सरकार जनता के हित में जो कदम उठाती है अगर उस पर अमल नहीं किया जाता है तो एक तरफ जहां जनता का नुकसान होता है वहीं सरकार की की छवि भी धूमिल होती है। उन्होंने पैसा खर्च नहीं होने के मामले की उपराज्यपाल से जांच कराए जाने की भी मांग की है क्योंकि दवा जैसी बुनियादी जरूरत का तय बजट से कम खर्च होना चिंता का विषय है। इसलिए इस मुद्दे को गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है।

# मजलिस पार्क इलाके में घर की पार्किंग में लगी भीषण आग, दो गाड़ियां जलकर खाक



नई दिल्ली। मजलिस पार्क की गली नंबर 4 में एक बिल्डिंग की पार्किंग में आग लग गई। जानकारी के मुताबिक बैट्री की वजह से ये आग लगी जिसकी वजह से पार्किंग में खड़ी दो गाड़ियां भी आग की चपेट में आ गई। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आदर्श नगर थाना इलाके के मजलिस पार्क में जैसे ही आग लगने की सूचना मिली तुरंत फायर विभाग की टीमें रवाना की गई। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि दमकल विभाग की टीमें आग बुझाने के काम में जुटी हुई है आग की लपटों ने पूरी बिल्डिंग को घेर लिया है दूर दूर तक सिर्फ धुआं ही नजर आ रहा है और इलाके में अफरा तफरी का माहौल है सड़क पर लोगों की भीड़ लगी है सब बस यही दुआ कर रहे हैं कि जल्द से जल्द आग पर काबू पा लिया जाये और बिल्डिंग के लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाये। ये आग इस कदर फैल चुकी थी कि जरा भी देरी और की जाती तो बिल्डिंग में रह रहे परिवारों की जान खतरे में पड़ सकती थी। गनीमत ये रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। समय रहते फायर विभाग को सूचित किया गया हालांकि बिल्डिंग में रहने वाले परिवारों का आरोप है कि फायर गाड़ी देर से पहुंचने पर काफी नुकसान हो गया। अगर समय रहते आग पर काबू पाया जाता तो नुकसान नहीं होता।

लोगों ने समझदारी दिखाते हुए अपने अपने दररवाजे खोल कर बालकनी पर आने का फैसला किया जिसकी वजह से दम घुटने से भी किसी का नुकसान नहीं हुआ लेकिन कई घंटा तक आग लगी रही। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# 400 सीसीटीवी, 200 गाड़ियां छानने के बाद हत्थे चढ़े खतरनाक गैंग के तीन

नई दिल्ली। 400 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज और 200 से ज्यादा गाड़ियों को छानने के बाद दिल्ली पुलिस और किशनगढ़ थाना पुलिस की ज्वाइंट टीम ने 28 मार्च को एक ऐसे गिरोह का पदार्फाश किया जो चोरी की कई बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुका है। सेंधमारी करने वाले इस गिरोह के सरगना समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में रंजीत सोनी, सौरभ और सोनू गिरफ्तार हुए हैं जिनके पास से एक करोड़ रुपए के आभूषण, घर तोड़ने के औजार और आभूषण गलाने वाली मशीन बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी रंजीत इस गिरोह का सरगना है और बाकि लोगों को वारदात के लिए कमीशन पर रखा करता था। आरोपी ने चोरी का सामान रखने के लिए एक फ्लैट भी किराए पर लिया हुआ था। फिलहाल पुलिस आरोपियों के बाकी साथियों की जानकारी जुटा रही है।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 9 मार्च को सफदरजंग एन्क्लेव थाने में ज्योति मनोचा नाम की महिला ने अपने घर में चोरी की ई-एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस अभी इस मामले की जांच कर रही थी, इसी दौरान 16 मार्च को पंकज मिश्रा ने भी अपने घर में चोरी की ई-एफआईआर दर्ज की। पुलिस टीम ने जांच के दौरान पाया कि दोनों वारदात मिलती जुलती है और एक ही तरीके से अंजाम दी गई है। जिससे आशंका जताई जा रही थी दोनों को एक ही शख्स ने अंजाम दिया है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/निर्माण–I, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए एक पैकेट सिस्टम के अधीन खुली ई टेंडर आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थल | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली के कार्यालय परिसर में डबल स्टोरी बिल्डिंग कार्यालय का निर्माण, अधिकारी विश्राम गृह का पुनर्निर्माण, प्रमुख मरम्मत व नवीनीकरण कार्य व अन्य संबंधित कार्य इलेक्ट्रिकल कार्य सहित। |
| 2 | कार्यावधि | 18 (अठारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपये 956.24 लाख (रुपये नौ करोड़ छप्पन लाख चौबीस हजार मात्र) |
| 4 | धरोहर राशि, जो जमा करानी है | रुपये 6,28,100/– (रुपये छः लाख अट्ठाइस हजार एक सौ मात्र) |
| 5 | ई. टेंडर जमा करने व खुलने की तारीख व समय | निविदाएँ IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 25.04.2024 को 11:30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदा दाता केवल ई. टेंडर में भाग ले सकते हैं। निविदाएं दिनांक 25.04.2024 को 11:30 बजे खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 02.04.2024 से 25.04.2024 तक उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र मे दिये गए हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट पर भी देखी जा सकती है। |

सं. 220-Acs-1-1247-KG-Works दिनांक 02.04.2024 978/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली के अंतर्गत निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक/उत्तर रेलवे मुरादाबाद–244001 द्वारा निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित मद के लिए इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली के अंतर्गत भण्डार की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| निविदा सं. | माल का विवरण | मात्राः 15 Nos. | निविदा खुलने की तिथिः 22.04.2024 |
|---|---|---|---|
| 97245054A | आरडीएसओ विशिष्टता संख्या टीएम/एमएम/20 के अनुसार पोर्टेबल डी.सी. वेल्डिंग जेनरेटर सेट, दिनांक 19.11.1992 या नवीनतम | बयाना राशि (₹ में): 70450/-<br>अनुमानित मूल्य (₹ में): 3522300/- | |

**निविदा शर्तें**: पूर्ण विवरण व निविदा शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं को ई–टेंडर में भाग लेने तथा पंजीकरण कराने के लिए भारत सरकार आई.टी. अधिनियम 2000 के तहत प्राधिकृत प्रमाणित एजेंसी से क्लास–III डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं किया है) प्राप्त मान्य होगा। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

पत्र सं.: **50-S/LP/2024 दिनांक: 01.04.2024** 956/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# खुशहाली फाउंडेशन डीयू में करेगा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

## कवि सम्मेलन में जुटेंगे देशभर के नामचीन कवि

नई दिल्ली। खुशहाली फाउंडेशन द्वारा बुधवार 3 अप्रैल को दिल्ली विश्वविद्यालय के नार्थ कैंपस के दिल्ली यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। किरोड़ीमल कॉलेज के पुर्व प्राचार्य प्रो भीमसेन सिंह के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित इस कवि सम्मेलन में देशभर के नामचीन कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। इस बात की जानकारी खुशहाली फाउंडेशन द्वारा दिल्ली के प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में दी गई। प्रेस वार्ता को कवि सम्मेलन के संयोजक व संचालक गजेंद्र सोलंकी, दिल्ली विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी व सांस्कृतिक परिषद दिल्ली विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन अनूप लाठर, खुशहाली फाउंडेशन के महासचिव डॉ. प्रभांशु ओझा, खुशहाली फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार डॉ. सौरभ जी, खुशहाली फाउंडेशन के अध्यक्ष सोनू सिंह ने संबोधित किया। कवि सम्मेलन के संयोजक व संचालक गजेंद्र सोलंकी ने बताया कि किरोड़ीमल कॉलेज के पुर्व प्राचार्य प्रो भीमसेन सिंह के गरिमामयी यात्रा के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस विराट कवि सम्मेलन में देशभर के जाने माने कवि हिस्सा लेंगे। कवि सम्मेलन में पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, डॉ. वसीम बरेलवी, पद्मश्री अशोक चक्रधर, डॉ. हरिओम पंवार, डॉ. अनामिका जैन अंबर, श्री अरूण जैमिनी, शायरा अंजुम रहबर, राजेश रेड्डी, दिनेश रघुवंशी, जनाब ताहिर फराज, शंभू शिखर, प्रियांशु गजेंद्र एवं सूरज मणि अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बनाएंगे। गजेंद्र सोलंकी ने कहा कि मैंने कई कवि सम्मेलन को संचालित किया है लेकिन यह कवि सम्मेलन कवियों का महाकुंभ है जिसमे एक साथ एक मंच पर इतने बड़े पैमाने पर देश के नामचीन कवि प्रस्तुति देंगे। खुशहाली फाउंडेशन के महासचिव डॉ. प्रभांशु ओझा ने कहा कि खुशहाली फाउंडेशन प्रो. भीमसेन सिंह के शिष्यों द्वारा उनके मार्गदर्शन में शुरू किया संस्था है। आज हमलोग जहां जिस जगह पर देश विदेश में हैं उन्हीं के आशिर्वाद एवं उनके बताए मार्ग पर चलकर पहुंचे हैं। यह कवि सम्मेलन शिष्यों द्वारा अपने गुरु के 75वें जन्मदिवस पर समर्पित है। प्रभांशु ओझा ने बताया कि प्रो बलराम पाणी, डीन ऑफ कॉलेजेज दिल्ली विश्वविद्यालय, जस्टिस विजेंदर जैन, माननीय पूर्व मुख्य न्यायाधीश दिल्ली तथा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय एवं श्री दया शंकर सिंह माननीय परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में दिल्ली विश्वविद्यालय के मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो राजेश सिंह एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी व सांस्कृतिक परिषद दिल्ली विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन अनूप लाठर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो रजनी अब्बी, कुलानुशासक दिल्ली विश्वविद्यालय करेंगी एवं स्वागताध्यक्ष हंसराज कॉलेज के प्राचार्य विदुषी साहित्यकार प्रो. रमा होंगे। फाउंडेशन के अध्यक्ष सोनू सिंह ने बताया कि महा मंडलेश्वर ज्ञानानन्द जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षा एवं समाज के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले हम सभी के आदरणीय प्रो भीमसेन सिंह के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए है।

# शिक्षा में होना चाहिए भारतीय दृष्टि और दृष्टिकोण पर काम: प्रो. योगेश सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज में अंडरस्टैंडिंग हिंदू धर्म एंड हिंदू-नेस विषय पर एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन मंगलवार, 2 अप्रैल को किया गया। विश्वविद्यालय के कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह मुख्यातिथि रहे जबकि विशेष अतिथि एवं मुख्य वक्ता के तौर पर वर्ल्ड हिन्दू फाउंडेशन के फाउंडर एवं ग्लोबल चेयरमैन स्वामी विज्ञानानंद उपस्थित रहे। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी एवं दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज द्वारा की गई गतिविधियों पर एक बुकलेट का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. योगेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा में भारतीय दृष्टि और दृष्टिकोण पर काम होना चाहिए। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने प्राचीन भारतीय दृष्टि का जिक्र करते हुए कहा कि पुराने समय में भारत में किलों का निर्माण ऐसी तकनीक से किया जाता था कि उन्हें ठंडा रखने के लिए बिजली जैसी किसी ऊर्जा की जरूरत नहीं पड़ती थी। लेकिन, आज विदेशों की तर्ज पर भारत में भी शीशे की बहुमंजिला गगनचुंबी इमारतें बनने लगी हैं। जिन देशों की यह तकनीक है वहाँ धूप कम निकलती है और अधिकाधिक धूप के अंदर आने के लिए इस तकनीक का प्रयोग किया जाता है


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार **दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली** निम्नलिखित ट्रेनों में **एसएलआर और पार्सल वान** (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को **02 वर्षों** के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के **ई–नीलामी** मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है :

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 03.04.2024 को 10:30 बजे | 12463 (F1), 12584 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14212 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 14553 (R1), 22210 (F1), 22812 (F1) |
| 2. | 04.04.2024 को 10:30 बजे | 12191 (F1, F2 & R1), 12330 (F1), 12445 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 12908 (F1), 12918 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20502 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 20958 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 3. | 05.04.2024 को 10:30 बजे | 12066 (F1), 12428 (F1), 12646 (F1), 14731 (F1 & R1), 15060 (F1 & R1), 20408 (F1), 20473 (F1 & R1), 20488 (F1), 22168 (F1 & F2), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 4. | 08.04.2024 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12148 (R1), 12444 (F1), 12481 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22421 (F1, F2 & R1) |
| 5. | 10.03.2024 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर **प्रत्येक गाडी में** - 12226/12225, 12236/12235, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12488/12487, 14033/14034, 22412/22411, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 **तथा** 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर **गाड़ी संख्या** : 22418/22417 |
| 6. | 12.04.2024 को 10:30 बजे | 12002 (F1), 12284 (F1), 12368 (F1), 12424 (F1), 12952 (F1), 14014 (F1) 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 &R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (F1, F2 & R1), 22168 (R1) |
| 7. | 15.04.2024 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12425 (F1), 12455 (F1), 14041 (F1), 14553 (F2), 22454 (F1, F2 & R1) |
| 8. | 16.04.2024 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12034 (F1), 12432 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12916 (F1), 12986 (F1), 15035 (F2), 20506 (F1), 22414 (F1), 22472 (F1, F2 & R1), 22654 (F1) |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी)**: नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **5%** ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। **964/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भी आप नहीं टूटी तो चार और नेताओं को जेल भेजने की तैयारी में भाजपा - दिलीप पांडे

- अब मंत्री आतिशी को मिला ऑफर, आपके पास कोई विकल्प नहीं है, लेकिन भाजपा में आकर खुद को बचा सकती हैं- दिलीप पांडे

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी को खत्म करने के भाजपा के मंसूबे बार-बार असफल साबित हो रहे हैं। इसके बाद भी भाजपा का दिल्ली में ऑपरेशन लोटस जारी है। भाजपा में शामिल होने के लिए आप की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी को भी ऑफर मिला है। इस पर आप के वरिष्ठ नेता दिलीप पांडे ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा को यकीन था कि सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी टूट कर बिखर जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए भाजपा अब आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए आतिशी, सौरभ भारद्वाज, राघव चड्ढा और दुर्गेश पाठक को गिरफ्तार करना चाहती है। इसी उद्देश्य से कैबिनेट मंत्री आतिशी को ऑफर दिया गया कि आपके पास अब कोई रास्ता नहीं बचा है। आप पर भी ईडी की कार्रवाई होगी, लेकिन अगर भाजपा में आ जाती हैं तो खुद को बचा सकती हैं।

पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि बीजेपी कई बार दिल्ली में ऑपरेशन लोटस को सफल करने के चक्कर में मुंह की खा चुकी है। लेकिन इसके बावजूद भी लगातार ये कोशिश की जा रही है कि किसी भी तरह से डरा-धमका कर आम आदमी पार्टी के मंत्री और विधायकों को तोड़ा जाए। इसी क्रम में एक चौकाने वाला तथ्य सामने आया है, जिसने आम आदमी पार्टी की भविष्यवाणी को सच साबित कर दिया है। बीजेपी की तरफ से आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी को भी एक बार संपर्क किया गया। उनसे कहा गया कि, देख लो हमने आम आदमी पार्टी के बड़े नेता हो या मुख्यमंत्री किसी के खिलाफ कोई सबूत न होने पर भी उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अब आम आदमी पार्टी के पास कोई रास्ता नहीं बचा है। आपके पास केवल एक रास्ता है जिसपर चलकर आप खुद को बचा सकती हैं, और वो रास्ता आपको बीजेपी की ओर लेकर आता है। आप हमसे जुड़िए और अपने आप को और अपने करियर को बचाइए। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी का आंकलन था कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के बाद आम आदमी पार्टी खत्म हो जानी चाहिए थी। मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के बाद बीजेपी ने एक तरह से आम आदमी पार्टी का डेथ नोट साइन कर दिया था। लेकिन उनके होश तब फाख्ता हो गए जब उन्होंने अपनी तानाशाही और सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ लाखों लोगों को रामलीला मैदान में देखा, वहां उनका गणित फेल हो गया। बीजेपी ये सोच रही थी कि उन्होंने आम आदमी पार्टी की पहली और दूसरी पंक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उनके मुताबिक पार्टी की बची कुची लीडरशिप को भी गिरफ्तार कर लिया, तो पार्टी खत्म हो जाएगी। लेकिन वो ये भूल गए कि आम आदमी पार्टी का एक-एक विधायक, मंत्री, काउंसलर और कार्यकर्ता जब जनता की सेवा करने की इस पवित्र यात्रा में शामिल हुआ तो सारी उम्मीदों को त्यागकर और अपने सर पर कफन बांधकर शामिल हुआ था। आप नेता दिलीप पांडे ने कहा कि जब सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भी कार्यकताओं के हौसले नहीं तोड़ पाई तो अब अगली पंक्ति के नेताओं को गिरफ्तार करने की साजिश की जा रही है। ये जानकारी मिल रही है कि महीने भर में रेड पड़ेगी। जिसमें पहले आतीशी और फिर राघव चड्ढा, सौरभ भारद्वाज और दुर्गेश पाठक को गिरफ्तार किया जाएगा। ऐसा करने के लिए उन्हें पहले भी किसी बुनियाद की जरूरत नहीं थी और बीजेपी के मुताबिक उन्हें आज भी किसी किस्म के आधार और सबूत की जरूरत नहीं है। बीजेपी के नेता बड़ी बेशर्मी से आते हैं और इस सवाल का जवाब दिए बगैर चले जाते हैं कि सरथ रेड्डी के 60 करोड़ रुपए क्यों लिए, जिसे इस मामले में आरोपी बनाया उससे चंदा क्यों लिया गया? वो ये नहीं बताते कि एक अन्य आरोपी को बीजेपी ने लोकसभा चुनाव का टिकट क्यों दिया।

आप नेता दिलीप पांडे ने कहा कि जब दिल्लीवासियों ने जनता के लिए संघर्ष करने वाले अपने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में देखा उनसे ये सहन नहीं हुआ। जब उन्होंने देखा कि बीजेपी के हाथ अब सीएम अरविंद केजरीवाल के गिरेबान तक पहुंच रहे हैं तब दिल्ली के लोग आंदोलित हो गए और भारी संख्या में रामलीला मैदान पर कूच कर दिया। तब बीजेपी को समझ में आया कि केवल इतना करना पर्याप्त नहीं है। बीजेपी ये समझ ले कि कुछ भी करना पर्याप्त नहीं है। आप आम आदमी पार्टी के मंत्री और विधायकों को तोड़ने के लिए जो भी कर लो, हम बाबा साहेब अंबेडकर और भगत सिंह के चेले और अपने नेता अरविंद केदरीवाल के सिखाए हुए सिपाही है, इन्होंने एक बार प्रतिज्ञा कल ली तो जिस तरह ये जनता के लिए कल खड़े रहे, आने वाले वक्त में भी बीजेपी की तानाशाही और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करेंगे। और इसी तरह देश और दिल्ली की जनता की सेवा करते रहेंगे।

सम्पादकीय

## विपक्षी एकता के मायने

राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया के समर्थक और भाजपा-विरोधी बड़े नेता मौजूद थे। एकजुटता साफ नजर आ रही थी। उनमें से अधिकतर ने देश को आगाह किया कि यदि तीसरी बार भी मोदी सरकार बनी, तो देश का संविधान बदलने की शुरूआत होगी। शासन और भी एकाधिकारवादी हो जाएगा। भारत रूस बन सकता है। लोकतंत्र की आत्मा खत्म कर दी जाएगी। जिस तरह रूस पर पुतिन का राज है, उसी तरह भारत में मोदी की स्थिति होगी। यह आशंका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने जताई थी। संविधान को बदलने की बात राहुल गांधी ने की, जिन्हें किन्हीं भाजपा नेताओं ने ब्रीफ किया था। यहां तक आगाह किया गया कि देश में आग लग जाएगी। इनके अलावा अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, शरद पवार, सीताराम येचुरी, भगवंत मान आदि विपक्षी नेताओं ने रोजगार का संकट, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों का एमएसपी, जांच एजेंसियों की निरंकुशता और प्रशासन आदि के साझा मुद्दे उठाकर अपने लोकसभा चुनाव अभियान को गति दी। सारांश में विपक्ष की साझा रैली कई मायनों में असर छोड़ गई। एक बार फिर इंडिया बिखरने के बजाय लामबंद होता दिखाई दिया। आपसी विरोधाभास को भी उन्होंने स्वीकार किया। बेशक ममता बनर्जी और स्टालिन सरीखे मुख्यमंत्री रैली में नहीं आए, लेकिन उन्होंने अपने प्रतिनिधि भेजकर स्पष्ट किया कि वे आज भी इंडिया के घटक हैं। बहरहाल विपक्षी नेताओं ने चुनावों को लोकतंत्र-संविधान बचाने की सामूहिक कोशिश चित्रित किया। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी ने 1857 की प्रथम क्रांति की मूलभूमि मेरठ से चुनाव के दूसरे हिस्से का आगाज किया। उन्होंने भारत-रत्न चौधरी चरण सिंह के गौरव समारोह के जरिए पश्चिमी उप्र के किसानों, जाटों और मसीहा के भक्त-समर्थकों को साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुनावी लड़ाई की चेतावनी भी कबूल की और देश से साझा किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी, क्योंकि जनता का जो पैसा लूटा गया है, वह उसे लौटा रहे हैं। अभी तक 17, 000 करोड़ रुपए से अधिक लोगों को वापस किए जा चुके हैं, यह प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को मोदी की गारंटी करार दिया और कहा कि वह विपक्ष के रुदन और चिल्लाने से घबराने वाले नहीं हैं। इन दोनों जनसभाओं का आकलन करने के बाद चुनाव विश्लेषकों की व्याख्या है कि जितना एकतरफा आम चुनाव माना जाता रहा है, उतना नहीं है। कुछ गंभीर जन-समस्याओं पर लोगों में ध्रुवीकरण होने लगा है। अंडर करंट भी माना जा रहा है। उप्र और राजस्थान सरीखे राज्यों में जिस तरह एकतरफा मोदी लहर आंकी जा रही थी, अब वह स्थिति नहीं है। प्रधानमंत्री ने बूथ स्तर के काडर को अनुरोध किया है कि वे घर-घर जाएं और कहें कि मोदी जी ने नमस्कार भेजा है। बेशक भाजपा के पक्ष में भ्रष्टाचार के अलावा, अयोध्या राम मंदिर निर्माण, लाभार्थी योजनाएं, महिला वोट बैंक और मोदी सरकार की विभिन्न परियोजनाएं आदि हैं। यदि समूचा विपक्ष आज से ही एक सीट, एक साझा उम्मीदवार की रणनीति को अमलीजामा पहना दे और देश भर में सघन अभियान चलाए, तब भी मोदी और भाजपा-एनडीए दुर्जेय हैं। चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि तमिलनाडु, केरल सरीखे दक्षिण भारतीय राज्यों में इस बार प्रधानमंत्री मोदी, राम मंदिर, सनातन आदि को लेकर एक अनूठी लहर महसूस की जा रही है, लिहाजा भाजपा इस बार इन राज्यों में शून्य नहीं रहेगी। यदि विपक्षी दल आपस में भाजपा-विरोधी वोटों को कम काटें और भरपूर मतदान हो, तब भी भाजपा को परास्त करना बहुत मुश्किल काम है, क्योंकि चुनाव घोषणा से पहले ही भाजपा के काडर ने सभी बुनियादी बंदोबस्त कर दिए थे। प्रधानमंत्री भी दक्षिण राज्यों में रोड शो जैसे प्रचार अभियान सम्पन्न कर चुके हैं।

## देखते है आगे होता है क्या?

संजय गोस्वामी

जी हाँ महंगा पर सकता है ऐ सौदा क्योंकि श्री राज ठाकरे के एनडीए में शामिल होने से एनडीए को खासकर हिन्दी बाहुल्य इलाके खासकर बिहार और उप्र में नुकसान हो सकता है इसका कारण है मनसे द्वारा महाराष्ट्र में उत्तर भारतीय पर टिका टिपण्णी और बहुत से फेरिवालो से मुंबई में मारपीट का मामला इससे उस पार्टी ने एक ऐसी छाप छोड़ी है जिससे उसके अपने ही घर में सिर्फ 1विधानसभा में ही जीत मिली है जो वर्षों पहले मार पिट के शिकार हुए होंगे वह कभी वोट नहीं देंगे और उप्र, बिहार एनडीए का बेस है कोरोना में भी अवसर था लेकिन आरएसएस व माननीय मुख्यमंत्री योगीजी ने अच्छा काम किया और पुनः जीत गए अतः महाराष्ट्र में भी आपस में ही टकराव है ऐसे में हो सकता है कुछ जनाधार मिल जाए लेकिन उसका खामियाजा उत्तर भारत में खासकर ग्रामीण इलाके में गरीब लोग जो रोजी रोटी की तलाश में मुंबई आते हैं और किसी पार्टी के इसारे पर बेरहमी से पीटा जाता हो तो क्या वह वोट करेंगे? एक प्रश्नचिन्ह है। 2024 लोकसभा चुनावों से पहले महाराष्ट्र में बड़ी सियासी हलचल सामने आई है। बीजेपी के अगुवाई वाले महायुति में महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे की एंट्री तय मानी जा रही है। दावा किया जा रहा है कि जल्द ही महायुति के चौथे पार्टनर के तौर पर मनसे का नाम घोषित हो सकता है। महाराष्ट्र में राज ठाकरे को साथ लेने के पीछे कहा जा रहा है कि इससे बीजेपी उद्धव ठाकरे फैक्टर को काटकर महाविकास अघाड़ी को और कमजोर कर सकेगी, लेकिन इसी के साथ सवाल खड़ा हो रहा है कि पूर्व में उत्तर भारतीयों के नजर में खलनायक रहे राज ठाकरे को साथ लेकर बीजेपी यूपी-बिहार जैसे हिन्दी पट्टी वाले राज्य में सियासी नुकसान उठाना चाहेगी। राज ठाकरे पूर्व में हिन्दी भाषा को लेकर भी सवाल खड़े करते आए हैं। उन्होंने दिसम्बर, 2018 में कहा था कि हिन्दी राष्ट्रीय भाषा नहीं है फिर राजनीति में कुछ भी चलता है मनसे का एनडीए में शामिल होते ही उत्तर भारतीय में नाराजगी कई चैनलों में खुलकर आई और चूंकि 10साल में किसी भी पार्टी के लिए एंटी-इनकंबेंसी यानी सत्ता-विरोधी लहर कुछ ना कुछ तो होता है जिसे समझना बहुत मुश्किल है क्योंकि यह मार्जिन अभी उतना दिख नहीं रहा है लेकिन मनसे के आने से सत्ता-विरोधी लहर खासकर उप्र, बिहार व मप्र में अगर 1परसेंट भी फिसला तो कम से कम 50सीट ऐसे हैं जहाँ मामला बिगड़ सकता है जहाँ तक साउथ का प्रश्न है कर्नाटका से बीजेपी को अच्छा वोट मिलता है लेकिन अभी वहाँ कांग्रेस की सरकार है अतः वहाँ उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार हैं जो राजनीती के उस इलाके के चाणक्य माने जाते हैं अतः वहाँ अभी से फील्डिंग लगा रखी है अतः वहाँ 10सीट ऐसे है जहाँ हार जीत का मामला 1से 2परसेंट है अतः वहाँ भी एन डी ए को नुकसान होता दिख रहा है जिसतरह चुनावी चंदे का मामला सामने आया है उससे यही लग रहा है कि सबसे ज्यादा चंदे वाली पार्टी बीजेपी सवालों से घिर सकती है और विपक्षी पार्टियों इसे भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी उप्र में पेपर लीक मामलों से काफी लोगों में नाराजगी है अतः चुनाव में इसका असर भी देखने को मिल सकती हैं हालांकि मुख्यमंत्री योगीजी का काम बेहतरीन हुआ है अतः वहाँ पिछले चुनाव के मुकाबले 4-5 सीटों का नुकसान हो सकता है क्योंकि समाजबादी पार्टी व कांग्रेस के गठबंधन से अल्पसंख्यक का वोट स्प्लिट नहीं होगा जहाँ तक बिहार की बात है वहाँ मनसे का नाम तो नहीं जानते लेकिन श्री राज ठाकरे को बिलकुल पसंद नहीं करते और बहुत से गरीब लोग जो रोजी रोटी के लिए मुंबई जाते हैं वह और उनका परिवार भी किसे वोट करेंगे ऐ आने वाला समय बताएगा बिहार में ऐसे भी बीजेपी आधे सीट पर चुनाव लड़ रही है और यदि जद (यू) अगर 14-15 सीट भी ले आती है और इंडिया गठबंधन में कुछ सीट की जरुरत पड़ी तो श्री नीतीश कुमार को पलटीमारते देर नहीं लगेगी अधिकतर सीटों पर हार जीत का मार्जिन कम होता है अगर हरेक राज्य में इसी तरह 4-5सीट भी कम हुए तो जीत हेतु कहीं ऐसा ना हो की 275 के करीब सीट भी ना जीत सके, क्योंकि एनडिए यही हाल 2004 के समय भी चुनाव प्रचार के समय लग रहा था कि 300 से 350सीट जीत जाएगी और भारत उदय का रथ निकला लेकिन 200का आकड़ा भी नहीं पार कर सकी और महज 182सीट ही प्राप्त हो सकी चूंकि गणित में संभावना का थ्योरी ऐ बताता है कि यदि कोई 2बार लगातार जीत दर्ज करता है तो तीसरे बार भी जीत की पुरी संभावना रहती है लेकिन चुनाव में हकीकत उल्टी रहती है क्योंकि सत्ताविरोधी लहर और जनता की इच्छा कुछ और होती है देखते है आगे होता है क्या?हालांकि श्री मोदीजी ने सराहनीय कार्य किया है लेकिन कुछ चीज जात, पात, धर्म आदि पर लोग गुमराह हो जाते हैं और फिर काम को कम और कुछ मुद्दों पर आपस में ही सहमति नहीं बन पाती सरकार ने हर फिल्ड में अच्छा काम है लेकिन लोकल समस्या अभी भी एक विकराल समस्या है जिस तरह अंतराष्ट्रीय रिश्ते मजबूत हुए और चंद्रयान -3की इतिहासिक वैज्ञानिक विकास भी सफलता की कड़ी है लेकिन जनता क्या इस कठिन परीक्षा को पूर्ण मार्क देती है तो ठीक है. हालांकि लोकतंत्र में देखते है आगे होता है क्या?

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोकसभा चुनावों पर क्या असर पड़ेगा?

**ईडी का दावा है कि इन गिरफ्तारियों के पीछे कोई राजनीति नहीं है। लेकिन राजनीति और लोक का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है, जो इन गिरफ्तारियों के पीछे राजनीति देख रहा है। मोदी विरोधी आईएनडीआईए गठबंधन में चूंकि केजरीवाल भी शामिल हैं, लिहाजा गठबंधन के नेता इन गिरफ्तारियों को सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक बताने-बनाने में जुट गए हैं। उनका एक ही सवाल है कि आखिर सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही ईडी या सीबीआई निशाना क्यों बना रहे हैं? बार-बार ऐसा कहकर एक तरह से मोदी विरोधी मोर्चे के नेताओं की कोशिश यह है कि इन गिरफ्तारियों को भ्रष्टाचार की बजाय सिर्फ राजनीति का रंग दिया जाए और इसके जरिए मोदी विरोधी वोटों की फसल काट ली जाये। लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसा संभव है? मोदी के उभार के बाद के दोनों संसदीय चुनावों में दिल्ली विधानसभा में अपार बहुमत रखने वाली आम आदमी पार्टी एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई है। इस बार तो आम आदमी पार्टी ने उस कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है, जिसके भ्रष्टाचार के विरोध में उसका समूचा अस्तित्व पनपता रहा। दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें हैं, जिनमें तीन सीटों पर जहां कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, वहीं आम आदमी पार्टी चार सीटों पर मैदान में है। पिछले दो आम चुनावों में आम आदमी पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई थी। गठबंधन करके कांग्रेस और आम आदमी पार्टी-दोनों ने उम्मीद लगा रखी है कि दो आम चुनावों से जारी दिल्ली में उनका सूखा शायद कम हो जाए। केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले तक ऐसा नहीं लग रहा था कि विगत के दो चुनावों से इतर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इतिहास इस बार इतर होने जा रहा है।**





**उमेश चतुर्वेदी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं**

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी हो, इसी बीच किसी राज्य के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो और उस पर राजनीति ना हो, ऐसा संभव ही नहीं है। दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी का दावा है कि इन गिरफ्तारियों के पीछे कोई राजनीति नहीं है। लेकिन राजनीति और लोक का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है, जो इन गिरफ्तारियों के पीछे राजनीति देख रहा है। मोदी विरोधी आईएनडीआईए गठबंधन में चूंकि केजरीवाल भी शामिल हैं, लिहाजा गठबंधन के नेता इन गिरफ्तारियों को सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक बताने-बनाने में जुट गए हैं। उनका एक ही सवाल है कि आखिर सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही ईडी या सीबीआई निशाना क्यों बना रहे हैं? बार-बार ऐसा कहकर एक तरह से मोदी विरोधी मोर्चे के नेताओं की कोशिश यह है कि इन गिरफ्तारियों को भ्रष्टाचार की बजाय सिर्फ राजनीति का रंग दिया जाए और इसके जरिए मोदी विरोधी वोटों की फसल काट ली जाये।

लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसा संभव है? मोदी के उभार के बाद के दोनों संसदीय चुनावों में दिल्ली विधानसभा में अपार बहुमत रखने वाली आम आदमी पार्टी एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई है। इस बार तो आम आदमी पार्टी ने उस कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है, जिसके भ्रष्टाचार के विरोध में उसका समूचा अस्तित्व पनपता रहा। दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें हैं, जिनमें तीन सीटों पर जहां कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, वहीं आम आदमी पार्टी चार सीटों पर मैदान में है। पिछले दो आम चुनावों में आम आदमी पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई थी। गठबंधन करके कांग्रेस और आम आदमी पार्टी-दोनों ने उम्मीद लगा रखी है कि दो आम चुनावों से जारी दिल्ली में उनका सूखा शायद कम हो जाए। केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले तक ऐसा नहीं लग रहा था कि विगत के दो चुनावों से इतर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इतिहास इस बार इतर होने जा रहा है। लेकिन केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दोनों पार्टियों को सहानुभूति लहर उठने की उम्मीद है। उन्हें लगता है कि सहानुभूति की वजह से इस बार भारतीय जनता पार्टी के किले में सेंध लग सकती है।

शराब घोटाले में केजरीवाल के पहले उनके दो स्तंभों पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली से तीसरी बड़ी गिरफ्तारी केजरीवाल की हुई है। इसी केस में भारत राष्ट्र समिति की नेता और पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता भी गिरफ्तार हैं। केजरीवाल को गिरफ्तार करने से पहले ईडी ने नौ बार समन देकर उन्हें बुलाया। लेकिन हर बार वे ईडी के सामने जाने से बचते रहे। केजरीवाल का राजनीतिक अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उनकी पैंतरेबाजी से साफ है कि राजनीति करने में वे पुराने से पुराने नेताओं पर भारी हैं। समन को अनदेखा करके एक तरह से वे इस मुद्दे को जिंदा रखने और इसके जरिए अपने लिए वोटरों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करते रहे। गिरफ्तारी के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा ना देकर भी केजरीवाल राजनीति कर रहे हैं। ईडी की हिरासत से ही वे दिल्ली के लिए दो आदेश जारी कर चुके हैं। पहले में जहां उन्होंने दिल्ली की सीवर व्यवस्था दुरूस्त करने का आदेश दिया है, वहीं उनका दूसरा आदेश स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त रखना है। दिल्ली में विपक्षी भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी इस पर हंगामा कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से केजरीवाल को हटाने की मांग वाली याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की गई। जिसे हाईकोर्ट ठुकरा चुका है। इसके बावजूद नैतिकता के आधार पर भाजपा केजरीवाल से इस्तीफे की मांग कर रही है। लेकिन केजरीवाल के खेमे के तर्क है कि संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपने पद से इस्तीफा दे ही देना होगा। इस तर्क के सहारे केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद पर जमे हुए हैं।

हिरासत से आदेश देना और उसका आम आदमी पार्टी द्वारा भरपूर प्रचार किया जाना दरअसल केजरीवाल के प्रति सहानुभूति हासिल करने की प्रक्रिया का ही विस्तार है। भारतीय समाज भावुक होता है। इस भावुकता का फायदा हर राजनीतिक दल अपने तईं उठाते रहे हैं। इसी अंदाज में केजरीवाल परिवार भी आगे बढ़ रहा है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के भावुकताभरे बयान भी इसका ही उदाहरण हैं। दरअसल इन कदमों से आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों को यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि जेल में रहते हुए भी आम आदमी पार्टी प्रमुख सिर्फ दिल्ली के ही बारे में सोच रहे हैं। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की कोशिश इस बहाने सहानुभूति हासिल करना है।

इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के एक बयान से दिल्ली सरकार की बर्खास्तगी को लेकर अटकलें तेज हो गईं। उपराज्यपाल ने यह कह दिया कि जेल से दिल्ली की सरकार नहीं चलने दी जाएगी। उपराज्यपाल के इस बयान के बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिशों का जोरदार विरोध किया। वैसे माना यह जा रहा है कि यह विरोध भी आम आदमी पार्टी की रणनीति का ही हिस्सा है। ताकि केंद्र सरकार दिल्ली सरकार को बर्खास्त कर दे। इससे केजरीवाल के पक्ष में जोरदार लहर उठ खड़ी होगी और मौजूदा आम चुनावों में आम आदमी पार्टी इसका फायदा उठा सकेगी। वैसे भारतीय जनता पार्टी की ओर से केजरीवाल को दोषी बताने की खूब कोशिशें हो रही हैं। दिल्ली में विपक्षी दल होने के नाते उसकी यह जिम्मेदारी भी है। लेकिन यह भी सच है कि दिल्ली बीजेपी की यह कोशिश बहुत ज्यादा कामयाब नहीं है। दिल्ली का एक वर्ग ऐसा भी है, जो मानता है कि केजरीवाल को तंग किया जा रहा है। दिल्ली की बसों, मेट्रो आदि में ऐसी चचाएं सुनाई दे रही हैं। हालांकि एक तबका ऐसा भी है, जो मानता है कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरे केजरीवाल भी भ्रष्ट हो गए हैं। केजरीवाल के प्रति सहानुभूति रखने वाले में उस वर्ग के लोग ज्यादा हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है। हालांकि दिल्ली की खस्ताहाल बसें, व्यवस्था की ढिलाई आदि के चलते केजरीवाल सरकार से नाराजगी रखने वाला भी एक वर्ग है। जो इस गिरफ्तारी को जायज ठहरा रहा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी को नाजायज बताने में जुटी कांग्रेस की स्थित सांप-छछूंदर जैसी हो गई है। लोग चुटकियां लेने से बाज नहीं आ रहे। लोगों का कहना है कि जिस कांग्रेस को भ्रष्टाचारी बताते-बताते केजरीवाल ने नष्ट कर दिया, वह भी उसकी ईमानदारी की गारंटी दे रही है। यही वजह प्रहसन का बिंदु है, जिसकी वजह से दिल्ली के आम चुनावों में बीजेपी उम्मीद लगा सकती है। हालांकि इस प्रहसन के प्रभाव को कम करने की कोशिश में आम आदमी पार्टी ही नहीं, कांग्रेस भी प्राणपण से जुटी है। दिल्ली की काया पलटने वाली कांग्रेसी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित कभी कहा करते थे कि वे केजरीवाल से अपनी मां के अपमान का बदला जरूर लेंगे।

# सूचना का अधिकार : पारदर्शिता की व्यापक पहचान पर ध्यान दें

**कई तरह के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में भारत में जो राष्ट्रीय स्तर का कानून पास हुआ वह थोड़ी-बहुत कमियों के बावजूद कुल मिलाकर एक अच्छा और मजबूत कानून माना गया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की दुनिया में लोकतंत्र को विश्व स्तर पर बहुत व्यापक मान्यता प्राप्त हुई। जो देश लोकतांत्रिक नहीं थे उन्होंने भी इसे अपनी कमी के रूप में स्वीकार किया और सीमित लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं अपनाने की चेष्टा की। पिछले लगभग दो दशकों में कई देशों में तानाशाहियों को समाप्त कर लोकतांत्रिक सरकारों की स्थापना हुई। पर लोकतंत्र की इस ऊपरी प्रगति के बावजूद बढ़ती संख्या में विचारवान लोगों ने महसूस किया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था भीतर ही भीतर खोखली होती जा रही है। इसे सही अथरे में लोगों की भलाई और भागेदारी की व्यवस्था बनाने के लिए इसमें कई महत्त्वपूर्ण सुधारों की जरूरत है। सूचना के जन-अधिकार को भी ऐसे ही एक महत्त्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। पर क्या सूचना के अधिकार का कानून बन जाना ही पर्याप्त है? क्या मात्र इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि सरकार और प्रशासन सही मायने में पारदर्शी हैं और वे लोगों से कुछ छुपाना नहीं चाहते? अमेरिका में बहुत समय से सूचना के अधिकार/स्वतंत्रता का कानून मौजूद है**





**भारत डोगरा**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

मई 2005 में जब भारतीय संसद ने सूचना के जन-अधिकार का राष्ट्रीय स्तर का कानून पास किया तो लोकतंत्र को सशक्त करने वाले एक महत्त्वपूर्ण कानून के रूप में इसकी सराहना की गई। कई तरह के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में भारत में जो राष्ट्रीय स्तर का कानून पास हुआ वह थोड़ी-बहुत कमियों के बावजूद कुल मिलाकर एक अच्छा और मजबूत कानून माना गया है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की दुनिया में लोकतंत्र को विश्व स्तर पर बहुत व्यापक मान्यता प्राप्त हुई। जो देश लोकतांत्रिक नहीं थे उन्होंने भी इसे अपनी कमी के रूप में स्वीकार किया और सीमित लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं अपनाने की चेष्टा की। पिछले लगभग दो दशकों में कई देशों में तानाशाहियों को समाप्त कर लोकतांत्रिक सरकारों की स्थापना हुई। पर लोकतंत्र की इस ऊपरी प्रगति के बावजूद बढ़ती संख्या में विचारवान लोगों ने महसूस किया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था भीतर ही भीतर खोखली होती जा रही है। इसे सही अथरे में लोगों की भलाई और भागेदारी की व्यवस्था बनाने के लिए इसमें कई महत्त्वपूर्ण सुधारों की जरूरत है। सूचना के जन-अधिकार को भी ऐसे ही एक महत्त्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है जो किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। पर क्या सूचना के अधिकार का कानून बन जाना ही पर्याप्त है? क्या मात्र इससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि सरकार और प्रशासन सही मायने में पारदर्शी हैं और वे लोगों से कुछ छुपाना नहीं चाहते? अमेरिका में बहुत समय से सूचना के अधिकार/स्वतंत्रता का कानून मौजूद है, पर इसके बावजूद सरकार ने अपने सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णयों के संदर्भ में (विशेष तौर पर इराक पर हमले और तथाकथित आतंकवाद विरोधी युद्ध के संदर्भ में, सैन्य खर्च तेजी से बढ़ाने के संदर्भ में) पारदर्शिता नहीं अपनाई है। सच बात तो यह है कि पूरी विश्व राजनीति को बेहद प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने वाले इराक पर हमले संबंधी निर्णय बहुत थोड़े से सलाहकारों के एक गुट द्वारा लिए गए और आम लोगों को इनके बारे में बड़े योजनाबद्ध ढंग से गुमराह किया गया। रिंचड क्लार्क, जो दस वर्ष तक अमेरिका के आतंकवाद विरोधी अभियान के मुखिया रहे हैं, ने अपनी पुस्तक अगेंस्ट ऑल इनमीजइ में लिखा है : मुझे संदेह है कि शायद ही किसी को बुश को यह समझाने का अवसर मिला हो कि इराक पर हमला करने से अमेरिका पहले से कम सुरक्षित हो जाएगा और उग्रवादी इस्लामी आंदोलन की ताकत बढ़ जाएगी। इ क्लार्क के अनुसार आतंकवाद पर जॉर्ज बुश की प्रतिक्रिया की खास बात यह थी कि जब उन्हें आतंकवाद को पनाह देने वाले देश को सबक सिखाना था तो उन्होंने ऐसे देश को नहीं चुना जो अमेरिका विरोधी आतंकवाद पनपा रहा था, अपितु इराक को चुना जो अमेरिका विरोधी आतंकवाद फैलाने में नहीं लगा था। जब इतने शीर्ष पद पर रहा व्यक्ति पूरी जिम्मेदारी से यह लिखता है तो स्पष्ट है कि उसमें कोई गहरा दर्द है। वैसे अमेरिकी समाज में सूचना की बाढ़ आई हुई है-किसी भी समाचार को निरंतर देने के लिए सैकड़ों प्रसार माध्यम समाचार पत्र, पत्रिकाएं, टीवी चैनल आदि मौजूद हैं। बाहरी तौर पर प्रेस की अभिव्यक्ति को गजब की स्वतंत्रता है। इसके बावजूद राष्ट्रपति बुश के दूसरे चुनाव के समय अमेरिकी जनता को एक सबसे महत्त्वपूर्ण मुद्दे के बारे में सही सूचना उपलब्ध नहीं थी। विश्व स्तर पर आम तौर पर यह जानकारी पहुंच चुकी थी कि सद्दाम हुसैन सरकार के पास न तो महाविनाशक हथियार थे और न ही उसका अल कायदा से या 9/11 के हमले से कोई संबंध था। पर इतने व्यापक और तथाकथित बेहद स्वतंत्रइ सूचना तंत्र वाले अमेरिका में अधिकांश मतदाता मानते रहे कि सद्दाम हुसैन की सरकार के पास महाविनाशक हथियार थे और उसका 9/11 के हमले से संबंध था। अमेरिकी नागरिकों की यह गलतफहमी कई सर्वेक्षणों में सामने आई। सवाल वाजिब है कि ऐसा तंत्र, जहां सूचना का अधिकार भी है, सब तरह का सूचनाओं के प्रसार की स्वतंत्रता है, बहुत से माध्यम सक्रिय हैं और अरबों डॉलरों का सूचना उद्योग है, वहां सबसे चर्चित मुद्दे पर सही जानकारी लोगों तक क्यों नहीं पंहुचती है?स्पष्ट है कि सूचना के अधिकार का कानून बनाने के लिए तैयार हो जाने का अर्थ यह नहीं है कि किसी सरकार का चरित्र मूल रूप से पारदर्शी और ईमानदार हो गया है। हां, इतना जरूर है कि सूचना के अधिकार का उपयोग सजगता और समझदारी से किया जाए तो इससे सरकार और प्रशासन को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के अवसर अवश्य उपलब्ध होते हैं। हमें कानून की संभावनाओं और सीमाओं, दोनों के प्रति सचेत रहते हुए मात्र कानून बनने से लक्ष्य प्राप्त हुआ नहीं मान लेना चाहिए। इस कानून से जो अवसर प्राप्त हुए हैं, उनका उपयोग करते हुए पारदर्शिता और लोकतंत्र को सशक्त करने के प्रयास निरंतर जारी रहने चाहिए। यदि नागरिकों ने ऐसी सजगता और सक्रियता नहीं दिखाई तो सरकारें पारदर्शिता का प्रदर्शन अधिक करेंगी पर पारदर्शिता को आत्मसात कम करेंगी। पारदर्शिता केवल किसी सरकार या सरकारी संस्थान के लिए नहीं अपितु सभी सामाजिक संस्थानों-संगठनों और सार्वजनिक जीवन जीने वाले सभी व्यक्तियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इन सब के लिए पारदर्शिता का अर्थ किसी वैधानिक मजबूरी से कहीं अधिक व्यापक होना चाहिए। पारदर्शिता का अर्थ केवल यह नहीं है कि यदि कानून ने हमें कोई सूचना सार्वजनिक करने के लिए कहा है

# चुनावी चन्दा बांड की वकालत का मतलब.....

राकेश अचल

आप भी परेशान हैं और एक लेखक के नाते मै भी परेशान हूँ, क्योंकि हर बात अब राजनीति से शुरू होकर राजनीति पर ही समाप्त हो रही है। , जबकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कहते हैं कि- हर बात में राजनीति नहीं देखना चाहिए। मै चाहता हूँ कि मुझे हर दिन मोदी जी का नाम न सुमरना पड़े, लेकिन दुर्भाग्य कि मोदी जी का नाम लिए बिना कोई बात न बनती है और न बिगड़ती है। मोदी यानि 56 इंच का सीना, मोदी जी यानि उलटा चोर कोतवाल को डाटे। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित किये जा चुके चुनावी चन्दा बांड्स को लेकर प्रधानमंत्री मोदी जी गर्व के साथ ही नहीं बल्कि सीना ठोंक कर कह रहे हैं कि जो लोग आज इलेक्टोरल बांड्स को लेकर नाच रहे हैं, वे कल पछतायेंगे। मोदी जी ने बात जिस दमखम से कही है उससे लगता है कि वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नहीं मानते। उनकी नजर में इलेक्टोरल बांड्स आज भी गंगाजल की तरह पावन हैं। एक टीवी इंटरव्यून के दौरान जब उनसे यह पूछा गया कि- क्या चुनावी बॉण्ड डेटा से सत्तारूढ़ भाजपा को झटका लगा है? तो माननीय मोदी ने कहा, मुझे बताइए कि हमने ऐसा क्या कर दिया कि मैं इसे एक झटके के तौर पर देखूं ! मेरा दृढ़ विश्वास है कि जो इसे (बॉन्डक के विवरण) को लेकर हंगामा कर रहे हैं और इसपर गर्व कर रहे हैं उन्हें पछतावा होगा। देश कि सबसे बड़ी अदालत के फैसले को देश का सबसे बड़ा और जिम्मेदार आदमी ही यदि खारिज करता दिखाई दे तो किसी दूसरे से कोई क्या उम्मीद कर सकता है? उन्होंने जोर देकर कहा कि -कहा कि कोई भी प्रणाली पूरी तरह से सही नहीं है और खामियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय पर हंगामा करने वाले लोग पछताएंगे। जाहिर है कि मोदी जी हैं तो, न संविधान बड़ा है और न कोई अदालत। वे सबसे ऊपर थे, हैं और रहेंगे। और ये स्वाभाविक है। यदि उनकी सरकार तीसरी बार बनी तो तय मानिये कि मोदी जी इस असंवैधानिक घोषित किये जा चुके इलेक्टोरल बांड को ससम्मान संवैधानिक बना देंगे, क्योंकि ये बांड उनकी पार्टी के लिए कामधेनु साबित हुए हैं। दरअसल मै मोदी जी का जितना बड़ा और मुखर आलोचक हूँ उतना ही प्रशंसक भी।

वे जिस हिकमत अमली से गलत को सही और सही को गलत साबित करने में माहिर हैं, वैसा देश में आज कोई दूसरा नेता नहीं है। मोदी जी जैसा दमखम पूर्व के किसी प्रधानमंत्री में था ही नहीं। इंदिरा गाँधी में भी नहीं, जबकि वे तो तबकी भाजपा (जनसंघ) के लिए दुर्गा थीं। इंदिरा जी को भाजपा (जनसंघ) ने उदारतापूर्वक 1971 के भारत-पाक संग्राम के बाद बांग्लादेश बनवाने के लिए दुर्गा कहा गया था, कांग्रेससियों को चाहिए कि वो मोदी जी को देश को जबरन विश्वगुरु बनाने के लिए तांडव करने वाला शिव कहकर उऋण हो जाये। मोदी जी ने कांग्रेस द्वारा पिछले साढ़े छह दशक में जितना कुछ किया था, उसे एक दशक में ध्वस्त कर दिया। निर्माण और ध्वंश दो समानांतर क्रियाएं हैं, कोई देश बनाता है तो कोई देश बिगाड़ता है। मोदी जी दोनों काम एक साथ कर रहे हैं। वे अपने सपनों का देश बना रहे हैं, जिसमें उनके अलावा कोई दूसरा सुप्रीम नहीं है। फिल्म निमार्ता मनोज कुमार यदि आज अपनी कोई नई फिल्म बनाते तो उसमें गीत के बोल होते - मै उस देश का वासी हूँ, जिस देश में मोदी होते हैं इस देश को एक मोदी बना रहा है तो दस मोदी बिगाड़ रहे हैं। आज किसी भी राजनीतिक दल में, किसी सामाजिक कार्यकर्ता में इतनी क्षमता नहीं है कि वो इलेक्टोरल बांड के मामले में मोदी जी पैरवी को सुप्रीम कोर्ट कि अवमानना बताने का दुस्साहस कर सके। खुद सुप्रीम कोर्ट भी शायद मोदी जी के वक्तव्य को चुपचाप सुनकर अपमान का घूँट पीकर रह जाएगा। इलेक्टोरल बांड के समर्थन में सीना ठोंककर खड़े होना कोई आसान बात नहीं है। ये वो शौर्य है जिसके लिए मोदी जी को परमवीर चक्र दिया जा सकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने ने कहा कि उनकी सरकार की चुनावी बॉण्ड योजना के कारण ही चंदे के स्रोतों और इसके लाभार्थियों का पता लगाया जा सका।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व विधायक उज्जवल रमण सिंह ने ली कांग्रेस की सदस्यता

प्रयागराज से सपा के पूर्व विधायक उज्जवल रमण सिंह ने मंगलवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उन्हें सदस्यता दिलाई। कांग्रेस ने उन्हें प्रयागराज से लोकसभा चुनाव लड़ाने का फैसला किया है। सपा के करछना से दो बार विधायक रह चुके उज्वल रमण सिंह इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार होंगे। यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि कौन कहां से लड़ेगा, आज शाम तक सब क्लीयर हो जाएगा। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रयागराज नेहरू परिवार का गृह क्षेत्र रहा है। वहां से उज्जल रमण का आना पार्टी के लिए अहम है। उनके आने से पार्टी को ताकत मिलेगी। वह सपा में लंबे समय तक रहे। वह लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उज्जवल रमण के आने से पार्टी को ताकत मिली है। उनके साथ मिलने से पूरे प्रदेश में दमदारी से चुनाव लड़ा जाएगा। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि गठबंधन के तहत प्रयागराज में नई इबारत लिखी जाएगी।

### दार्जिलिंग लोकसभा सीट से कांग्रेस ने मुनीष तमांग को मैदान में उतारा

पश्चिम बंगाल की एक और लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। उत्तर बंगाल की दार्जिलिंग लोकसभा सीट पर पार्टी की ओर से मुनीष तमांग को मैदान में उतारा गया है। गोरखालैंड आंदोलन के बड़े नेताओं में शामिल रहे मुनीष तमांग लंबे समय तक भाजपा के सहयोगी रहे हैं। चार दिन पहले ही 28 मार्च को उन्होंने दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली थी। इसके बाद से इस बात की अटकलें लगाई थीं कि उन्हें दार्जिलिंग लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। मुनीष भारतीय गोरखा परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद तमांग ने कहा था कि मैं समग्र भारत को लेकर आगे बढ़ने के लिए कांग्रेस में शामिल हुआ हूं। बीते कई सालों से हमारे गोरखा समुदाय ने भाजपा को मौका दिया, लेकिन उसके बदले हमारे समुदाय को धोखे के अलावा कुछ नहीं मिला है।

### बुलंदशहर में डबल मर्डर से सनसनी

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में डबल मर्डर से सनसनी फैल गई है। फूफा और भतीजे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। दोनों के शव गंगा नगर की पटरी पर मिले थे। मृतकों की पहचान सुधीर गर्ग और राजीव गर्ग के रूप में हुई है। दोनों को चाकू से कई दफा गोदा गया। शव लहूलुहान अवस्था में हैं। बुलंदशहर एसएसपी समेत जिले के आला अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएसपी ने बताया, थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के पास दो व्यक्तियों के शव मिले हैं। ये आपस में रिश्तेदार हैं। इनमें से एक व्यक्ति जन सुविधा केंद्र चलाते हैं। दोनों जन सुविधा केंद्र गए थे। दरअसल, दोनों को किसी को कोई दस्तावेज देना था। वहीं, इनके दुकान पर काम करने वाले व्यक्ति ने ही इन्हें स्कूटी से छोड़ा था, लेकिन इसके बाद ये घर नहीं लौटे। एसएसपी ने आगे कहा, अब इनके शव मिले हैं। शरीर पर चोट के कई निशान हैं। बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है। परिवार द्वारा जो तथ्य बताए गए हैं, उसके आधार पर हमारी टीम घटना की जांच में जुट गई है। वहीं, मामले में चिन्हित किए गए लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है। शीघ्र ही इस घटना से पर्दा उठ जाएगा।

# भाजपा ही भ्रष्टाचारियों और माफिया को जेल भेज सकती है : मुख्यमंत्री योगी



**पीलीभीत, एजेंसी**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पीलीभीत में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में कहा कि भाजपा ही भ्रष्टाचारियों और माफिया को जेल भेज सकती है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के मंत्री और भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के पक्ष में वोट की अपील की। सीएम ने कहा कि याद करिए सपा हो या कांग्रेस उनकी पार्टी का अध्यक्ष केवल एक खानदान का ही व्यक्ति हो सकता है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक सामान्य गरीब परिवार से निकलकर पूरा जीवन देश के लिए समर्पित करने वाले हैं। उनके लिए 140 करोड़ का भारत ही उनका परिवार है। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकाल को आपने देखा है, जब युवाओं के हाथों में रोजगार की जगह तमंचे लहराते थे। हमने युवाओं को टैबलेट देने का काम किया है। प्रदेश में सपा, कांग्रेस और बसपा के लोग आएंगे तो माफिया राज साथ लेकर आएंगे। वहीं, भाजपा कानून के राज में विश्वास करती है। यह चुनाव भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों और माफिया की जगह जेल होनी चाहिए, यह तय करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार चाहिए, यह कार्य भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में ही हो सकता है। हमारी पीढ़ी खुद को सौभाग्यशाली मानती है कि क्योंकि हमने बदलते हुए भारत को देखा है। 2014 के पहले देश में अविश्वास और अराजकता थी। आम जनमानस में सरकार, सत्ता और राजनीतिज्ञों के प्रति विश्वास नहीं रह गया था। ऐसे में दुनिया ने भारतवासियों को सम्मान देना बंद कर दिया था। वह एक दौर था, जब अन्नदाता किसान आत्महत्या कर रहे थे। युवा पलायन को मजबूर थे। देश में उग्रवाद और नक्सलवाद हावी था। वहीं, 2014 के बाद देश की तस्वीर बदल गयी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश और प्रदेश का नौजवान अब पलायन नहीं करता है बल्कि खुद का स्टार्टअप स्थापित कर रहा है। बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं, बल्कि फाइटर पायलट बनकर भारत की सुरक्षा का सिंहनाद कर रही हैं। देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। प्रदेश में अपराधी-माफिया पस्त और बेटी-व्यापारी सुरक्षित हैं। प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। भारत अपनी विरासत और विकास दोनों में बेहतर समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है।

## सिमथला में जलभराव की समस्या लोगों के लिए बनी मुसीबत

**प्रात: किरण संवाददाता**

गंगेश्वरी। ब्लाक क्षेत्र के गांव सिमथला में जलभराव की समस्या लोगों के लिए मुसीबत का सबब बनी है। ग्रामीणों का आवागमन तक दुश्वार है। प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। समस्या के समाधान की गुहार लगाई।प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि काफी समय से गांव के मुख्य माग पर जल भराव व गंदगी पसरी है। सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एडीओ पंचायत से शिकायत की गई, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शनकारी दीपक त्यागी का कहना है कि गांव में सफाईकर्मी सफाई करने के लिए बहुत कम आता है। जलभराव व गंदगी से आवागमन में दुश्वारी संग संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी बना है। डीएम से समस्या के समाधान की गुहार लगाई। इस दौरान दीपक त्यागी, फूल सिंह, राजेश कुमार, कपिल कुमार, मुन्नू सिंह, गंगासरन, पुष्पेंद्र कुमार, रियासत, गफूर अली आदि मौजूद रहे। उधर,बीडीओ अरुण कुमार ने इस बाबत शिकायत नहीं मिलने की बात कही। आचार संहिता हटने के बाद समस्या का स्थायी समाधान कराने की बात कही।

## काशी विश्वनाथ में एक दिन में पहुंचे 6 लाख से भी अधिक श्रद्धालु, नया रिकॉर्ड



**वाराणसी, एजेंसी**

रविवार को 6 लाख से भी अधिक श्रद्धालु काशी विश्वनाथ दर्शन करने पहुंचे। इस आंकड़े ने नया रिकॉर्ड स्थापित कर दिया है। खास बात यह है कि गैर-त्योहार के मौके पर पहली बार इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु काशी विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंचे। इससे पहले, मार्च में 95 लाख से अधिक श्रद्धालु काशी विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंचे थे। काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विद्या भूषण मिश्रा ने कहा, 31 मार्च को 6,36,975 लाख श्रद्धालु काशी विश्वनाथ दर्शन करने पहुंचे। किसी गैर-त्योहार के मौके पर पहुंचने वाले क्षद्धालुओं की यह अब तक की सबसे बड़ी संख्या है। उनके मुताबिक, इस साल मार्च महीने की तुलना में पिछले साल मार्च में करीब 37,11,060 श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ धाम के दर्शन किए थे। सीईओ ने कहा, अगर हम त्योहार के लिहाज से देखें तो इससे पहले अगस्त महीने में 95,62,206 श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे। पूरे मार्च में 95,63,432 श्रद्धालु मंदिर दर्शन करने पहुंचे। न्होंने कहा, 24 घंटे के दरम्यान 18 मार्च को काशी विश्वनाथ के दर्शन करने 5,03,024 लाख से भी अधिक श्रद्धालु पहुंचे। 31 जनवरी के बाद सामान्य दिनों के दौरान औसत फुटफॉल प्रति दिन 1.5 लाख से ऊपर हो गया है। मंदिर पदाधिकारियों के मुताबिक, पुनर्निर्मित काशी विश्वनाथ धाम के खुलने से पहले मंदिर में प्रति दिन औसतन 20,000 लोग आते थे और महा शिवरात्रि जैसे विशेष अवसरों पर यहां 2.5 लाख से अधिक भक्त आते थे।

## श्री वेंक्टेश्वरा में युवा संवाद सम्मेलन-2024 का शानदार आयोजन



**प्रात: किरण संवाददाता**

अमरोहा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में युवाओं का विकसित राष्ट्र एवं अखण्ड भारत निर्माण में योगदान के निमित युवा संवाद सम्मेलन-2024 का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री, युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार श्री अनुराग ठाकुर ने युवाओं को राष्ट्र विकास की रीढ़ बताते हुए उनसे विकसित भारत निर्माण के लिए धर्म, सम्प्रदाय, क्षेत्रवाद एवं जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद की शपथ दिलायी। इसके साथ ही उन्होंने अखण्ड भारत निर्माण के लिए युवाओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की।श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के प. दीनदयाल मुख्य स्मृति द्वार पर आयोजित युवा संवाद सम्मेलन-2024 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री भारत सरकार श्री अनुराग ठाकुर, संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, आई.टी. सैल के प्रदेश कोर्डिनेटर श्री नरेन्द्र भारती एवं भाजयुमों अध्यक्ष शुभम चौधरी आदि ने माँ भारती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया।अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि युवा शक्ति के दम पर भारत फिर से पूरे विश्व का सिरमौर बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आज हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन एवं यूरोप समेत पूरी दुनिया के लोग भारतीयों के स्वागत के लिए रेड कॉरपेट बिछा रहे हैं। ये बढ़ते हुए *ह्यह्यबुलन्द भारत की बुलन्द तस्वीरह्यह्य* है। उन्होंने अखण्ड भारत निर्माण के लिए उपस्थित हजारों युवाओं से शत्प्रतिशत मतदान की अपील भी की।इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, सलाहकार आर.एस. शर्मा, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. रामनिवास शर्मा, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. अनिल कुमार जैसवाल, डॉ. विश्वनाथ झा, एना ऐरिक ब्राउन, डॉ. एल.एस. रावत, डॉ. मोहित शर्मा, विशाल शर्मा, अरूण कुमार गोस्वामी, विशाल शर्मा, मारूफ चौधरी, मंजरी राना, एस.एस. बघेल मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## यूपी : लोगों से जुड़ने के लिए बीजेपी करेगी नुक्कड़ सभाएं



**लखनऊ, एजेंसी**

यूपी बीजेपी आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कमर कस चुकी है। पार्टी की प्रदेश इकाई ह्यडोर टू डोरह्ल कैंपन शुरू करने जा रही है। इसके अलावा पार्टी ने लोगों के साथ अपने संपर्क प्रगाढ़ करने के मकसद से स्ट्रीट मीटिंग करने का भी फैसला किया है। भाजपा प्रदेश महासचिव (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि पार्टी ने प्रदेशवासियों के साथ वार्ता स्थापित करने का फैसला किया है, ताकि उनके साथ संस्कृति, वित्तीय, रणनीतिक और अर्थव्यवस्था में हुए विकास को लेकर विस्तृत परिचर्चा कर सकें। सिंह ने कहा कि पार्टी ने अपनी प्रगति रिपोर्ट अब प्रदेश की जनता के समक्ष प्रस्तुत करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, लोगों से संपर्क स्थापित करने के मकसद से हमारे लिए हमेशा से ही डोर टू डोर कैंपन और स्ट्रीट कॉर्नर मीटिंग विश्वनीय माध्यम रहा है। जनसभा भी हमारे लिए लोगों तक पहुंचने का सर्वाधिक उपयुक्त जरिया रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पिछले एक दशक में विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। अब हमारी पार्टी जनता के समक्ष यह बताना चाहती है कि हमारी सरकार कैसे समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस से अलग रही है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर सहित विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों का विकास सदियों से लोगों की इच्छा को पूरा करने की भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है

## मुरादाबाद पहुंचे अनुराग ठाकुर ने कार्यकताओं से कहा, सोशल मीडिया के महत्व को समझिए

**मुरादाबाद, एजेंसी**

मुरादाबाद में भाजपा की तरफ से सोशल मीडिया लोकसभा वॉलिंटियर्स सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया व लोकसभा वॉलिंटियर्स की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस बीच, उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि सब भ्रष्टाचारी एक मंच पर इकट्ठा हो रहे हैं। अभी चार भ्रष्टाचारी जेल गए हैं। दो और जेल जाने वाले हैं। इस लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी कुंवर सर्वेश कुमार के लिए वोट की अपील के साथ ही सोशल मीडिया लोकसभा वॉलिंटियर्स को सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जानकारी दी गई। इस दौरान अनुराग ठाकुर ने इंडिया गठबंधन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन में सब भ्रष्टाचारी हैं। सभी भ्रष्टाचारी एकजुट होकर साथ आ गए हैं। भाजपा मोदी सरकार की उपलब्धियों पर सरकार बनाने वाली है। भविष्य में हम देश को विकसित भारत बनाने वाले हैं। विपक्ष के नेता देश को टुकड़ों में बांटना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, ये लोगों को जाति, धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं। हमें उस पर नहीं जाना, हम अपनी उपलब्धियों पर ही सरकार बनाएंगे। इंडिया गठबंधन देश के टुकड़े करना चाहता है। हम देश को एकजुट बनाएंगे और हम भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई करेंगे।

## मुरादाबाद सीट से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा का मुस्लिम बाहुल्य इलाके में हो रहा भारी विरोध



**मुरादाबाद, एजेंसी**

समाजवादी पार्टी ने इस बार मुरादाबाद सीट से एसटी हसन का टिकट काटकर रुचि वीरा पर दांव लगाया है। इसके बाद एसटी हसन के समर्थक सपा के शीर्ष नेतृत्व से नाराज हैं। वो सपा के इस फैसले की खुलकर आलोचना कर रहे हैं। बीते दिनों एसटी हसन समर्थकों ने रुचि वीरा का पुतला तक फूंका था। इस बीच, रुचि वीरा मुस्लिम बाहुल्य इलाके में चुनाव प्रचार करने पहुंची, तो उन्हें लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कांग्रेस पार्षद सद्दाम हुसैन एक सभा को संबोधित करते हुए नजर आ रहे हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, रुचि वीरा जी, आप मुरादाबाद में गठबंधन की प्रत्यासी बन कर आई हो, अच्छी बात है। मगर डॉ एसटी हसन साहब, सैय्यद हैं, वो हमारे नवी के परिवार से तालुक्क रखते हैं। मैं आपको बता दूं, हम सब लोग सय्यदों के गुलाम हैं, हम सय्यदों की इज्जत करते हैं और उनके लिए हम अपनी गर्दन कटा देंगे, अपने आप को तबाह कर देंगे, शहीद कर देंगे, मगर हम उनका अपमान नही झेल सकते। कांग्रेस पार्षद ने आगे कहा, आप पूरी लोकसभा में घूमती फिर रही हैं, लेकिन आप एक बार भी डॉ एसटी हसन साहब के पास नहीं गई। आपको जाना चाहिए था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा मुरादाबाद सीट से टिकट काटे जाने के बाद एसटी हसन ने कहा था कि अखिलेश यादव ने मझे सूचित किया कि मुझे इस सीट से नामांकन दाखिल करना है, लेकिन ऐन वक्त पर एक मोहतरमा ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया। जाहिर सी बात है कि किसी कारण ही अखिलेश ने मेरा टिकट काटकर रुचि वीरा को चुनावी मैदान में उतारने का फैसला किया है।

## भाजपा जातिवाद, परिवारवाद व तुष्टिकरण के लिए नहीं विकास के लिए कर रही काम: नड्डा

**जबलपुर, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्ष सेवा, सुशासन और विकास के रहे हैं। जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण एवं वोटबैंक की राजनीति को समाप्त कर भाजपा सरकार ने विकासवादी राजनीतिक संस्कृति की स्थापना की है। भ्रष्टाचार के खिलाफ हम प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं, वहीं विपक्ष भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा बन गया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भ्रष्टाचार मुक्त और सुशासन युक्त भारत निर्माण के लिए जनता एनडीए को 400 से अधिक सीटों पर भव्य विजय दिलाएगी। एक दिन के प्रवास पर जबलपुर आए नड्डा ने मंगलवार को ह्यप्रबुद्धजन सम्मेलनह्ल को संबोधित करते हुए कहा कि पहले जाति के बिना बात नहीं होती थी। परिवारवाद की राजनीति होती रही है। तुष्टिकरण की राजनीति होती थी, लेकिन मोदी सरकार ने विकासवाद की राजनीति की एक नई शुरूआत की है। कांग्रेस हमेशा से बांटने की राजनीति करती आई है लेकिन भाजपा ने सबको साथ लेकर राजनीति की है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला परिवार की पार्टी, मुफ्ती मुहम्मद की परिवार की पार्टी, बंगाल में दीदी की परिवार की पार्टी, लालू यादव की परिवार की पार्टी, मुलायम की परिवार की पार्टी और कांग्रेस मां-बेटे की पार्टी है। ऐसे में आपका वोट किसी परिवार की आवश्यकता नहीं बल्कि देश की आवश्यकता है। भाजपा परिवारवाद में विश्वास न रखते हुए देश के संपूर्ण विकास में अपना विश्वास रखती है और इसी कार्य के लिए वह संकल्पित है। नड्डा ने कहा कि इंडी एलायंस भ्रष्टाचारियों को बचाने का अलायंस है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सरकार के दौरान देश में टिटनेस टीका आने में ही 40 साल लग गए, जबकि भाजपा की केंद्र में सरकार रहते हम एक साल के अंदर कोरोना की वैक्सीन बनवाने में कामयाब रहे। दुनिया के कई देशों की हम सेवा कर पाए। आर्थिक ग्रोथ की बात करते हुए भाजपा अध्यक्ष का कहना रहा कि मूडीज का सर्वे आज सभी के सामने है। वह और इस प्रकार के अनेक सर्वे बता रहे हैं कि आने वाले समय में भारत की ग्रोथ रेट आठ प्रतिशत होगी। आज जब कांग्रेस महंगाई की बात करती है तो बहुत आश्चर्य होता है, क्योंकि कांग्रेस के समय कभी महंगाई का औसत 10 प्रतिशत से कम नहीं रहा जबकि भारत का ग्रोथ रेट 6.4 प्रतिशत वर्तमान में है। उन्होंने कहा कि आज हम विश्व में पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था हैं। नड्डा का कहना था कि भाजपा ही वह पार्टी है, जो साफ मन से दलित, गरीब, शोषित और पिछड़ों की बात करती है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद से अब तक 10 करोड़ बहनों को उज्ज्वला कनेक्शन देकर उनका जीवन बदलने का प्रयास संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि आज पीएम मोदी ने 12 करोड़ लोगों को घर देकर उन्हें सम्मान के साथ अपने घर में रहते हुए जीवन व्यतीत करने का अवसर मुहैया कराया है। कांग्रेस के जमाने 18 हजार गांव अंधेरे में थे, लेकिन केंद्र में जब भाजपा की सरकार बनी, तभी से मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में रहा कि इस अंधेरे को जल्द से जल्द दूर करना है। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में नारी शक्ति वंदन विधेयक के कारण 33 प्रतिशत महिलाएं संसद में होंगी। इसके साथ भाजपा अध्यक्ष ने 2028 में होने वाले लोकसभा चुनाव में महिलाओं की राजनीतिक स्थिति एवं संसद में उनके प्रतिशत को भी रेखांकित कर दिया।

## मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए उद्धव ठाकरे ने हिंदू विरोधियों से हाथ मिलाया: दिनेश शर्मा



**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महाराष्ट्र प्रदेश चुनाव प्रभारी और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर कुर्सी के लिए हिंदू विरोधियों से हाथ मिलाने का आरोप लगाया है। डॉ. शर्मा ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन सभी 48 सीटें जीतने वाला है। इसमें कोई शक नहीं रह गया है। डॉ. दिनेश शर्मा मंगलवार को मुंबई के नरीमन पाईंट स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शर्मा ने कहा कि बाला साहेब ठाकरे ने हमेशा कांग्रेस का कड़ा विरोध किया। हिंदुत्व के कट्टर समर्थक बालासाहेब कांग्रेस के हिंदू विरोधी चरित्र को जानते थे, जबकि उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री पद पाने के लिए राम मंदिर का विरोध करने वाली कांग्रेस से हाथ मिलाकर मतदाताओं को धोखा दिया। इस चुनाव में मतदाता इस विश्वासघात को करारा जवाब देंगे। महाविकास आघाड़ी के प्रति मतदाताओं के गुस्से के कारण यूबीटी, कांग्रेस और शरद पवार की महाविकास आघाड़ी को चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि हिंदू विरोधी कांग्रेस ने डॉ. बाबा साहब अंबेडकर को लोकसभा चुनाव में कैसे हार दिलवाई थी, इसका इतिहास महाराष्ट्र जानता है। राज्य के उत्पीड़ित और वंचित लोगों को यह बात पसंद नहीं आई कि उद्धव ठाकरे ऐसे अंबेडकर विरोधी समूहों के साथ गठबंधन करें। ये जनता चुनाव में उद्धव ठाकरे, कांग्रेस को सबक सिखाए बिना नहीं शांत बैठेगी। डॉ. शर्मा ने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस का महायुती गठबंधन सभी 48 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ मैदान में उतरा है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सभी सीटें जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शानदार जीत का तोहफा देंगे। इस अवसर पर भाजपा लोकसभा चुनाव व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष श्रीकांत भारतीय, मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये, मीडिया विभाग के प्रमुख नवनाथ बन, प्रदेश प्रवक्ता अतुल शाह, वरिष्ठ नेता जयप्रकाश ठाकुर, प्रवीण घुगे आदि उपस्थित थे।

## मध्य प्रदेश के लोकसभा चुनाव में परिवारवाद की छाया




**भोपाल, एजेंसी**

मध्य प्रदेश के लोकसभा चुनाव में परिवारवाद की छाया भी नजर आ रही है। यहां सियासी घरानों के प्रतिनिधि ताल ठोकते नजर आ रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन स्थानों पर इन घरानों के प्रतिनिधि मैदान में हैं, वहां चुनाव रोचक भी है। राज्य में लोकसभा चुनाव प्रचार की गर्माहट धीरे-धीरे बढ़ने लगी है और प्रचार अभियान भी गति पकड़ रहा है। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं और भाजपा सभी स्थानों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम तय कर चुकी है। जबकि, कांग्रेस को 28 स्थान पर चुनाव लड़ना है और वह अब तक सिर्फ 25 उम्मीदवारों के नाम का ही फैसला कर पाई है। अभी तीन संसदीय क्षेत्र ग्वालियर, मुरैना और खंडवा के लिए उम्मीदवार तय करना बाकी है। राजनीति में परिवारवाद सियासी मुद्दा रहता है। मगर, टिकट वितरण में लगभग हर बार परिवारवाद की छाया साफ नजर आती है। इस मामले में कोई किसी से पीछे नहीं रहता। राज्य की बात करें तो गुना संसदीय क्षेत्र से सिंधिया राजघराने के प्रतिनिधि के तौर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। सिंधिया राजघराने के कई प्रतिनिधि सियासत में सक्रिय रहे हैं और सांसद से लेकर केंद्रीय मंत्री तक बने हैं। इसी सीट पर कांग्रेस ने भी परिवारवाद को महत्व दिया है और राव यादवेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। उनके पिता भाजपा से कई बार विधायक रहे हैं। बात राजगढ़ की करें तो यहां से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। उनके बेटे जयवर्धन सिंह राघौगढ़ से विधायक हैं। इसी तरह छिंदवाड़ा से कांग्रेस ने एक बार फिर नकुलनाथ को उम्मीदवार बनाया है और उनके पिता कमलनाथ वर्तमान में विधायक हैं। भाजपा ने रतलाम झाबुआ संसदीय क्षेत्र से अनीता सिंह चौहान को मैदान में उतारा है और उनके पति नागर सिंह चौहान वर्तमान में डॉ. मोहन यादव की सरकार में मंत्री हैं। समाजवादी पार्टी के खाते में सियासी समझौते के चलते खजुराहो सीट आई है। यहां से समाजवादी पार्टी ने मीरा यादव को उम्मीदवार बनाया है। वे भी परिवारवाद का हिस्सा हैं क्योंकि उनके पति दीप नारायण यादव उत्तर प्रदेश के झांसी जिले की गरौठा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं। पार्टी ने पहले यहां से डॉ. मनोज यादव को उम्मीदवार बनाया था। लेकिन, दो दिन बाद ही बदलाव कर मीरा यादव को उम्मीदवार बनाया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राजनीतिक दल परिवारवाद को महत्व न देने की बात करते हैं, राजनीति के लिए सबसे नुकसानदायक बताने में भी नहीं चूकते। मगर, जब चुनाव आते हैं तो हर दल अपने-अपने तरह से परिवारवाद को परिभाषित करने लगता है। कोई घोषित उम्मीदवार की योग्यताएं बताने लगता है तो कोई चुनाव जीतने को महत्वपूर्ण बताता है। कुल मिलाकर राजनीतिक दल जो कहते हैं उस पर कायम नहीं रह पाते।

## जनता को बरगला रही है सरकार : डिंपल

**मैनपुरी, एजेंसी**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी व लोकसभा चुनाव में मैनपुरी से सपा उम्मीदवार डिंपल यादव गांव-गांव घूमकर लोगों से वोट मांग रही हैं। इस दौरान वह राजनीतिक सवालों को जवाब भी दे रहीं हैं। अपने प्रचार अभियान के दौरान संवाददाताओं से बात करते हुए डिंपल यादव ने प्रधानमंत्री के बयान कि विकास का अभी ट्रेलर है, पिक्चर बाकी है, पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर हम लोग गांवों में जाएंगे, तो हमे विकास के ट्रेलर की हकीकत का पता चल जाएगा। उन्होंने कि बेरोजगारी की कोई सीमा नहीं है। किसानों का बुरा हाल है। गांवों में बिजली व्यवस्था ध्वस्त है। डिंपल ने कहा कि सरकार मीडिया के जरिए लोगों को केवल बरगला रही है। डिंपल ने यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के इस बयान पर कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया, जिसमें मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री का पद 2047 तक खाली नही हैं, राहुल गांधी इसे भूल जाएं। जेल से अरविंद केजरीवाल के सरकार चलाने पर डिंपल यादव ने कहा कि यह लोकतंत्र में बहुत ही निराशाजनक है कि मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा जा रहा है। लगातार दूसरे मुख्यमंत्री जेल गए हैं। सीबीआई और ईडी के माध्यम से लोगों को सताया जा रहा है और वसूली की जा रही है। डिंपल ने कहा कि चुनावी बान्ड का मामला सामने आने पर लोगों को पता चल गया है कि कौन सी पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त है। सपा नेता ने कहा कि यह समझना होगा ऐसी कौन से तकनीक है कि जिस पर भी भ्रष्टाचार लगता है, वह भाजपा में जाते ही पाक साफ हो जाता है।

# भोजपुर समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भोजपुर समाहरणालय परिसर से एक भव्य रैली का आयोजन किया गया"। इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर वरीय उपसमाहर्ता श्रीमती हीना सह नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग और जिला परियोजना अधिकारी नममि गंगे अमित कुमार सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय समन्वायक साधना रावत ने रवाना किया। रैली भोजपुर समाहरणालय के मुख्य परिसर से विभिन्न मार्गो से होते हुए, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के डाक्टर राधा कृष्ण सभागार में समाप्त हुआ इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार जैसी स्लोगन लिखा था। वरीय उपसमाहर्ता श्रीमती हीना ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों का शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 1 जुलाई को अपना मतदान जरूर करें। जिला परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा की है। मतदान का दिन भारत के सभी नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन भारत के सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाता है। मतदान एक नागरिक का अधिकार है, साथ ही यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकारें बदल सकती हैं, देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। इसलिए, सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपने देश के विकास में योगदान देना चाहिए। इस रैली को सफल बनाने में लिपिक प्रभाकर कुमार, अमानत हुसैन स्वीप कोषांग भोजपुर और सभी महाविद्यालय के चुने गए कैंपस एंबेसडर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के अमियावर स्थित पवित्र रमजान महीने के अवसर पर सोमवार की शाम जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष जहूर अंसारी के नेतृत्व में भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर व्यवस्थापक मो. मुस्तफा के द्वारा इफ्तार पार्टी में उपस्थित होने वाले अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर रोजेदारों समेत अन्य लोगों ने इस तरह के आयोजन को सांप्रदायिक सौहार्द के लिए एक अच्छी पहल बताया। इस अवसर पर हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों, एवं जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर गंगा जमुनी तहजीब को चरितार्थ किया। सभी ने इफ्तार में परोसे गये लजीज व्यंजन का आनंद उठाया और रोजा खोला। इफ्तार में इफ्तार के टेबल को खुजूर समेत विभिन्न प्रकार के फल, एवं पकवान, व पेय पदार्थ से सुसज्जित किया गया था। मौके पर वीआईपी के प्रदेश सचिव गांधी चौधरी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि श्यामूल हक, सरपंच अपूर्व श्रीवास्तव, पूर्व राजद जिला अध्यक्ष प्रवेज आलम, मास्टर मो. उजैर, मो. इस्तेयाक, पूर्व मुखिया सुनिल कुमार सिंह, कारी नूरुल होदा, जितेंद्र सिंह, सफदर अंसारी, छोटू मिस्त्री, पूर्व लिपिक मो. ताज, मुन्ना खान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बाल मजदूरी के लिए ले जा रहे 06 बच्चों को आरपीएफ ने छुड़ाया, एक गिरफ्तार, पूछताछ जारी

प्रातः किरण संवाददाता



रोहतास (बिहार)। खबर बिहार के रोहतास जिले से है जहां सासाराम रेलवे स्टेशन से रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने बाल मजदूरी के लिए ले जा रहे 06 नाबालिक बच्चों को बरामद किया है। मामले में आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह आरपीएफ की टीम सासाराम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर गशत कर रही थी।

इसी दौरान प्लेटफार्म पर 6 नाबालिग बच्चों को एक व्यक्ति के साथ संदिग्ध स्थिति में देखा गया। पूछताछ के क्रम में पता चला कि सभी बच्चों को गुजरात की एक फैक्ट्री में मजदूरी कराने हेतु ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी नाबालिग बच्चे औरंगाबाद जिले के निवासी हैं। जिन्हें बहला-फुसलाकर कर ले जाया जा रहा था तथा गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ चल रही है। बताते चले की बिहार और झारखंड से बड़ी संख्या में दलाल बाल मजदूरी के लिए गाँव के गरीब नाबालिक बच्चों को देश के विभिन्न राज्यों में बाल मजदूरी करने के लिए ले जाते हैं इसके पूर्व में भी रोहतास जिले के डेहरी और सासाराम से बाल मजदूरों को एनजीओ की मदद से आरपीएफ द्वारा नाबालिक बच्चों को दलालों के चंगुल से छुड़ाया जा चुका है।

## चकबंदी अमीन के निधन पर शोकसभा का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



नासरीगंज (रोहतास) प्रखंड सह अंचल चकबंदी कार्यालय अमीन के धनंजय कुमार सिंह का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गई। जिसके निधन से पूरे प्रखंड कार्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। निधन पर चकबंदी के बड़ाबाबू राम लडडू चंद्रवंशी के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अमीन दिवंगत आत्मा के शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी। मृतक अमीन धनंजय कटिहार जिले के बरारी प्रखण्ड के दुगार्पुर निवासी था। जो स्थानीय चकबंदी कार्यालय में अमीन के पद पर कार्यरत थे। वह विगत सात माह से ब्लड कैंसर से पीड़ित थे। जिनका इलाज के क्रम में सोमवार को निधन हो गया। शोकसभा में बीडीओ मो.जफर इमाम, अंचल नाजिर श्रीभगवान सिंह, प्रखण्ड नाजिर संजय कुमार, नागेंद्र कुमार, अमीन शेर अफजल अहमद, अबुजर आलम, अशरफ अली, नागेंद्र कुमार, श्रीभगवान कुमार, सुदामा कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## रसोईयां के क्षमता संवर्धन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

संझौली(रोहतास)। संझौली प्रखंड स्थित गौरी शंकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को मध्यान भोजन के तहत स्वच्छता के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन के निर्माण व वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बीईओ अफरोज आलम की मौजदूगी में एमडीएम प्रभारी शिव शंकर राम व शिक्षक मंडल के द्वारा मध्यान भोजन निर्माण के पूर्व रसोईया के स्वयं की स्वच्छता,किचन शेड व बर्तनों की साफ-सफाई से संबंधित अनेक आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनरो ने मध्यान्ह भोजन के प्रबंधन व संचालन में गुणवत्ता के लिए क्षमता संवर्धन की तकनीकी जानकारी दी। विद्यालय में मिलने वाले पोषक तत्व युक्त फोर्टिफाइड चावल के बनाने के अलावे गैस चूल्हे पर बनने वाले खाने में सावधानी व सिलेंडर से होने वाले दुर्घटना से बचाव की विधवत जानकारी दी गई।

## जनप्रतिनिधि आचार संहिता की उड़ा रहें धज्जियां

### निजी वाहनों पर ध्वनि रहित चोंगा बांध कार्यालय परिसर में घूम रहे सरेआम

प्रातः किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 16 मार्च से ही आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। इसके बावजूद काराकाट लोकसभा क्षेत्र में आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन होते नजर आ रहा है। वाहनों पर अभी भी जनप्रतिनिधि ध्वनि रहित चोंगा सहित अपने पदनाम लिखे नेम प्लेट आदि के साथ वाहन सड़कों पर दे दना दन दौड़ा रहे हैं। जिस संदर्भ में काराकाट प्रखंड के संबंधित अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी कार्रवाई करने से पीछे हट रहे है। इसी की पड़ताल करने जब काराकाट प्रखंड मुख्यालय पहुंचा गया तो हालात बेहद ही चौंकाने वाले थे। जहां देखा गया की अधिकारियों के कार्यालय के गेट के सामने ही कई जनप्रतिनिधियों की वाहन खड़ी थी, जिसपर चोंगा और पदनाम लिखे नेम प्लेट लगी हुई थी। फिरभि अधिकारी मैन होकर सबकुछ अपने आंखो से देखते हुए भी अंजान बने हुए है। और आदर्श आचार संहिता की धजिया उड़ा रहे हैं। जनप्रतिनिधि खुद जिन गाड़ियों घूमते है उसपर पदनाम व चोंगा बांध बेधड़क होकर घूम रहे है और आचार संहिता का उल्लंघन करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि आदर्श आचार संहिता लागू हुए 16 दिन हो चुके हैं, लेकिन काराकाट के अधिकारी व पुलिस नियम का कड़ाई से पालन नहीं करवा पा रही है। जिस वजह से जनप्रतिनिधि बेधड़क आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते नजर आ रहे हैं। और चार पहिया वाहनों पर चोंगा और पदनाम लिखे नेम प्लेट लगा कर घूमते साफ नजर आ रहे हैं। जब इस संबंध में काराकाट अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार से जानकारी लिया गया तो उन्होंने कहा की हमारे संज्ञान में नहीं था अभी पता चला मैं जांच कर सभी के ऊपर उचित करवाई करेंगे।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी हुए सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता



दिनारा(रोहतास): नटवार रोड स्थित मॉडल चिल्ड्रेन स्कूल का मंगलवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस मौके पर प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। प्रधानाचार्या जेबा खान ने कहा कि इस सत्र का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने इसके लिए बच्चों अध्यापकों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के वर्ष भर की मेहनत का परिणाम है।इसके साथ ही उन्होंने सबको जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने एवं पुरजोर मेहनत करने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर आराध्या ने ह्यकशमीर मांगोगे तो चीर देंगेह्व सुनाई ।अंशिका शर्मा ने अपनी कविता के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। उसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा अष्टम तक के सभी बच्चों का परिणाम की घोषणा की गई ।जिसमें कक्षा नर्सरी में जाकरींन,आयुष रंजन और राज गोविंद ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कक्षा एलकेजी में अंकुश कुमार,अर्श खान और लक्ष्मी कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी में अंश कुमार,दर्पण कुमारी और शिवम कुमार ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा वन में शुभम कुमार,साकृति कुमारी और रागिनी कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा टू में मंतशा आफताब,रागिनी कुमारी और तस्लीम कुरैशी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा थ्री में जश्मी कुमारी,रागिनी कुमारी और पल्लवी कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा फोर में आयुषी कुमारी, मो. जैफ और लक्की आलम ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा फाइव में प्रतिमा कुमारी, मो. अब्दुल्लाह और श्रिया सिंह ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सिक्स में अंशिका कुमारी,कहकशां नूर और रहनुमा आफताब ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सेवन में सोनम कुमारी,दीपू कुमार और रानी कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठ में सोनू कुमार,आमिर नवाज और खुशी कुमारी ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 90.57 प्रतिशत अंक लाकर शुभम कुमार स्कूल टॉपर रहे। सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाली छात्रा सोनम कुमारी रही। बेस्ट बॉय ऑफ द ईयर का अवार्ड दीपू कुमार को मिला।

## भोजपुर में बाइक से गिरकर महिला जख्मी

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के दुर्जनचक गांव में बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला बड़हरा थाना क्षेत्र के राम शहर गांव निवासी चंद्रशेखर राम की पत्नी मंजू देवी है। इधर जख्मी महिला के बेटे मनीष ने बताया कि वह अपनी मां मंजू देवी व चचेरे भाई सिकंदर के साथ बाइक से राम शहर से पटना जा रहा था। उसी दौरान दुर्जनचक गांव के समीप उसकी मां अचानक गस्ती खाकर बाइक से नीचे गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। हादसे जख्मी महिला को सिर में काफी गंभीर चोटे आई है।

## मैट्रिक में रौशन ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लहराया परचम

प्रातः किरण संवाददाता



नोखा (रोहतास) मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट आते ही 90.6 प्रतिशत अंक लाकर छात्र रौशन ने प्रखंड में परचम लहराए। जिसकी सफलता पर उसके परिजनों में खुशी लहर दौड़ गई। जिसको बधाई देने वाले का उसके घरों में तांता लग रहा। बताया जाता हुए कि वह नोखा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मठिया में अपना पठन पाठन करता था। जो थाना क्षेत्र के गगहर गांव निवासी सत्येंद्र सिंह के पुत्र हैं। जिसने अच्छे अंक प्राप्त कर अपने गांव सहित प्रखंड का नाम रौशन कुमार कर दिखाया। जिसका श्रेय उसने माता-पिता सहित शिक्षकों को दिया।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथों का निरीक्षण

शिवसागर (रोहतास) आगामी लोकसभा के मद्देनजर सोमवार को स्थानीय थाना प्रभारी राकेश गोसाई ने थाना क्षेत्र के दर्जनों बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बूथ पर मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। इसमें मुख्य रूप से भवन, पेयजल, शौचालय व चारदिवारी की स्थिति सहित कई अन्य बातों की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय बम्हौर, प्राथमिक विद्यालय गिरधारिया, दुर्गा उच्च विद्यालय शिवसागर, मध्य विद्यालय किरहिंडी, मौनी सहित कई बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी राकेश गोसाई से पूछने पर उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी बूथों की जानकारी वरीय पदाधिकारी को समर्पित की जाएगी। लोकसभा चुनाव के पूर्व जहां भी कोई कमी है उसे हर हाल में दूर करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होने वहां पर मौजूद भौतिक सुविधाओं को भी देखा, जो एक बूथ के लिए पर्याप्त हैं या नहीं हैं। इसी प्रकार पूरे जनपद में बूथों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा आगे भी निरीक्षण लगातार चलते रहेंगे। ताकि मतदान सुचारु रुप से संपन्न कराया जा सके।

## भोजपुर में पूर्व के जमीनी विवाद को लेकर बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव स्थित गेहूं के खेत में पूर्व के जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह खेत में गेहूं काट रहे बाप-बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसमें पिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि पुत्र ने आरा शहर के निजी अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर गांव एवं आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है। जानकारी के अनुसार मृतकों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव निवासी 65 वर्षीय रामाधार सिंह एवं 30 वर्षीय उनका पुत्र मुकेश कुमार शामिल है। वहीं घटना की सूचना पाकर एएसपी परिचय कुमार आरा सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिल घटना की पूरी जानकारी ली। इसके पश्चात पुलिस ने शवो को अपने कब्जे में लेकर उनका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजनों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी एवं उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग को लेकर बाप-बेटे के शव को गांव के मेंन रोड पर सड़क के बीचों-बीच रख सड़क जाम कर दिया। मृतक के आक्रोशित परिजनों द्वारा कुछ देर तक सड़क जाम रखा गया। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी लाइन लगी रही और आवागमन पूरी तरह तप रहा। वहीं सड़क जाम की सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और लोगों को समझा बूझकर जाम को हटवाया।

इधर मृतक रामाधार सिंह के बेटे जगेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2009 से ही आरोपी पक्ष के लोगों से दो कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। मंगलवार की सुबह जब उसके पिता रामाधार सिंह और बड़े भाई मुकेश कुमार गांव में स्थित खेत में गेहूं काट रहे थे। तभी आरोपी पक्ष के लोग हथियार से लैस होकर वहां धमके और ताबड़तोड़ गोली मारकर उसके पिता और भाई की हत्या कर दी। वहीं दूसरी तरफ मृतक के बेटे जगेश कुमार ने गांव के ही विनोद यादव,उसके पुत्र अमन कुमार,चमन कुमार,पिता चंद्रमा सिंह,धर्मेंद्र यादव एवं उनके साथ रहे अन्य लोगों पर पूर्व के दो कट्ठा जमीन के विवाद को लेकर अपने पिता व भाई की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उधर घटना के बाद एसपी प्रमोद कुमार नेतृत्व में एएसपी परिचय कुमार,उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव सहित आधा दर्जन थाना के पुलिसकर्मियों के द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर रघुनीपुर गांव में घेराबंदी की गई।

जिसमें घेराबंदी के दौरान सभी आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगे और आरोपियों द्वारा पुलिस पर लगातार फायरिंग की जाने लगी। जिसके पश्चात जब पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में उन पर फायरिंग की तो फायरिंग के दौरान दो आरोपियों को गोली लग गई। जिसके बाद जख्मी दोनों आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर पुलिस अभीरक्षा में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जबकि अन्य आरोपी वहां से भाग निकले। जिनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जानकारी के अनुसार गोली से जख्मी आरोपियों में उसी थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव निवासी स्व.ललन सिंह का 35 वर्षीय पुत्र जज कुमार एवं चंद्रमा सिंह का 50 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार शामिल है एवं दोनों रिश्ते में चचेरे भाई लगते है। इसमें जख्मी विनोद कुमार को दाहिने जांघ में एवं जख्मी जज कुमार को दाहिने साइड कमर के निचले हिस्से में गोली लगी है।

वहीं इस मामले में इसकी प्रमोद कुमार ने बताया कि उदवंतनगर,संदेश,पवना,अजीमाबाद एवं चांदी थाना सहित अन्य पुलिस बाल के साथ हमलोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा की आरोपी भाग रहे है। तभी उनकी गिरफ्तारी को लेकर घेराबंदी की तो यह लोग भागने लगे और बेलाउर गांव के बगल के गांव के बधार क्षेत्र पहुंच गए। जब हमलोगों ने वहां भी घेराबंदी की तो ये लोग पुलिस पर क्रॉस फायरिंग करने लगे। इनलोगों द्वारा पुलिस पर काफी फायरिंग की गई। लेकिन किसी भी पुलिसकर्मी के साथ कोई हताहत नहीं हुई। लेकिन जब पुलिस द्वारा बचाव के क्रम में फायरिंग की गई तो गोली लगने से दो क्रिमिनल जख्मी हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है और यहां पर स्थित बिल्कुल सामान्य है। वहीं एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि अभी फायरिंग की पुष्टि नहीं हो पाई है की कितनी राउंड फायरिंग की गई है। लेकिन कुछ पुलिस जवान द्वारा बताया गया कि क्रिमिनल के द्वारा करीब बीस राउंड से अधिक फायरिंग की गई है। जिसके जवाब में हमारी पुलिस टीम ने भी कई राउंड फायरिंग की है। उन्होंने बताया कि क्रिमिनलों के पास लगभग पचास से सौ कारतूस होंगे। जिसके कारण वह पुलिस पर लगातार फायरिंग कर रहे थे और भागने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन हमारे टीम ने काफी अच्छा काम किया है और दोनों आरोपियों को धर दबोचा है। बताया जाता है कि मृतक रामाधार सिंह के परिवार में पत्नी सुनैना देवी,तीन पुत्र जगेश,भजेंद्र, फागुन व तीन पुत्री धनवंती देवी,मानो देवी एवं सिकांती देवी है। जबकि मृतक मुकेश कुमार अपने चार भाई व तीन बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सुनैना देवी,पत्नी बेबी देवी व दो पुत्री प्रीती,कृति एवं एक पुत्र शिवम है। घटना के बाद मृतकों के घर में कोहराम मच गया है।

## मारपीट और सड़क जाम दो मामले में विशेष न्यायालय से काराकाट के पूर्व विधायक हुए रिहा



बिक्रमगंज(रोहतास): बिक्रमगंज थाना में मारपीट और सड़क जाम के दर्ज मामले में एमपी, एम एल ए न्यायालय सासाराम के विशेष न्यायाधीश ने काराकाट के पूर्व विधायक संजय यादव सहित सभी चार आरोपियों को मंगलवार को रिहा कर दिया। न्यायालय में जीआर जी आर संख्या झ1147/2010 और जी आर संख्याझ 1407/2010 में माननीय अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी उमेश राय (विशेष न्यायाधीश एम. पी., एम. एल. ए. न्यायलय) ने सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ओमजीत सिंह और लोक अभियोजक की दलीलें सुनने के बाद दोनों मामलों में साक्ष्य के आभाव में रिहा कर दिया। 13 वर्ष बाद आई न्यायालय के इस फैसले पर पूर्व विधायक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह न्याय की जीत है। हमेशा सत्य की जीत हुई है और इस बार भी सत्य की जीत हुई है। उन्होंने ने कहा कि जनसमस्याओं को लेकर सड़क से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करते रहा हूं। और हमेशा करता रहूंगा। विरोधी मेरे मनोबल को तोड़ने के लिए झूठा आरोप लगाया था। लेकिन उनकी साजिश बेनकाब हो गई है। मालुम हो कि इन दोनों मामले में पूर्व विधायक के साथ बिक्रमगंज निवासी मुन्ना सिंह, विनय सिंह, रवि सिंह को भी आरोपी बनाया गया था। विधायक के साथ हीं सभी आरोपियों को रिहा कर दिया गया है।

## दूध बिक्रेता का बेटा मैट्रिक में बना प्रखंड टॉपर



काराकाट (रोहतास) बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है. बिहार बोर्ड 10वीं में शिवांकर कुमार ने टॉप किया है। इस बार मैट्रिक में कुल 82.91 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। परीक्षा 15 से 23 फरवरी तक हुई थी। बिहार बोर्ड ने 10वीं रिजल्ट के साथ टॉपर्स की लिस्ट भी जारी कर दी गई है। जिसमे काराकाट प्रखंड क्षेत्र के बाई डिहारी निवासी सुजीत कुमार ने प्रखंड में टॉप किया है। तो वही नगर पंचायत काराकाट के वार्ड आठ के निवासी देव प्रकाश कुमार ने दूसरे स्थान प्राप्त की । 10वीं बोर्ड परीक्षा में 16 लाख 64 हजार 252 विद्यार्थियों में 13 लाख 79542 उत्तीर्ण हुए हैं। बता दे की प्रखंड टॉपर रहे सुजीत के पिता सुरेश सिंह दूध बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। सुजीत के पिता ने कहा की हम बहुत ही गरीब परिवार से आते है किसी तरह दूध बेचकर अपने बेटा और बेटी की पढ़ाई कराते है। बेटा और बेटी ने प्रखंड में मेरा नाम रौशन किया जिससे हम पूरा परिवार खुश है। आस-पास के लोग खुशी जाहिर करने व बधाई देने हमारे घर आ रहे है जिससे हम पूरा परिवार प्रफुलित है। वही सेवानिवृत प्रधानाधापिका देवांति देवी सुजीत के घर जाकर मिढ़ाई खिलाते हुए उज्वल भविष्य का कामना कर बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### लिपिक के मां का मनाया गया श्राद्धकर्म



नासरीगंज (रोहतास) मंगलवार को नगर क्षेत्र के उच्च विद्यालय के लिपिक आनंद कुमार के मां का लोगों ने श्राद्धकर्म मनाया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने विमला कुंवर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। बताया जाता है कि लिपिक के मां का विगत 20 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया था। जिनके निधन पर प्रखंड क्षेत्र के शिक्षक, विभिन्न दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता सहित आमजन में शोक की लहर दौड़ गयी। मौके पर पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना, शिक्षक अजित सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष लालबाबू, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डा. अमरेंद्र कुमार, प्रधानाध्यापक कन्हैया सिंह, कुश कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### वार्ड 7 में चौपाल लगाकर बीडीओ व सीडीपीओ ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



कैमूर। भभुआ वार्ड 7 में रात्रि में चौपाल लगाकर बीडीओ शशिकांत कुमार एवं सीडीपीओ सरिता रानी ने आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता को लेकर लोगों को जागरूक किया गया है। पदाधिकारी ने बताया कि मतदाता जागरूकता को इसलिए बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि लोग मतदान के दिन बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अपने वोट में भागीदारी बनेंगे। इसके साथ ही लोगों को जागरूक किया गया कि किसी की बहकावे में या किसी के प्रलोभन में आकर मतदान नहीं करेंगे। अपने स्वेक्षा पूर्वक अच्छे प्रत्याशी को चुनकर देश के विकास के लिए अपना मत का प्रयोग करेंगे। इसके बाद मतदाता जागरूकता को लेकर चौपाल में उपस्थित लोगों के बीच शपथ भी दिलाया गया है।

### आरा में अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलटी, चालक जख्मी

आरा। आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के गजराजगंज थाना क्षेत्र के बड़का गांव पुल के समीप मंगलवार की दोपहर अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद गजराजगंज थाना गश्ती पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक गजराजगंज थाना क्षेत्र के महतवलिया गांव निवासी देव किशुन यादव का 25 वर्षीय पुत्र नागेंद्र कुमार है एवं वह पेशे से ई-रिक्शा चालक है। इधर जख्मी चालक नागेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपने गांव से खाली ई-रिक्शा लेकर आरा रहा था। उसी दौरान बड़का गांव पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियो ने उसे चकमा दे दिया। जिसके कारण अनियंत्रित होकर उसकी ई-रिक्शा पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद गजराजगंज गश्ती पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

### पुलिस ने शराब के साथ गाड़ी किया जब्त

चांद। पुलिस ने शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शराब के साथ कार जब्त किया। पुलिस को सूचना मिली की मारुति अर्टिगा का में शराब लेकर उत्तर प्रदेश से बिहार में प्रवेश कर रहा है। पुलिस ने शराब कारोबारी को पकड़ने के लिए नाकेबंदी की पुलिस ने मंगलवार को दोपहर कोनहरा गांव के सामने अर्टिगा काय में 5 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया कार चला रहे चालक रामदेश श्रीवास्तव पिता दरोगा लाल श्रीवास्तव गांव मैनपुर थाना बबुरी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी मो इरफान रजा ने कहा उत्तर प्रदेश से शराब लेकर बिहार में आ रहा था। पुलिस ने शराब बरामद कर गाड़ी जब्त कर लिया।

### महादलित बस्ती पजराव में मतदाताओं को जागरूक करते पंचायत सचिव

बुआंव प्रखंड अंतर्गत पजराव महादलित टोला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी कैमूर के निर्देशानुसार पजराव महादलित बस्ती में मतदाता जागरूकता अभियान के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करते पंचायत सचिव पजराव यमुना राम ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन चुनाव 2024 में सभी मतदाता अपने-अपने मत का प्रयोग करें जाति धर्म लोभ लालच भेदभाव से ऊपर उठकर अपने मत का प्रयोग करें लोकतंत्र निर्माण में सहयोग करें लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी जहां दर्जनों की संख्या में मतदाता उपस्थित रहे।



# सलमान मुझे ज्यादा फिल्में करने और ज्यादा पैसे कमाने को कहते थे

रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म 'स्वातंर्त्यवीर सावरकर' की सक्सेस का जश्न मना रहे हैं। इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में सलमान खान के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बात की। उन्होंने कहा- सलमान ने मुझे एक बार बहुत कीमती एडवाइस दी थी। वो हमेशा मुझे ज्यादा पैसा कमाने और ज्यादा काम करने की सलाह देते रहे हैं। सलमान मुझसे कहते थे कि अगर मैंने अभी काम करके पैसे नहीं कमाए, तो मुझे फ्यूचर में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रणदीप बताते हैं कि उन्होंने सभी सलाह में से बहुत कम का ही पालन किया है। रणदीप ने कहा कि सलमान उनसे बहुत दिलचस्पी के साथ दिल की बातें किया करते हैं।

रणदीप हुड्डा ने कहा कि स्वात्रंत्य वीर सावरकर की शूटिंग के वक्त उन्हें ऐसा फील होता था कि सावरकर उनके आस-पास हैं। रणदीप ने कहा कि जब वे खुद को शीशे के सामने देखते थे तो लगता था कि सावरकर खुद सामने आ गए हैं। रणदीप ने कहा कि उन्होंने खुद को अंडमान के उस जेल में बंद कराया था, जहां सावरकर बंद थे। रणदीप ने आगे कहा कि उन्हें कुछ देर तो कोई फर्क नहीं पड़ा, लेकिन फिर उनका दम घुटने लगा। वो थोड़े समय बाद ही उस कालकोठरी से बाहर निकल गए। रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म स्वात्रंत्य वीर सावरकर की वजह से सुर्खियों में हैं। रणदीप हुड्डा ने रणवीर अल्हाबादिया के साथ इंटरव्यू में कहा- रात में वहां अलग ही टाइप का सन्नाटा होता था। ऐसा लगता था कि वहां कोई है।

## कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था

हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत सारी फिजिकल और फाइनेंशियल चुनौतियों को पार करना पड़ा था। पैसे की कमी की वजह से फिल्म को बंद करने की नौबत आ गई थी। तब उन्होंने वीर सावरकर की बायोपिक के फंडिंग के लिए मुंबई स्थित अपने पिता की प्रॉपर्टीज को बेच दिया था। वहीं, इस फिल्म के लिए उन्होंने बहुत ज्यादा वजन भी कम किया था। वीर सावरकर के रोल को प्ले करने के लिए वो दिन भर सिर्फ बादाम के मक्खन और नट्स पर सर्वाइव करते थे।



# महिला-नेतृत्व वाली परियोजना इस शब्द से मुझे नफरत है

बॉलीवुड स्टार भूमि पेडनेकर को आज भारतीय सिनेमा में सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक माना जाता है। अपने ब्रांड के सिनेमा के माध्यम से, भूमि ने भारत की उल्लेखनीय रूप से आगे की सोच वाली महिलाओं को पेश किया है जो महत्वाकांक्षी, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक, स्वतंत्र और स्वतंत्र सोच वाली हैं। भूमि को महिला-नेतृत्व वाली परियोजनाओं शब्द से नफरत है, जिसका उपयोग हमारे देश में महिला कलाकारों द्वारा सुर्खियों में आने वाले कंटेंट को लेबल करने के लिए किया जाता है क्योंकि कोई भी अन्यथा वर्णन करने के लिए पुरुष-नेतृत्व वाली परियोजनाओं शब्द का उपयोग नहीं करता है। भूमि कहती हैं, यह एक गलत धारणा है कि लोग महिलाओं द्वारा सुर्खियों में आने वाली फिल्में या कंटेंट देखने के लिए तुरंत आकर्षित नहीं होते हैं। ऐसी परियोजनाओं को तुरंत महिला-नेतृत्व वाली परियोजनाओं के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। यह एक कष्टप्रद शब्द है और मैं दिल से इससे नफरत करती हूँ। लिंग लोगों की देखने की पसंद को परिभाषित नहीं करता है। दर्शक अच्छा सिनेमा, अच्छा कंटेंट देखना चाहते हैं. वे लिंग के आधार पर इसे देखना पसंद नहीं कर रहे हैं।

यह हास्यास्पद है। भूमि आगे कहती हैं, अगर ऐसा होता, तो मैं बच नहीं पाती और मैंने स्क्रीन पर उल्लेखनीय रूप से मजबूत महिलाओं का किरदार निभाकर अपना करियर बनाया है! मैं भाग्यशाली रही क्योंकि मैंने उस समय काम करना शुरू किया जब सिनेमा के लिए महिला किरदार लिखे जा रहे थे। मेरे लिए लेखक समर्थित भूमिकाएँ लिखी गईं। मैं भाग्यशाली थी कि निर्देशकों को मेरा अभिनय पसंद आया और उन्होंने मुझे इन अविश्वसनीय रूप से खूबसूरत परियोजनाओं में से कुछ में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना, जिन्होंने महिलाओं को परिवर्तन के आवाज के रूप में दिखाया।

भूमि आगे कहती हैं, मेरी आखिरी हिट भक्षक सामाजिक भलाई के लिए व्यवस्था से लड़ने की एक महिला की इच्छाशक्ति के बारे में थी और यह विश्व स्तर पर एक बड़ी हिट बन गई। इसलिए दर्शकों ने एक महिला कलाकार को एक ऐसे विषय पर सुर्खियां बटोरते हुए देखा, जो पितृसत्ता पर आधारित था और इसकी सारी कुरूपता को दर्शाता था। अगर दर्शक पुरुष-अभिनेता प्रधान प्रोजेक्ट देखना पसंद कर रहे हैं तो ऐसा प्रोजेक्ट कभी हिट नहीं होना चाहिए था। भूमि चाहती हैं कि फिल्म-निर्माता आगे बढ़ें और उसी बजट और पैमाने पर अधिक से अधिक परियोजनाएं बनाएं जो हमारे देश में पुरुष अभिनेताओं को मिलती हैं।

# करिश्मा को पसंद आई करीना की क्रू



करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन अभिनीत फिल्म क्रू बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो क्रू ने केवल तीन दिनों में वर्ल्डवाइड 60 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। अब करिश्मा कपूर ने अपनी बहन की फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा है, इस क्रू ने धमाल मचा दिया है। करिश्मा कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से बड़े पर्दे की एक तस्वीर को साझा किया है। साथ ही साथ उन्होंने फिल्म के कलाकारों को भी टैग किया है। इस फिल्म में जिनमें करीना, तब्बू और कृति सेनन के अलावा दिलजीत दोसांझ शामिल और कपिल शर्मा भी शामिल हैं। करिश्मा कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपनी मूवी-नाईट की कुछ झलकियों को भी अपने फैंस के साथ साझा किया है। तस्वीरों में करीना कपूर के साथ मलाइका अरोड़ा और अमृता अरोड़ा भी नजर आ रही हैं। करिश्मा ने फोटो साझा करते हुए लिखा है, द ओरिजनल ओजी क्रू। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पोस्ट में करिश्मा कपूर से लेकर करीना और मलाइका अरोड़ा तक पजामा-पार्टी करती नजर आ रही हैं। कैजुअल लुक में करिश्मा कपूर की सादगी उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है। एक यूजर ने अभिनेत्री की तारीफ करते हुए लिखा है, करिश्मा कपूर के आगे सभी फीके नजर आ रहे हैं।



# ग्राउंड जीरो और अग्नि में नजर आएंगी सई तम्हणकर

**सई तम्हणकर ग्राउंड जीरो और अग्नि जैसी दो दिलचस्प फिल्मों के साथ एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ अपने रिश्ते को और भी गहरा करती जा रही है , इस प्रोजेक्ट में वे इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के साथ मुख्य भूमिका में नज़र आएंगी।**


सई तम्हणकर के ग्राउंड जीरो और अग्नि में शामिल होने की घोषणा अमेजन प्राइम वीडियो के खास प्रोग्राम में की गई थी जिसने प्रशंसकों के उत्साह को और भी बढ़ा दिया है, खासकर तब जब सई पहली बार इमरान और प्रतीक के साथ नजर आएंगी। एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ फिर से जुड़ने को लेकर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए सई कहती हैं, ये बहुत ही शानदार अहसास है क्योंकि एक्सेल एंटरटेनमेंट उन प्रोडक्शन हाउसेस में से एक है जिसके साथ हर कोई काम करना चाहता है और मुझे उनके साथ तीन बार काम करने का मौका मिला, डब्बा कार्टेल सहित मेरे करियर का ये एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अपने सह-कलाकार इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के बारे में सई कहती हैं, इमरान और प्रतीक शानदार अभिनेता हैं। उनके साथ काम करने का मौका मिलना मेरे लिए एक सौभाग्य की बात है। मैं उत्साहित हूँ कि दर्शक हमारे द्वारा क्रिएट किए गए मैजिक को एंजॉय करेंगे। मुझे उम्मीद है कि मेरे जैसे हार्ड वर्क करनेवाले लोगो के लिए अपॉर्च्युनिटी के डोर ओपन कर रही हूं। ग्राउंड ज़ीरो और अग्नि के अलावा, दर्शक इस साल के अंत में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होने वाली डब्बा कार्टेल में सई के प्रदर्शन को एंजॉय कर सकते हैं। एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ साई की तीसरी बार सहयोग को चिह्नित करने वाली इस फिल्म में शबाना आज़मी, ज्योतिका, शालिनी पांडे, निमिषा सजयन, अंजलि आनंद, गजराज राव और जिशु सेनगुप्ता जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं। ग्राउंड जीरो और अग्नि के अलावा, दर्शकों को डब्बा कार्टेल में साई का अभिनय भी देखने को मिलेगा, जो इस साल बाद में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।



# पाँच भाषाओं में प्रदर्शित होगी रामचरण की गेम चेंजर, दोहरी भूमिका में नजर आएंगे

आरआरआर के बाद रामचरण की अगली फिल्म गेम चेंजर है, जिसे निर्देशक शंकर ने निर्देशित किया है। शंकर की गिनती सिने दुनिया में कामयाब और बेहतरीन निर्देशकों में होती है। रोबोटो, 2.0, नायक सरीखी फिल्मों को दर्शकों के सामने लाने वाले शंकर और रामचरण अभिनीत गेम चेंजर को लेकर दर्शकों में गजब का उत्सार दिखाई देने लगा है। रामचरण के जन्मदिन पर फिल्म से पहला गाना जरागांडी रिलीज हुआ, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म के निर्माता दिल राजू ने फिल्म को लेकर कुछ दिलचस्प जानकारियां साझा की हैं। रामचरण की गेम चेंजर बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की शूटिंग पिछले तीन साल से हो रही है और प्रशंसक तंग आ चुके हैं, क्योंकि उन्हें अभी तक रिलीज डेट का पता नहीं चल पाया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दिल राजू का कहना है कि फिल्म की रिलीज डेट लगभग लॉक हो चुकी है। हाल ही में एक प्रेस मीट में बात करते हुए दिल राजू ने पुष्टि की कि गेम चेंजर पांच भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन एस शंकर कर रहे हैं। दिल राजू का कहना है कि उन्होंने और एस शंकर ने दो तारीखें तय कर ली हैं और अगले कुछ दिनों में एक का चयन करेंगे। राम चरण अब अपने परिवार के साथ छोटी छुट्टियों के लिए थाईलैंड में हैं। ऐसे में अब यह साफ हो चुका है कि आने वाले कुछ दिनों में फिल्म की रिलीज की तारीख तय हो जाएगी। हालांकि, इससे पहले दिल राजू ने राम चरण के जन्मदिन पर घोषणा की थी कि गेम चेंजर पांच महीनों में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उन्होंने कहा था कि फिल्मांकन मई के अंत तक समाप्त हो जाएगा। दर्शक फिल्म की रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। ऐसे में दिल राजू ने दर्शकों को आश्वासन दिया था कि पांच में से तीन गाने निस्संदेह उन्हें सिनेमाघरों में आकर्षित करेंगे। फिल्म में पांच गाने हैं, जिनमें से तीन भव्य स्तर पर दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

वहीं बात करें फिल्म की तो शंकर द्वारा लिखित और निर्देशित गेम चेंजर एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें राम चरण दो भूमिकाओं में हैं। राम चरण के साथ कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, जयराम, सुनील, श्रीकांत, समुथिरकानी और नासर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। गेम चेंजर की कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले इस फिल्म को दिल राजू ने निर्मित किया है। फिल्म में एस थमन द्वारा संगीत दिया गया है। शमीर मुहम्मद द्वारा संपादन और तिररू द्वारा छायांकन किया गया है।



# सलमान और अर्जुन के रिश्ते पर बोले बोनी कपूर

फिल्म प्रोड्यूसर बोनी कपूर के बेटे अर्जुन कपूर और सलमान खान के रिश्तों में काफी वक्त से खटास है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बोनी ने अपने बेटे की ग्रोथ का क्रेडिट सलमान खान को दिया है। बोनी ने बताया कि अर्जुन के करियर की शुरुआत में सलमान ने ही उन्हें गाइड किया था। एक इंटरव्यू में बोनी ने कहा, 'मैं मोना (बोनी की पहली पत्नी और अर्जुन की मां) से अलग हो चुका था और मुझे कोई आइडिया नहीं था कि अर्जुन एक्टर बनना चाहता था। वो सलमान ही थे जिन्होंने मुझे कॉल किया और कहा कि अर्जुन एक दिन एक्टर बनेगा। सलमान ने ही उन्हें गाइड किया। यह श्योर किया कि अर्जुन अपना वेट लूज करें क्योंकि उस वक्त तक वो बहुत ही हेल्दी था।' मीडिया रिपोर्ट्स में सलमान और अर्जुन के रिश्तों में खटास की वजह मलाइका अरोड़ा को बताया गया था। मलाइका, सलमान के भाई अरबाज की एक्स वाइफ हैं, जिन्हें अर्जुन कपूर डेट कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सलमान और अर्जुन के रिश्तों में खटास की वजह मलाइका अरोड़ा को बताया गया था। मलाइका, सलमान के भाई अरबाज की एक्स वाइफ हैं, जिन्हें अर्जुन कपूर डेट कर रहे हैं।

## 'अर्जुन की ग्रोथ में सलमान का बड़ा हाथ है'


बोनी ने आगे कहा, 'अर्जुन के मामले में सलमान को ही क्रेडिट देना चाहूंगा। कोई कुछ भी कहे या भले ही आज दोनों के बीच अच्छे टर्म्स ना हों, मेरा मतलब उनका बॉन्ड उतना बेहतर ना हो, पर सलमान ने हमेशा अपना बेस्ट दिया। अर्जुन की ग्रोथ में सलमान का बहुत बड़ा हाथ है। चाहे उसके लुक्स की बात हो या एक्टिंग की। सलमान ने हमेशा मेरे बेटे की मदद की है।'

इंटरव्यू के दौरान बोनी से पूछा गया कि क्या बेटे की वजह से उनके और सलमान रिश्तों में कोई बदलाव आया है ? इस पर बोनी ने कहा, 'इससे हमारे रिश्ते पर कोई फर्क नहीं पड़ा। मैं आज भी उनसे प्यार करता हूं। मुझे आज भी लगता है कि उनके जैसे कम ही लोग हैं। वो बहुत ही बड़े दिलवाले इंसान हैं और मुझे बहुत रिस्पेक्ट देते हैं।' बताते चलें कि 2009 में रिलीज हुई फिल्म 'वॉन्टेड' से सलमान खान के डूबते करियर में फिर से उछाल आया था। इस फिल्म को बोनी कपूर ने ही प्रोड्यूस किया था। वर्कफ्रंट पर बोनी की अपकमिंग फिल्म 'मैदान' है। अजय देवगन स्टारर यह फिल्म बीते कई सालों से पोस्टपोन हो रही थी। अब यह 10 अप्रैल को ईद के मौके पर रिलीज होगी।

# नायक 2 की तैयारी में हैं अनिल कपूर!

बीते शनिवार मुंबई स्थित अनिल कपूर के घर के बाहर डायरेक्टर एस.शंकर स्पॉट किए गए। इस मुलाकात की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर आई हैं। दोनों को साथ देखे जाने के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या वे फिल्म नायक 2 बनाने की तैयारी कर रहे हैं। शनिवार को डायरेक्टर एस.शंकर अनिल कपूर के घर पहुंचे। मीटिंग के बाद दोनों ने पैपराजी को पोज भी दिया। इस दौरान अनिल ऑल-ब्लैक लुक में दिखे। उन्होंने ब्लैक शर्ट के साथ ब्लैक डैनिम कैरी किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों की यह बातचीत लंबी चली है। इसके बाद से ही फिल्म नायक 2 को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ऐसा माना जा रहा है कि फिल्म की स्क्रिप्ट के सिलसिले में शंकर अनिल कपूर से मिले हैं।

एस.शंकर के डायरेक्शन में बनी फिल्म नायक 2001 में रिलीज हुई थी। यह 1999 की तमिल फिल्म मधुलवन की रीमेक थी, जिसका डायरेक्शन एस.शंकर ने ही किया था। फिल्म में अनिल कपूर के साथ रानी मुखर्जी, अमरीश पुरी, परेश रावल, जॉनी लीवर को देखा गया था। अनिल कपूर को आखिरी बार फिल्म फाइटर में देखा गया था।






## संक्षिप्त समाचार

### मध्य प्रदेश की जल सहेलियों ने बुझाई है 150 गांवों की प्यास

**भोपाल।** बुंदेलखंड, ऐसा इलाका जो लंबे समय से पानी की भारी कमी से जूझ रहा है, यहाँ जल सहेलियों के नेतृत्व में एक उल्लेखनीय आंदोलन इस संकट को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। महिलाओं के इस दुर्जेय समूह की संख्या अब 800 से अधिक हो गई है।अपनी नीली साड़ियों में ये प्रकृति की शक्ति बन चुकी हैं, जो 150 गांवों में जल संरक्षण करने और भूजल स्तर को फिर से भरने के लिए समर्पित हैं। जानिए कि कैसे इन बहादुर महिलाओं ने पानी की कमी समस्या को पहचान कर उसे दूर करने के समाधान खोजने के लिए मामले को अपने हाथ में लिया ओएमजी! ये मेरा इंडिया के आठवें एपिसोड में, जिसका प्रीमियर होगाइस सोमवार, 1 अप्रैल को रात 8 बजे, केवल हिस्ट्रीटीवी18 पर। इस पाथब्रेकिंग अरिजनल फैक्चूअल एंटेरटैनमैंट सीरीज़ का लैंडमार्क दसवां सीजन भी हर सोमवार रात 8 बजे दर्शकों का मनोरंजन करते हुए उन्हें प्रेरणा देने के वादे को निभा रहा है और ऐसे व्यक्तियों की दिलचस्प कहानियाँ प्रस्तुत कर रहा है जिन्होंने अपनी अनोखी प्रतिभा, सामाजिक प्रभावी पहल, प्रौद्योगिकी, नवाचार, रिकॉर्ड तोड़ कारनामों, अनोखी रुचियों और दिलचस्पी के साथ समाज में नई लहर पैदा की है।

### पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने एक ही तिमाही में लगातार तीन क्रेडिट रेटिंग अपग्रेड हासिल की

**मुंबई एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने एक ही तिमाही (वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही) में लगातार तीन बार क्रेडिट रेटिंग अपग्रेड हासिल की है। कंपनी ने इंडिया रेटिंग्स, आईसीआरए और केयर रेटिंग्स की ओर से रेटिंग अपग्रेड की असाधारण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी की रेटिंग को 'एए' से 'एए प्लस' से 'स्टेबल आउटलुक' के साथ अपग्रेड किया गया है। बेहतर एसेट मलिटी, मजबूत बाजार स्थिति, विविध रिसोर्स प्रोफ़ाइल और कुशल पूंजी प्रबंधन के कारण पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस को यह उपलब्धि हासिल हुई है। इसके अलावा, एजेंसियों ने उच्च रिटर्न सुनिश्चित करने के लिए किफायती आवास खंड 'रोशनी' के विस्तार के साथ-साथ रिटेल लोन बुक को और बढ़ाने की दिशा में कंपनी के फोकस को भी पहचाना। साथ ही, ब्याज मार्जिन, और लाभप्रदता में सुधार जैसे कारकों पर भी ध्यान दिया गया। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के एमडी एवं सीईओ श्री गिरीश कौस्गी ने कहा, ''हमें इस बात पर गर्व है कि हमने पिछली तिमाही में इंडिया रेटिंग्स, आईसीआरए और केयर रेटिंग अपग्रेड के साथ वित्तीय वर्ष को समाप्त किया है।

### आईआईटी मद्रास के एक अध्ययन से बड़ा खुलासा – 2016 और 2021 के बीच पूरे भारत में सी–सेक्शन डिलीवरी के मामले काफी बढ़े

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ( आईआईटी मद्रास ) के शोधकर्ताओं को 2016 और 2021 के बीच पूरे देश में सिजेरियन सेक्शन (सी-सेक्शन) से डिलीवरी के मामले बहुत बढ़ने का पता चला है। आईआईटी मद्रास में मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग के शोधकर्ताओं ने यह अध्ययन किया।इनमें सुश्री वार्शिनी नीति मोहन और डॉ. पी शिरिषा, शोध विद्वान, डॉ. गिरिजा वैद्यनाथन और प्रोफेसर वी.आर. मुरलीधरन शामिल हैं।अध्ययन के निष्कर्ष बीएमसी प्रेग्नेंसी एंड चाइल्डबर्थ नामक सुप्रसिद्ध सहकर्मी-समीक्षा पत्रिका में प्रकाशित किए गए। सिजेरियन सेक्शन (सी-सेक्शन) डिलीवरी एक शल्य प्रक्रिया है जिसमें मां के पेट में चीरा लगाकर एक या अधिक बच्चों को जन्म दिया जाता है । यह मां-बच्चे के लिए जीवनदायी है

# यूपीआई लेनदेन में रिकॉर्ड 56 प्रतिशत वृद्धि, 100 अरब के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में डिजिटल तेजी के बीच वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान पिछले साल की तुलना में यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से लेनदेन में संख्या के हिसाब से रिकॉर्ड 56 फीसदी और मूल्य के हिसाब से 43 फीसदी वृद्धि हुई है। यह पहला मौका है जब यूपीआई से लेनदेन वित्त वर्ष के दौरान 100 अरब के पार गया है और 131 अरब पर पहुंच गया है, जबकि 2022-23 में यह 84 अरब था। मार्च 2024 में भी लेनदेन में संख्या के हिसाब से 55 फीसदी वृद्धि हुई और मार्च 2023 की तुलना में यह 13.44 अरब हो गया, जबकि मूल्य के हिसाब से 40 फीसदी वृद्धि हुई और यह 19.78 लाख करोड़ रुपए हो गया।

वित्त वर्ष 24 के दौरान मूल्य के हिसाब से भी लेनदेन 199.89 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है, जबकि पिछले साल 139.1 लाख करोड़ रुपए था। फरवरी 2024 में लेनदेन क्रमशः




12.10 अरब और 18.28 लाख करोड़ रुपए था। जनवरी 2024 में यह संख्या व मूल्य के हिसाब से क्रमशः 12.20 अरब और 18.41 लाख करोड़ रुपए था। वर्ल्डलाइन इंडिया में सीनियर वाइस प्रेसीडेंट सुनील रोंगाला ने यूपीआई लेनदेन के बारे में कहा, 'वित्त वर्ष 2024 में यूपीआई से लेनदेन में मजबूत वृद्धि हुई है। यूपीआई की पहुंच बढ़ने के साथ इससे लेनदेन का औसत आकार (एटीएस) छोटा हुआ है, जिसका मतलब हुआ कि छोटे लेनदेन बढ़े हैं। मार्च 2024 में एटीएस 1,471 रुपए रहा है, जो मार्च 2023 में 1,623 रुपए था।' पहले 55.42 लाख करोड़ रुपए था। फरवरी 2024 में संख्या 53.5 करोड़ और मूल्य 5.68 लाख करोड़ रुपए रहा, जो जनवरी 2024 के 50.9 करोड़ और 5.66 लाख करोड़ रुपए की तुलना में अधिक है।

फास्टैग से लेनदेन संख्या के हिसाब से 11 फीसदी बढ़कर 33.9 करोड़ और मूल्य के हिसाब से 17 फीसदी बढ़कर 5,939 करोड़ रुपए हो गया है। यह फरवरी 2024 में संख्या के हिसाब से 32.3 करोड़ और मूल्य के हिसाब से 5,582 करोड़ रुपए था, जो जनवरी 2023 में क्रमशः 33.1 करोड़ और 5,560 करोड़ रुपए था।

मार्च 2024 में आधार सक्षम भुगतान व्यवस्था (एईपीएस) में 1 फीसदी की कमी आई है और कुल लेनदेन 10.8 करोड़ रह गया है। मूल्य के हिसाब से भी इसमें 8 फीसदी कमी आई है और यह 27,996 करोड़ रुपए रह गया है।

## प्रवासी भारतीयों ने तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड 29 अरब डॉलर भेजे, भारतीय एफसीएनआर पर ज्यादा रिटर्न



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवासी भारतीयों ने दिसंबर तिमाही में भारत में रिकॉर्ड 29 अरब डॉलर की रकम भेजी है। इसका कारण यह है कि विदेशी मुद्रा-गैर निवासी यानी एफसीएनआर से मिल रहे रिटर्न में लगातार तेजी आ रही है। इस वजह से पश्चिमी देशों के बैंकों के जमा की तुलना में यहां पर ज्यादा ब्याज मिल रहा है। 2023 में कुल 100 अरब डॉलर की रकम मिलने का अनुमान जताया गया है।

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, 1991 में उदारीकरण के बाद से अब तक का यह रिकॉर्ड है। कोविड के बाद के सर्वेक्षण से पता चला है कि सबसे ज्यादा रकम 23 फीसदी अमेरिका से भारत भेजी जा रही है। खाड़ी देशों से आने वाली रकम में गिरावट आ रही है। विश्लेषकों के मुताबिक, पिछला वित्त वर्ष वैश्विक स्तर पर एक अच्छा वर्ष रहा है। विश्लेषकों के मुताबिक, इस रिकॉर्ड रकम के आने के कई कारण हो सकते हैं। एक तो त्योहारी सीजन में परिवारों की जरूरतों के लिए पैसा भेजना। दूसरा डॉलर की तुलना में रुपये में गिरावट और तीसरा बैंकों की ओर से एफसीएनआर में ज्यादा ब्याज। अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान एफसीएनआर जमा में कुल 4.15 अरब डॉलर की रकम आई है।

## अमेरिका से पढ़ी हैं भगौड़े विजय माल्या की सौतेली बेटी

**जूलरी डिजाइनर का करती हैं काम**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीयों की गाढ़ी कमाई का पैसा लेकर विदेश भाग चुका विजय माल्या अक्सर सुर्खियों में रहता है। माल्या की सफलता और पतन की कहानी सभी जानते हैं। हालांकि, माल्या की तीन बेटियां भी हैं यह बात कम लोग ही जानते हैं। उनमें से एक का नाम लैला माल्या है। लैला भगोड़े उद्योगपति विजय माल्या की सौतेली बेटी हैं। लैला के अलावा माल्या की दूसरी बेटियों का नाम लियाना और तान्या है। आज यहां हम सिर्फ लैला माल्या के बारे में आपको बता रहे हैं।

विजय माल्या ने पहली पत्नी समीरा से अलग होने के बाद बेंगलुरु में अपनी पड़ोसी रेखा से शादी कर ली थी। रेखा की पहली शादी शाहिद महमूद से हुई थी। उस शादी से रेखा के दो बच्चे हैं। एक बेटा और एक बेटी। बेटी का नाम लैला और बेटे का कबीर महमूद है। बाद में विजय माल्या ने लैला को गोद ले लिया था।

लैला माल्या की शादी इंवेस्टमेंट बैंकर समर सिंह से हुई है। लैला ने अपनी शुरुआती शिक्षा बेंगलुरु के अदिति इंटरनेशनल स्कूल से हासिल की है। फिर उन्होंने ग्रेजुएशन बेंटले यूनिवर्सिटी, वॉल्टम, मैसाचुसेट्स से किया। इसके बाद लैला पढ़ाई के लिए न्यूयॉर्क के फैशन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गईं।

लैला माल्या जूलरी डिजाइनर हैं। बेंगलुरु में कहवा नाम के लाइफस्टाइल स्टोर को वह अपने प्रोडक्ट आउटसोर्स करती हैं। दिलचस्प बात यह है कि लैला माल्या का नाम भी आईपीएल विवाद सूची में तब आया था जब वह पूर्व आईपीएल कमिश्नर ललित मोदी के साथ काम कर रही थीं।

2 मार्च 2016 से ही माल्या लंदन में रह रहा है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट से जुड़े एक मामले में मुंबई की स्पेशल कोर्ट माल्या को भगोड़ा घोषित कर चुकी है। माल्या का पासपोर्ट भी रद्द किया जा चुका है। भारत में माल्या की कई संपत्तियों को कुर्क किया जा चुका है। 31 जनवरी 2014 तक किंगफिशर एयरलाइंस पर बैंकों का 6,963 करोड़ रुपये बकाया था। इस कर्ज पर ब्याज के बाद माल्या की देनदारी इससे कहीं अधिक हो चुकी है। ईडी और सीबीआई दोनों माल्या से पूछताछ करना चाहती हैं।

## मांग में तेजी और नए ऑर्डर से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 16 साल के उच्चतम स्तर पर, पीएमआई 59.1 हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मांग में आई तेजी और उत्पादन व नए ऑर्डरों में अक्टूबर 2020 के बाद सबसे मजबूत वृद्धि के बाद मार्च में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 16 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) मार्च में 16 साल के उच्च स्तर 59.1 पर पहुंच गया, जो फरवरी में 56.9 पर था।

परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में सूचकांक का 50 से ऊपर रहना विस्तार को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे रहना संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, भारत में मार्च का विनिर्माण पीएमआई 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। विनिर्माण कंपनियों ने मजबूत उत्पादन और नए आर्डर के बाद भर्ती का विस्तार किया। मजबूत मांग और क्षमता में मामूली सख्ती के कारण मार्च में इनपुट लागत मुद्रास्फीति में तेजी आई।



मार्च में विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में 33वें महीने और अक्टूबर 2020 के बाद से सबसे बड़ी वृद्धि दिखी। इस दौरान उपभोक्ता, मध्यवर्ती और निवेश वस्तुओं के क्षेत्रों में तेजी दिखी। घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों से नए काम की आमद मजबूत हुई। सर्वेक्षण में कहा गया है कि मई 2022 के बाद से नए निर्यात ऑर्डर सबसे तेज गति से बढ़े। 2023 के मध्य से खरीद की मात्रा में सबसे तेज दर से वृद्धि हुई, और यह लगभग 13 वर्षों में सबसे मजबूत रही। नौकरियों की बात करें तो दो महीने पेरोल के मोटे तौर पर अपरिवर्तित रहने के बाद, मार्च में भारत के विनिर्माण क्षेत्र में श्रमिकों का इजाफा हुआ। सर्वेक्षण में कहा गया है कि रोजगार सृजन की गति हल्की रही, लेकिन यह सितंबर 2023 के बाद से सबसे अच्छी है। मार्च महीने में कंपनियों पर लागत का दबाव पांच महीनों के उच्चतम स्तर पर रहा। कंपनियों ने कपास, लोहा, मशीनरी उपकरण, प्लास्टिक और स्टील के लिए अधिक भुगतान करने की सूचना दी।

## एचसीएल जिग्सॉ के पाँचवें संस्करण की घोषणा हुई

**नई दिल्ली एजेंसी।** 13.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के वैश्विक समूह एचसीएल ने आज भारत के सबसे बड़े प्रॉब्लम-सॉल्विंग एसेसमेंट प्लेटफॉर्म एचसीएल जिग्सॉ के पाँचवें संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होने की घोषणा की पूरे भारत में आयोजित होने वाले इस अभियान का उद्देश्य एक कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया द्वारा भारत के सर्वोच्च युवा प्रॉब्लम सॉल्वर्स को पहचानना और उनकी क्रिटिकल थिंकिंग की क्षमताओं के लिए उन्हें पुरस्कृत करना है। इस साल एचसीएल जिग्सॉ के लिए कक्षा 6 से 9 तक के सभी विद्यार्थियों से आवेदन मंगाए जा रहे हैं। वो बिना किसी रजिस्ट्रेशन शुल्क के इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी और स्कूल 31 जुलाई, 2024 से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। एचसीएल जिग्सॉ के पाँचवें संस्करण में 12 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी। इसके अलावा, 150 से ज्यादा प्रतियोगियों वाले स्कूलों को भारत के सर्वोच्च प्रॉब्लम सॉल्विंग स्कूल्स का सम्मान दिया जाएगा। इस अभियान के बारे में एचसीएल में एसोसिएट वाईस प्रेसिडेंट एवं हेड ऑफ ब्रांड रजत चंदोलिया ने कहा एचसीएल में हमारा उद्देश्य युवाओं को सही कौशल व ज्ञान देकर उनकी क्षमता बढ़ाना है ताकि वो तेजी से विकसित होती दुनिया में आगे बढ़ सकें। एचसीएल जिग्सॉ द्वारा हम उन्हें 21वीं सदी के लिए आवश्यक कौशल, जैसे क्रिटिकल थिंकिंग और प्रॉब्लम सॉल्विंग सिखाने और उनके आकलन का एक मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं इस साल हम कॉम्प्लिमेंट्री रजिस्ट्रेशन प्रदान कर रहे हैं, ताकि बाधाएं दूर होकर समावेशिता बढ़ सके, और इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए ज्यादा स्कूल एवं विद्यार्थी प्रोत्साहित हो सकें।

## टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड ने मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर राजीव सिंघल को नियुक्त किया



**मुंबई , एजेंसी।** टाटा ग्रुप की ग्लोबल ट्रेडिंग और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड ने मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर श्री राजीव सिंघल को नियुक्त किया है। पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर श्री आनंद सेन 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त हुए और श्री सिंघल 1 अप्रैल 2024 से अपना पदभार संभालेंगे। इसके पहले श्री सिंघल टाटा इंटरनेशनल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) रह चुके है। टाटा इंटरनेशनल के चेयरमैन श्री नोएल एन. टाटा ने कहा, मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर श्री राजीव सिंघल का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में टाटा इंटरनेशनल अपने विकास के अगले चरण में और अधिक बुलंदियों को छुएगा।

# बजाज आलियांज लाइफ ने पॉलिसी पर लोन की सुविधा को और बेहतर बनाया

**परेशानी मुक्त तरीके से 24 घंटों में पॉलिसी पर मिलता है तत्काल ऋण**

**पुणे, एजेंसी।** पॉलिसीधारकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करने पर ध्यान देने के साथ, अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने पॉलिसी के आधार पर प्री-अप्रूव लोन की पेशकश करने के लिए अपनी प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया है। उधार लेने की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए, पूरी तरह से डिजिटल और कागज रहित इस सुविधा में क्रेडिट स्कोर की जांच की जरूरत भी नहीं होती, जिससे न्यूनतम क्लिक के साथ आसानी से और कागज रहित प्रक्रिया के साथ लोन हासिल किया जा सकता है। बजाज आलियांज लाइफ अपने मूल्यवान ग्राहकों के लिए लोन की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए उन्हें प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर जीवन बीमा पॉलिसियों पर ऋण प्रदान करता है।कंपनी के ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण ने इस डिजिटल प्रक्रिया में सुधार को प्रेरित किया है, जिससे एक सहज ग्राहक अनुभव सुनिश्चित होता है, जिसके तहत अब 24 घंटों के भीतर ऋण प्रदान करना संभव हो जाता है। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशंस एंड कस्टमर एक्सपीरियंस ऑफिसर राजेश कृष्णन ने कहा, ''बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस में, हम अपनी हर पहल में ग्राहकों को सबसे आगे रखने के वादे पर कायम रहते हैं। इस फिलॉस्फी के आधार पर ही हम अपनी संशोधित पॉलिसी ऋण प्रक्रिया शुरू करने के लिए उत्साहित हैं, जिससे हमारे ग्राहकों के लिए फंड जुटाना अब पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। हमारी पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस प्रणाली क्रेडिट स्कोर जांच की परेशानी के बिना, 24 घंटों के भीतर तेजी से ऋण मंजूरी सुनिश्चित करती है। इस तरह का सुव्यवस्थित दृष्टिकोण न केवल प्रक्रिया को गति देता है बल्कि पारदर्शिता को भी बढ़ावा देता है, साथ ही ग्राहकों को हर मोड़ पर बेहतर और सोच समझकर निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाता है। हम हम अपने ग्राहकों को उनके जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की यात्रा में सशक्त बनाने के लिए समर्पित हैं। नई सुव्यवस्थित प्रक्रियाएं 24 घंटों के भीतर तेजी से ऋण वितरण की गारंटी देती हैं, जिससे टर्नअराउंड समय काफी कम हो जाता है। अपडेट पेपरलेस प्रक्रिया के लिए न्यूनतम क्लिक की आवश्यकता होती है, जिससे हमारे ग्राहकों के लिए परेशानी मुक्त अनुभव सुनिश्चित होता है। इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सर्वोपरि बनी हुई है, और संशोधित पॉलिसी ऋण प्रक्रिया के साथ, ग्राहकों को शुरू से ही अपनी ऋण राशि की पूरी जानकारी होती है, जिससे उन्हें बेहतर निर्णय लेने का अधिकार मिलता है।

## बायजू कर्मचारियों की सैलरी पर संकट, लगातार दूसरे महीने करना होगा इंतजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संकट में फंसी शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू ने अपने कर्मचारियों से कहा है कि वेतन देने में एक बार फिर विलंब होगा। बायजू के मैनेजमेंट ने कर्मचारियों को भेजे ई-मेल में इस स्थिति के लिए अंतरिम आदेश को जिम्मेदार ठहराया है। यह अतंरिम आदेश फरवरी के अंत में कुछ 'गुमराह विदेशी निवेशकों' ने प्राप्त किया। इसके तहत 'सफल रहे राइट्स इश्यू' के माध्यम से जुटाये गये धन के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। बायजू ने कर्मचारियों को यह आश्वासन भी दिया है कि वह कर्मचारियों को आठ अप्रैल तक वेतन वितरण के लिए काम कर रही है। कंपनी ने कहा, ''हम आज आपको भारी मन से लेकिन उम्मीद और आश्वासन के संदेश के साथ यह लिख रहे हैं। हमें आपको यह बताते हुए दुःख हो रहा है कि वेतन के वितरण में फिर से देरी होगी। बायजू में कुछ गुमराह विदेशी निवेशकों ने फरवरी में एक अंतरिम आदेश प्राप्त किया। इसमें सफल राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाए गए धन के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया गया है।'' ई-मेल में कहा गया है, ''चार विदेशी निवेशकों की इस गैर-जिम्मेदाराना कार्रवाई ने हमें प्रतिबंध हटने तक वेतन के वितरण को अस्थायी रूप से रोकने के लिए मजबूर किया है।'' बायजू ने कहा कि उसे भारतीय न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है और वह अनुकूल परिणाम का उत्सुकता से इंतजार कर रही है। इससे वह राइट्स इश्यू के माध्यम से जुटाये गये धन का उपयोग करने और मौजूदा वित्तीय चुनौतियों को कम कर सकेगी।''



## एमपी बिरला ग्रुप के तत्वाधान प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कैंप का आयोजन



**मैहर एजेंसी।** एमपी बिरला ग्रुप आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड मैहर के तत्वाधान में 20 से 23 मार्च 2024 तक रेड क्रॉस सोसाइटी सतना के द्वारा आरोग्य सखी व अध्यणश्री प्रोजेक्ट के अंतर्गत संयंत्र के आसपास के 14 गांव के कार्यरत स्वास्थ्य एवं शिक्षा परियोजना प्रोजेक्ट के महिला कार्यकर्ताओं को चार दिवसीय प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कैंप का आयोजन ग्राम खरवा कला के भवन में किया गया है। इस प्रशिक्षण में मेडिसिन ऑर्थोपेडिक, नेत्र रोग, नाक, कान, गला एवं दंत रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महिलाओं को पूर्ण रूपेण दक्षता की ट्रेनिंग प्रदान की गई। जिसका प्रमुख उद्देश्य प्रशिक्षित कार्यकर्ता के द्वारा ग्रामीण अंचलों आसपास में कोई दुर्घटना कैजुअल्टी होने पर आम लोगों को सुरक्षा प्रदान कर सकें एवं गंभीर घटना होने पर प्राथमिक उपचार प्रदान कर घायल अथवा पीड़ित व्यक्ति को सुरक्षित स्थान अथवा चिकित्सा क्षेत्र में स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान किए गए इस अवसर पर रेड क्रॉस टीम के साथ जिला चिकित्सालय से डॉ भूपेंद्र सिंह डॉक्टर डाक्टर संदीप तिवारी डॉक्टर अरुण त्रिवेदी (नेत्र) डॉक्टर जे एन पांडे (श्व,हृ,ज्ञ) डॉक्टर श्रेया सराफा सराफ दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा सेवा प्रदान की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रेड क्रॉस कार्यालय प्रभारी श्री जेपी शुक्ला का योगदान रहा। आरसीसीपीएल से महाप्रबंधक श्री रवि प्रकाश जी ने उपस्थित हो प्राथमिक उपचार का महत्व बताया, डॉ राजकुमार पटेल सीएसआर टीम ने अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### हम कभी हार नहीं मानते, राजस्थान के खिलाफ मैच के बाद बोले हार्दिक पांड्या



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि पूर्व चैम्पियन टीम हार नहीं मानेगी और हार की हैट्रिक के बावजूद मौजूदा आईपीएल में संघर्ष जारी रहेगा। हार्दिक ने एक्स पर पोस्ट किया, 'इस टीम के बारे में आपको एक बात पता होनी चाहिए। हम हार नहीं मानते। हम संघर्ष जारी रखेंगे। हौसला बना रहेगा। रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाए जाने के बाद से हार्दिक को प्रशंसकों का आक्रोश झेलना पड़ रहा है। पहले दो मैचों में दर्शकों ने उनकी हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई के इस सत्र के पहले मैच में भी उन्हें इसका सामना करना पड़ा। कप्तान के तौर पर हार्दिक के कुछ फैसलों की भी आलोचना हुई है। मसलन जसप्रीत बुमराह को नई गेंद नहीं सौंपना या खुद टिम डेविड के बाद बल्लेबाजी के लिये उतरना।

गौर हो कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुए मुकाबले के दौरान मुंबई पहले खेलते हुए महज 125 रन ही बना पाई थी। जवाब में खेलने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने 39 गेंदों पर 54 रन बनाकर अपनी टीम को 15.3 ओवर में ही जीत दिला दी। राजस्थान के लिए यह सीजन की तीसरी जीत थी और वह इसी के साथ अंक तालिका में पहले नंबर पर आ गई है। वहीं, मुंबई इंडियंस अभी भी जीत के लिए तरस रही हैं। उन्होंने गुजरात, हैदराबाद और अब राजस्थान के खिलाफ खेले गए मुकाबले गंवाए हैं।

### बीसीसीआई ने अचानक बुलाई फेंचाइजी मालिकों की बैठक, इस मुद्दे पर हो सकता है अहम फैसला



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 का सीजन शुरू हो चुका है और अबतक 13 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इस बीच, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस टूर्नामेंट में शामिल सभी 10 फेंचाइजी के मालिकों की बैठक बुलाई है। यह बैठक 16 अप्रैल को अहमदाबाद में होगी। इस दिन अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस का मुकाबला खेला जाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बैठक के लिए सभी 10 टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में अनुमान है कि टीम मालिकों के साथ उनके सीईओ और ऑपरेशनल टीमें भी बैठक में आ सकती हैं, लेकिन यह मीटिंग कथित तौर पर सिर्फ मालिकों के लिए ही नामित की गई है। इस महत्वपूर्ण बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और आईपीएल चेयरमैन अरुण सिंह धूमल भी शामिल होंगे। इस बैठक के लिए निमंत्रण आईपीएल के सीईओ हेमांग अमीन द्वारा भेजा गया है। इस बैठक के दौरान मुख्य बिंदु रिटेंशन पर होगा, जिसमें टीमों के खिलाड़ियों को लेकर चर्चा होगी। इसके साथ ही सैलरी कैप को लेकर भी चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि बीसीसीआई अगले साल होने वाली मेगा नीलामी से पहले नीतियों को लेकर अहम फैसले ले सकती है और कई मुख्य चिंताओं को दूर कर सकती है। इस बैठक के दौरान बीसीसीआई को आईपीएल को किस तरह आगे बढ़ाना है इस पर चर्चा करने की उम्मीद है।



इंग्लैंड को बड़ा झटका

## टी 20 वर्ल्ड कप में नहीं दिखेंगे बेन स्टोक्स

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स आगामी टी20 विश्व कप से यह कहते हुए हट गए हैं कि इस 'बलिदान' से उन्हें पूरी ताकत से गेंदबाजी करने के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। साथ ही वह निकट भविष्य में वह ऑलराउंडर बन पाएंगे जो बनना चाहते हैं। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस शीर्ष प्रतियोगिता के शुरू होने से दो महीने पहले इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अपने फैसले के बारे में जानकारी दे दी है।

### गेंदबाजी फिटनेस के लिए दिया आईपीएल और वर्ल्ड कप का बलिदान

ईसीबी द्वारा जारी बयान में स्टोक्स ने कहा, 'मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरा ध्यान गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने पर है जिससे कि क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकूं।' उन्होंने कहा, 'आईपीएल और विश्व कप से बाहर रहना उम्मीद है कि वह बलिदान होगा जिससे मुझे वह ऑलराउंडर बनने में मदद मिलेगी जो मैं निकट भविष्य में बनना चाहता हूं।' स्टोक्स भारत के टेस्ट दौरे पर इंग्लैंड के कप्तान थे जहां उनकी टीम को 1-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान उन्होंने महसूस किया कि गेंदबाजी के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं थे। स्टोक्स ने कहा, 'हाल ही में भारत के टेस्ट दौरे से पता चला कि घुटने की सर्जरी और नौ महीने बिना गेंदबाजी के रहने के बाद मैं गेंदबाजी के नजरिए से कितना पीछे था।' उन्होंने कहा, 'मैं हमारे गर्मियों के टेस्ट सत्र की शुरुआत से पहले काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए खेलने के लिए उत्सुक हूं। मैं जोस (बटलर), मोट्टी (मैथ्यू मॉट) और पूरी टीम को अपना खिताब बचाने के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप का पिछला टूर्नामेंट जीतने वाला इंग्लैंड कैरेबिया में खिताब का बचाव करेगा। पिछले टी20 विश्व कप फाइनल में स्टोक्स ने एमसीजी में पाकिस्तान पर पांच विकेट की जीत के दौरान फाइनल में विजयी रन बनाए थे।

## टी-20 वर्ल्ड कप में भी हार्दिक बनने वाले थे कप्तान?

### आखिर रोहित ने ऐसी क्या गलती की थी कि मुंबई ने कप्तानी से हटा : नवजोत सिंह सिद्धू






**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस में कप्तानी को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने उन करोड़ों फैंस को मुश्किल सवाल का जवाब दे दिया। सिद्धू ने बताया कि आखिर क्यों मुंबई ने बिना किसी गलती के रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया है।

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस की टीम ने अपने नए कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुवाई में मैदान पर उतरी है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर जब से हार्दिक पंड्या का नाम सामने आया वह सुर्खियों में हैं। रोहित शर्मा की जगह लेने वाले हार्दिक से ना सिर्फ फैंस परेशान हैं बल्कि कई पूर्व क्रिकेटर भी हैरान हैं।

### क्या मुंबई इंडियंस से भूल हो गई है?

हार्दिक पंड्या को मुंबई की कप्तानी सौंपने को लेकर यह कहा जा रहा है कि फेंचाइजी से भूल हो गई है। कुछ अफवाहें ये भी थी कि हार्दिक टीम इंडिया के लिए टी20 में कप्तानी करेंगे। चोटिल होने से पहले वह ऐसा कर भी कर रहे थे। इस बात की भी पूरी संभावना थी कि इसी साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप में हार्दिक टीम इंडिया के कप्तान होंगे। आईसीसी के पोस्टर में हार्दिक पंड्या की फोटो छप गई। लेकिन बीसीसीआई के सेक्रेटरी जय शाह ने ये कन्फर्म किया है कि रोहित ही भारत के कप्तान रहेंगे और इस साल होने वाले बड़े टूर्नामेंट में भी टीम की अगुवाई करेंगे।

## आज कैसा होगा दिल्ली-केकेआर मैच का रोमांच

### बॉलिंग में मचेगा धूम-धड़ाका या बैटिंग में आएगा तूफान

पी3

**विशाखापट्टनम (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का 16वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। आईपीएल के 17 वें सीजन की यह भिड़ंत डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी विशाखापट्टनम क्रिकेट स्टेडियम में होगा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस मैदान पर अपना दूसरा मुकाबला खेलने वाली है। इस सीजन की पहली जीत दिल्ली को विशाखापट्टनम में ही चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली थी। ऐसे में केकेआर के खिलाफ भी ऋषभ पंत की अगुवाई में दिल्ली की टीम अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी। हालांकि, उसके लिए यह बिल्कुल भी आसान नहीं होने वाला है। केकेआर की टीम इस सीजन में अपने दोनों मैच जीतकर दिल्ली टक्कर देने वाली है। ऐसे में आइए जानते हैं कैसी होगी दिल्ली और केकेआर के बीच मुकाबले के




लिए पिच। विशाखापट्टनम के मैदान पिच से बल्लेबाजों को खूब मदद मिलती है। अच्छी उछाल के कारण गेंद और बैट संपर्क बहुत अच्छा होता है। ऐसे में उम्मीद है कि मुकाबला हाई स्कोरिंग होगा। हालांकि गेंदबाज भी इस पिच से मदद हासिल कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए उसे यॉर्कर और बाउंसर का सही इस्तेमाल करना होगा। इसके अलावा पाटा पिच होने के कारण स्पिन के खिलाफ बल्लेबाजों को खुलकर खेलने की आजादी मिल जाती है। ऐसे में दिल्ली और केकेआर के बीच मुकाबले में खूब चौके और छक्के देखने को मिल सकते हैं। वहीं बात करें टॉस की तो इस पिच पर इसका कोई खास असर नहीं है। इस मैदान पर अब तक कुल 14 टी20 मुकाबले खेले गए हैं जिनमें से 7 बार पहले बैटिंग करने वाली टीम ने जीत हासिल की है और 7 बार दूसरी पारी में बैटिंग करने वाली टीम को सफलता मिली है। ऐसे में इस मैदान पर किसी भी स्कोर को सुरक्षित नहीं माना जा सकता है।

### इस सीजन में खेला गया है एक मैच

विशाखापट्टनम के इस मैदान पर इस सीजन में अभी सिर्फ एक ही मैच खेला गया है। यह मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच था। मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 191 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद दूसरी पारी में सीएसके की टीम ने 171 रन ही बना सकी। इस तरह दिल्ली और सीएसके के बीच मुकाबले में कुल 362 रन बने थे। ऐसा ही कुछ दिल्ली-केकेआर के बीच मैच में भी देखने को मिल सकता है।

## रियान पराग मुझे युवा सूर्यकुमार की याद दिलाता है : राजस्थान रॉयल्स के कोच

**मुंबई (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के सहायक कोच शेन बांड ने फॉर्म में चल रहे रियान पराग को काफी प्रतिभाशाली बताते हुए उनकी तुलना एक दशक पहले मुंबई इंडियंस से जुड़े सूर्यकुमार यादव से की है जो कालांतर में दुनिया के सबसे आक्रामक टी20 बल्लेबाजों में से एक बने। 22 बरस के पराग ने घरेलू क्रिकेट का फॉर्म आईपीएल में भी जारी रखते हुए दो अर्धशतक जमाए हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ सोमवार को छह विकेट से मिली जीत में 39 गेंद में नाबाद 54 रन की पारी खेली।




बांड ने कहा, 'पराग मुझे सूर्यकुमार यादव की याद दिलाता है जो कई साल पहले मुंबई इंडियंस से जुड़ा था। वह अपार प्रतिभाशाली है और बतौर क्रिकेटर परिपक्व भी हो रहा है। उन्होंने कहा, 'उसने घरेलू सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने बहुत कम उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं होता। आईपीएल में आम तौर पर फिनिशर की भूमिका काफी अनुभवी खिलाड़ी निभाते हैं। रॉयल्स में उसमें जो निवेश किया है, उसका फल मिलने लगा है।

उन्होंने यह भी कहा कि निस्वार्थ प्रदर्शन करने वाले युजवेंद्र चहल अगर इसी तरह से खेलते रहे तो भारतीय टीम में वापसी कर सकते हैं। चहल ने चार ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिए। बांड ने कहा, 'प्रतिस्पर्धा कड़ी है और सबसे बड़ी चुनौती यह है कि गेंदबाज को यह भुलाकर गेंदबाजी करना है कि विश्व कप होने वाला है और उसे टीम में जगह बनाने के लिये दावा बुलंद करना है।

## 'आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं...'

### युवराज-रैना ने 2011 विश्व कप जीत की यादें ताजा कीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मध्यक्रम के पूर्व मुख्य बल्लेबाज सुरेश रैना और युवराज सिंह ने 2011 में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज ऐतिहासिक जीत को याद करते हुए युवराज सिंह और सुरेश रैना ने कहा कि आज भी ऐतिहासिक खिताबी जीत के बारे में सोचकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। भारत ने आज ही के दिन 2011 में मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका को हराकर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था।




युवराज ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर टूर्नामेंट में अपने और भारतीय टीम के कुछ बेहतरीन पलों वाला एक वीडियो साझा किया। युवराज ने एक्स पर पोस्ट किया, 'इस एहसास को वर्ल्ड कप 2011 फिर से महसूस कर रहा हूं।'

रैना ने भी एक्स पर ट्वीट किया, अभी भी 2011 के उस ऐतिहासिक क्षण के बारे में सोचकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं जब हमने एक अद्भुत टीम के साथ विश्व कप जीता था। 2011विश्वकप टीम इंडिया।

युवराज प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे, उन्होंने बेजोड़ हरफनमौला प्रदर्शन किया था। नौ मैचों में उन्होंने आठ पारियों में 90.5 की औसत और 86 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 362 रन बनाए। उन्होंने 113 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ एक शतक और चार अर्द्धशतक बनाए। वह आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। यह ऑलराउंडर चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में भी रहा और 25.13 की औसत से 15 विकेट लिए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/31 का रहा।

भारतीय मध्यक्रम के अहम सदस्य रैना को टीम संयोजन के कारण चार मैचों में खेलने का मौका मिला। उन्होंने तीन पारियों में 74.00 की औसत से 74 रन बनाए। हालांकि उन्होंने अंतिम लीग मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ चार रन बनाकर शुरुआत की, रैना ने तब अच्छा प्रदर्शन किया जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता था। क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 28 गेंदों में 34* रन बनाए जिससे भारत को 261 रनों का पीछा करने में मदद मिली और गत चैंपियन को हराया। फिर सेमीफाइनल में उन्होंने 39 गेंदों में 36* रन की बहुमूल्य पारी खेली, जिससे भारत को सेमीफाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 260/9 के मैच जीतने वाले कुल तक पहुंचने में मदद मिली। उन्होंने एक विकेट भी लिया।

खिताबी मुकाबले की बात करें तो श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और महेला जयवर्धने (113) के नाबाद शतक, कप्तान कुमार संगकारा (48), तिलकरत्ने दिलशान (48) और थिसारा परेरा (22*) की पारियों की बदौलत 274/6 पर पहुंच गया। जहीर खान (2/60) और युवराज सिंह (2/49) भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। रन चेज में सलामी बल्लेबाजों वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर के जल्दी आउट होने के बाद गौतम गंभीर (97), विराट कोहली (35), एमएस धोनी (91*) और युवराज सिंह (21*) की पारियों ने भारत को 6 विकेट से खिताबी जीत दिलाने में मदद की।

## हार्दिक पांड्या की सपोर्ट में आई पूनम पांडे, बेइज्जती करने वालों से पूछ लिया सवाल

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस की टीम इस सीज़न में अब तक अपने जीत का खाता नहीं खोल पाई है। यहाँ तक कि उन्हें अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में भी हार का सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस की टीम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी अच्छी खास परफॉर्मेंस नहीं दिखाई और अपने बल्लेबाजों ने फैंस को मायूस कर दिया।






**राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई को दी करारी धोबी पछाड़ –** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई इंडियंस की टीम 20 ओवर में नौ विकेट खोकर सिर्फ 125 रन ही बना सकी। इस लक्ष्य को हासिल करने में राजस्थान रॉयल्स ने सिर्फ 4 विकेट खोकर आसानी से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही राजस्थान रॉयल्स ने प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर अपनी जगह बना ली।

**हार्दिक पंड्या के खिलाफ ट्रोलिंग –** हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस का कप्तान चुने जाने के बाद से ही फैंस खुश नजर नहीं आ रहे थे। उन्हें लगातार ट्रोलर्स के निशाने पर भी रहना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर हार्दिक पंड्या को लेकर कई तरह के मीम्स बनाए जा रहे हैं।

**मांजरेकर का नाराज़ होना –** मैच से पहले टॉस के दौरान ही हार्दिक पंड्या को लेकर वहां मौजूद दर्शकों ने उनके खिलाफ खिल्ली उड़ानी शुरू कर दी। संजय मांजरेकर ने जैसे ही मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का नाम लिया, फैंस उन्हें 'बू' करने लगे। जिसके बाद मांजरेकर नाराज़ हो गए और उन्होंने माइक पर चिल्ला कर कहा, 'बिहेव।' यह पहली बार देखने को मिला है कि किसी होम टीम के कप्तान के साथ फैंस का व्यवहार ऐसा रहा है।

**पूनम पांडे ने उठाए सवाल –** मॉडल पूनम पांडे ने भी हार्दिक पंड्या की बेइज्जती पर अपनी राय रखी। मुंबई और राजस्थान मैच के दौरान स्टेडियम में मौजूद रहने के बावजूद पूनम पांडे ने ट्विटर पर अपनी दुखद भावना जाहिर की। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा कि वानखेड़े में मुंबई और राजस्थान मैच के दौरान उन्हें जो दशकों से छपरी सुनने को मिल रहा है, उससे उन्हें काफी हैरानी हुई। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा किसे कहा जा रहा था, लेकिन दरअसल फैंस के निशाने पर हार्दिक पंड्या थे। जिस तरह राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को एक बार फिर से हराकर उनकी जीत के सफर को और भी कठिन बना दिया है। जबकि हार्दिक पंड्या को उनके नेतृत्व में टीम को बचाने के लिए अपनी प्रयासों को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

## दिनेश चांदीमल ने बीच में छोड़ा दूसरा टेस्ट, पारिवारिक कारणों से स्वदेश लौटे

**चटगांव (एजेंसी)।** पारिवारिक चिकित्सीय आपतस्थिति के कारण श्रीलंका के बल्लेबाज दिनेश चांदीमल को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन स्वदेश लौटना पड़ा है। मैच के तीसरे दिन चांदीमल आउट हो गए थे। ऐसे में श्रीलंकाई टीम उनकी जगह पर किसी स्थानपन्न क्षेत्ररक्षक के साथ मैदान में उतरेगी।

चांदीमल ने पहली पारी में अर्धशतक बनाया था वहीं दूसरी पारी में नौ रन पर आउट हो गए थे। श्रीलंका क्रिकेट ने अपने बयान में कहा, 'वह तत्काल प्रभाव से घर लौटेंगे। इस मुश्किल घड़ी में श्रीलंका क्रिकेट, टीम के तमाम खिलाड़ी और स्पोर्टिंग स्टाफ सभी चांदीमल के साथ खड़े हैं। हम लोगों से उनके परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह करते हैं।

मैच के चौथे दिन श्रीलंका ने सात विकेट पर 157 रन पर पारी घोषित कर दी है। और पहली पारी के आधार पर श्रीलंका की कुल बढत 510 हो गई है। बांग्लादेश को यह टेस्ट मैच जीतने के लिए 511 रन बनाने है। बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में चौथे दिन 83 रन पर दो विकेट गवां कर संघर्ष कर रही है। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में श्रीलंका इस समय 1-0 से आगे है।

# हिमाचल के तीनों निर्दलीय विधायक इस्तीफे के लिए खटखटाएंगे हाईकोर्ट का दरवाजा, फंसा पेच?

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश के तीनों निर्दलीय विधायक अपना इस्तीफा स्वीकार किए जाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का रुख करेंगे। हमीरपुर से विधायक आशीष शर्मा, देहरा से होशियार सिंह और नालागढ़ से केएल ठाकुर इस्तीफा मंजूर नहीं होने पर मंगलवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। तीनों निर्दलीय विधायक 10 दिन पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को अपना इस्तीफा सौंप चुके हैं। चूंकि स्पीकर ने अभी तक तीनों निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है, इसलिए तीनों अपना इस्तीफा मंजूर कराने के लिए हाईकोर्ट से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाएंगे। बीते 22 मार्च को तीनों ने इस्तीफा दिया था। बाद में तीनों विधायकों ने स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात कर



के अपने इस्तीफों को स्वीकार किए जाने का व्यक्तिगत अनुरोध किया था। इसके बाद वे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भी मिले थे। अगले दिन तीनों 23 मार्च को तीनों निर्दलीय विधायक दिल्ली जाकर भाजपा में शामिल हो गए थे। निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने सोमवार को बताया कि इस्तीफा मंजूर नहीं होने पर मंगलवार को प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाएगी।

बता दें कि तीनों निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र को लेकर सुक्खू सरकार के दो कैबिनेट मंत्रियों जगत सिंह नेगी एवं रोहित ठाकुर ने स्पीकर को शिकायत दी है। इस शिकायत में कहा गया है कि पांच साल के लिए चुन कर आए विधायक 15 माह में त्यागपत्र दे रहे हैं। लगता है कि इन पर कोई दबाव है। इस पर स्पीकर ने निर्दलीय विधायकों को नोटिस भेज कर उनसे 10 अप्रैल को अपना पक्ष रखने को कहा है। ऐसे में त्यागपत्र मंजूर नहीं होने से तीनों विधायक असमंजस में हैं।

वहीं इस मामले सूबे के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गेंद विधानसभा अध्यक्ष के पाले में डालते हुए उन्हें ही इसके लिए अधिकृत माना है। राज्यपाल का कहना है कि यह विधानसभा स्पीकर का अधिकार क्षेत्र है और इस मामले में वह हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं। इस्तीफा मंजूर न होने पर तीनों निर्दलीय विधायक दो दिन पहले विधानसभा परिसर में धरना देकर अपना विरोध जाहिर कर चुके हैं। निर्दलीय विधायकों का आरोप है कि स्पीकर सरकार के दवाब में काम कर रहे हैं। तीनों निर्दलीय विधायकों ने स्पष्ट किया है कि इन्होंने बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से अपने इस्तीफे दिए हैं और स्पीकर को ये तत्काल मंजूर कर लेने चाहिए। दरअसल, 27 फरवरी को हिमाचल की एकमात्र राज्यसभा सीट पर चुनाव के दौरान तीनों निर्दलीय विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में मतदान किया था। हालांकि इससे पहले निर्दलीय विधायक राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को समर्थन दे रहे थे। वहीं शिमला पुलिस द्वारा प्रदेश सरकार गिराने का षड्यंत्र रचने और लेन-देन के मामले में दर्ज एफआईआर में नामजद हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा और कांग्रेस के बागी व गगरेट के अयोग्य करार दिए गए विधायक चैतन्य शर्मा के पिता व सेवानिवृत्त आईएएस राकेश शर्मा की अग्रिम जमानत 26 अप्रैल तक बढ़ गई है। सोमवार को हाईकोर्ट ने दोनों की अग्रिम जमानत को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। हालांकि हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देते वक्त स्पष्ट किया कि जब पुलिस राकेश शर्मा और आशीष शर्मा को जांच के लिए बुलाएगी तो उन्हें जांच में शामिल होना होगा। बीते 12 मार्च को हाईकोर्ट ने आरोपित बनाए गए इन दोनों को सशर्त अग्रिम जमानत दी थी। दरअसल एफआईआर में नामजद होने के बाद पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए इन्हें हिरासत में लिया जाना था। इससे बचने के लिए दोनों ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया था। हाईकोर्ट ने दोनों को जांच में सहयोग देने के निर्देश दिए हैं। दोनों आरोपित बीते शनिवार को बालूगंज पुलिस स्टेशन में पेश हुए थे। इस दौरान पुलिस की एसआईटी ने दोनों से लगभग तीन घंटे तक पूछताछ की थी। गौरतलब है कि विधायक आशीष शर्मा और सेवानिवृत्त आईएएस राकेश शर्मा के विरुद्ध शिमला के बालूगंज पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 171 ई और 171सी, 120 बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के सेक्शन 7 व 8 के तहतएफआईआर दर्ज हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुत्तों की 23 नस्लों पर प्रतिबंध के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केन्द्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर केन्द्र से रुख पूछा जिसमें आरोप लगाया गया है कि 23 नस्लों के कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध मनमाना और संविधान का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने केन्द्र सरकार से एक पेशेवर कुत्ता प्रजनक डॉक्टर द्वारा दायर याचिका पर जवाब देने को कहा। याचिका में दावा किया गया कि यह निष्कर्ष निकालने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया गया कि जिन नस्लों को प्रतिबंधित किया गया है वह नस्लें क्रूर थीं। मालूम हो कि पालतू कुत्तों के हमलों की बढ़ती घटनाओं के बीच 12 मार्च को केन्द्र ने राज्यों को पिटबुल टेरियर्स, अमेरिकन बुलडॉग, रॉटवीलर और मास्टिफ़्स सहित क्रूर कुत्तों की 23 नस्लों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को जारी निर्देश लोगों को पालतू जानवरों के रूप में 23 नस्लों के कुत्तों को रखने से रोकते हैं। याचिका में कहा गया है कि परामर्श प्रक्रिया में प्रमुख हितधारकों को शामिल किए बिना निर्णय लिया गया। यह कुत्ते प्रशिक्षण के पेशे में शामिल व्यक्तियों के साथ भेदभाव करता है। याचिकाकर्ता नंबर 1 और याचिकाकर्ता नंबर 2 दोनों ही लागू अधिसूचना से सीधे प्रभावित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, क्योंकि यह उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। याचिकाकर्ता आजीविका को खतरे में डालता है। याचिका में आगे कहा गया कि यह निष्कर्ष निकालने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया गया है कि प्रतिबंधित नस्लें क्रूर थीं। उन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि ऐसा कोई डेटा नहीं है जो इंगित करता हो कि इन कुत्तों ने ही आतंक फैलाया है, जिसके लिए उन पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है। इसलिए 23 कुत्तों की नस्लों पर मनमाना और पूर्ण प्रतिबंध भारत के संविधान का उल्लंघन है। याचिका में यह भी कहा गया है कि परामर्श प्रक्रिया में प्रमुख हितधारकों को शामिल किए बिना निर्णय लिया गया।

### त्रिची-चेन्नई राजमार्ग पर बस और लॉरी की टक्कर, हादसे में 2 की मौत और 10 से अधिक घायल



**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)।** त्रिची-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक बस और लॉरी की टक्कर हो गई। इस दौरान हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और दस से अधिक लोग घायल हो गए। त्रिची सिटी पुलिस के मुताबिक, घायलों को इलाज के लिए त्रिची सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है। मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### मंगलुरु में बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी, चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस; रिक्शा चालकों ने किया था आयोजन

**मंगलुरु।** चुनाव आयोग ने मंगलुरु के पास मुडुपी ग्राम पंचायत में बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी करने के मामले को गंभीरता से लिया है। आयोग ने इसके लिए मुख्य आयोजक को नोटिस भेजा है। 30 मार्च को इसका आयोजन राजमार्ग पर किया गया था। इसके चलते राजमार्ग लगभग चार घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा। इससे राजमार्ग से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आयोग ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए इसके मुख्य आयोजक अबुबकर सिद्दीकी को नोटिस भेजा है। इस कार्यक्रम का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान लिया। इस आयोजन को सांप्रदायिक सद्भाव की दिशा में एक साहसिक कदम बताया गया। दावा किया गया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। भेजे गए नोटिस में मुख्य आयोजक सिद्दीकी से यह बताने को कहा गया है कि तय किए गए मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

## सचिन पायलट चाहते थे किरोड़ी लाल के भाई को मिले कांग्रेस का टिकट



**दौसा , एजेंसी।**
राजस्थान में दौसा लोकसभा सीट के टिकट को लेकर पूर्व चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा- मुरारी लाल मीणा दौसा संसदीय सीट से चुनाव लड़ने से मना करते रहे, लेकिन हमने पहले ही उनका नाम प्रस्तावित कर भेज दिया था। बाद में सचिन पायलट ने भाजपा नेता और कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा के भाई जगमोहन मीणा का नाम भी सुझाया, लेकिन किसी कारण से उनकी कांग्रेस में ज्वाइनिंग रुक गई और मुरारी का ही नाम फाइनल हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जगमोहन को भी टिकट मिलता तो हमें कोई दिक्कत नहीं थी।

कांग्रेस कार्यकर्ता तो हाथ के निशान को देखकर काम करता है। लालसोट में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए परसादी ले यह खुलासा किया। प्रचार के दौरान लालसोट में एक सभा में पूर्व मंत्री परसादी लाल ने कहा कि हम सभी की इच्छा थी कि मुरारीलाल मीणा दौसा से लोकसभा चुनाव लड़ें। इसलिए सबने मिलकर 18 जनवरी को ही मुरारीलाल का नाम प्रस्तावित कर दिया था। उन्होंने कहा कि मुरारीलाल चुनाव लड़ने के लिए मना करते रहे, लेकिन हम सबने उनसे कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ना ही पड़ेगा।

**किरोड़ीलाल के भाई को भी मिल सकता था टिकट:** परसादी ने कहा कि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी मीणा के भाई जगमोहन को भी कांग्रेस से टिकट मिल सकता था। जब हाईकमान ने मुरारीलाल का नाम रोका तो, सचिन पायलट ने कहा- हम कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीना के भाई जगमोहन को भी टिकट दे सकते है। इस बारे में हमसे पूछा भी गया था। हमें भी इससे कोई ऐतराज नहीं था। लोकसभा क्षेत्र से पार्टी जिसे भी कांग्रेस का टिकट देती, हम उसी को वोट देते। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने खूब काम किए। सभी जगह विकास के काम हुए। हर गांव ने जो मांगा वो दिया। उसके बाद भी परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही और जिले की पांच में से 4 विधानसभा सीट हम हार गए।

## दिल्ली की मशहूर कचौड़ी की दुकान में जा घुसी तेज रफ्तार मर्सिडीज, चपेट में आए 5 लोग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सिविल लाइंस में एक तेज रफ्तार मर्सिडीज कार मशहूर कचौड़ी की दुकान में जा घुसी। इस दौरान कार की स्पीड इतनी तेज थी कि वहां मौजूद कुछ लोग इसकी चपेट में आ गए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया जो काफी भयावह है। तेज रफ्तार मर्सिडीज अचानक कचोड़ी की दुकान में घुस गई और एक दीवार से टकरा गई। इस दौरान दुकान के अंदर मौजूद कर्मचारियों के साथ-साथ कुछ और लोग भी इसकी चपेट में आ गए। इसके बाद अन्य लोग तुरंत घायलों के बचाव के लिए दौड़े और गाड़ी को पीछे करवाकर घायलों को बाहर निकाला। इस घटना में पांच लोगों के घायल होने की खबर में है जिसमें महिलाएं भी शामिल है। घटना 31 मार्च को सिविल लाइंस में फतेह चंद कचौड़ी वाले की बताई जा रही है जहां सफेद रंग की मर्सिडीज कार अचानक दुकान के अंदर घुस गई। इस दौरान दुकान के अंदर मौदूद लोगों के साथ आस पास कचोड़ी खा रहे लोग बी इसकी चपेट में आ गए। वहीं कार के ड्राइवर की पहचान 36 साल के पराग मैनी के तौर पर हुई है दो नोएडा सेक्टर 76 का रहने वाला बताया जा रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया है कि पीएस सिविल लाइंस में मामला दर्ज किया गया है और कार के ड्राइवर पराग मैनी को गिरफ्तार कर लिया गया है और गाड़ी भी जब्त कर ली गई है।



## गायों के संपर्क में आया व्यक्ति दुर्लभ बर्ड फ्लू से हुआ संक्रमित

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** टेक्सास में एक व्यक्ति दुर्लभ बर्ड फ्लू से संक्रमित पाया गया है। अधिकारियों का दावा है कि यह व्यक्ति संक्रमित गायों के संपर्क में था। टेक्सास के स्वास्थ्य अधिकारियों ने विस्तृत ब्यौरा दिए बिना सोमवार को बताया कि मरीज को एंटीवायरल दवा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस व्यक्ति में बर्ड फ्लू का एकमात्र लक्षण उसकी आंखों का लाल होना था। संघीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि विश्व स्तर पर किसी स्तनपायी से बर्ड फ्लू के इस प्रकार के संक्रमण का यह पहला ज्ञात मामला है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के प्रधान उप निदेशक डॉ. नीरव शाह ने कहा कि व्यक्ति-से-व्यक्ति में बर्ड फ्लू फैलने या मवेशी के दूध या मांस से किसी के संक्रमित होने का कोई सबूत नहीं है।शाह ने कहा कि आनुवंशिक परीक्षण यह नहीं बताते हैं कि वायरस अचानक अधिक आसानी से फैल रहा है या यह अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान एंटीवायरल दवाएं अब भी प्रभावी हैं। शाह ने कहा कि पिछले हफ्ते, टेक्सास और कन्सास में गायों के बर्ड फ्लू से संक्रमित होने की सूचना मिली थी। संघीय कृषि अधिकारियों ने बाद में मिशिगन की डेयरी में संक्रमण की पुष्टि की, जहां हाल में कुछ गायें टेक्सास से ले जाई थीं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों प्रभावित गायों में से किसी की भी मौत नहीं हुई है। 2020 के बाद से, बर्ड फ़्लू का वायरस विभिन्न देशों में कुत्तों, बिल्लियों, भालुओं और यहां तक कि सील आदि जानवरों में फैल रहा है। सीडीसी के पूर्व महामारी विशेषज्ञ डॉ. अली खान ने कहा कि अमेरिकी पशुओं में इस बीमारी का पता लगाना आसान नहीं है।

## अमेरिकी कांग्रेस सदस्यों ने मंदिर हमलों की जांच पर ताजा जानकारी मांगी

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी कांग्रेस के भारतीय मूल के पांच सदस्यों ने सोमवार को न्याय विभाग से देशभर के हिंदू मंदिरों में हुई तोड़फोड़ की घटनाओं पर जानकारी देने की मांग की, जिनमें से कुछ खालिस्तान समर्थक और भारत विरोधी थे। पांचों सदस्यों ने एक संयुक्त पत्र में लिखा, न्यूयॉर्क से कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमलों ने हिंदू अमेरिकियों के बीच सामूहिक चिंता को बढ़ाने में योगदान दिया है।

इन प्रभावित समुदायों के नेताओं ने कहा है कि दुर्भाग्य से संदिग्धों का कोई सुराग नहीं है, जिससे कई लोग डर और भय में जी रहे हैं। हमारे समुदाय इन पूर्वाग्रह-प्रेरित अपराधों के संबंध में कानून प्रवर्तन समन्वय के बारे में चिंतित रहते हैं और वे हैरान रह जाते हैं कि क्या कानून के तहत समान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित संघीय निरीक्षण हो रहा है।

उनके कार्यालय ने कहा कि प्रतिनिधि राजा कृष्णमूर्ति इस पहल का नेतृत्व कर रहे हैं। अन्य चार हैं रो खन्ना, प्रमिला जयपाल, अमी बेरा और श्री थानेदार। सदस्यों ने आगे कहा, घटनाओं की संख्या और घटनाओं के समय की निकटता संबंधों और उनके पीछे की मंशा के बारे में परेशान करने वाले सवाल खड़े करती है।




किसी ऐसे समुदाय के भीतर डर पैदा करने के लिए नफरत के अपेक्षाकृत कम समन्वित कृत्यों की आवश्यकता होती है जिसे अक्सर हाशिए पर या उपेक्षित किया गया है, और हमें अमेरिका में सभी धार्मिक, जातीय, नस्लीय और सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत का मुकाबला करने के लिए सहयोगात्मक रूप से काम करना चाहिए। इसलिए, हम अनुरोध करते हैं आप हमें यह समझ प्रदान करें कि विशेष रूप से अमेरिका में हिंदुओं को निशाना बनाने वाले घृणा अपराधों के संबंध में विभाग की रणनीति क्या है।

हेवर्ड, कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर को जनवरी में खालिस्तान समर्थक भित्तिचित्र उकेरे गए थे। इसके कुछ ही सप्ताह बाद कैलिफोर्निया के नेवार्क में एक मंदिर पर भी इसी तरह के भित्तिचित्र देखे गए थे। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने एक बयान में कहा था, पिछले कुछ हफ्तों में कम से कम दो घटनाएं दर्ज होने के साथ खालिस्तानी अलगाववादियों द्वारा हिंदू मंदिरों पर हमले बढ़ रहे हैं। 2023 में सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी और बर्बरता की दो घटनाओं में खालिस्तानी समर्थक कार्यकर्ता शामिल थे।

## बांग्लादेश में विपक्ष ने चलाया बॉयकॉट इंडिया कैंपेन, पीएम शेख हसीना ने लगाई लताड़

**ढाका एजेंसी।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत का बहिष्कार अभियान पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। इस अभियान को चलाने के लिए विपक्ष की तीखी आलोचना की साथ ही उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाया है। बहिष्कार का आह्वान विपक्ष के इन आरोपों के बीच आया है कि भारत बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप कर रहा है। पीएम हसीना इस अभियान को लेकर अब विपक्ष पर हमलावर हो गई हैं। उन्होंने भारत का बहिष्कार करने वाले सभी विपक्ष से सीधा सवाल भारत के उत्पादों के उपयोग को लेकर किया है। पीएम ने विपक्ष से भारत की साड़ी और मसालों को के उपयोग पर सवाल किया है। एक भाषण में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर विपक्षी बीएनपी नेता सच में भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करेंगे तो वे अपनी पत्नियों की भारतीय साड़ियां जला देंगे? पीएम ने आगे कहा, बीएनपी नेता भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की वकालत कर रहे हैं। मेरा प्रश्न उनसे यह है कि बहिष्कार कर रहे नेताओं की पत्नियों के पास कितनी भारतीय साड़ियां हैं?

## शहबाज शरीफ ने चीनी नागरिकों के लिए फुल प्रूफ सुरक्षा देने का वादा किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने अपने देश में काम करने वाले चीनी नागरिकों के लिए फुल प्रूफ सुरक्षा देने का वादा किया है। पिछले सप्ताह ही एक सुसाइड हमले में चीन के पांच इंजीनियरों की मौत हो गई थी। सोमवार को उनके शव इस्लामाबाद से चीन पहुंचाए गए। शहबाज का चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का वादा तब सामने आया है जब चीन की सरकार ने हमले पर पाकिस्तान से दो टूक शब्दों में अपने नागरिकों की सुरक्षा देने की मांग की थी। अपुष्ट खबरें हैं कि चीन ने पाकिस्तान से कहा कि अगर उससे यह काम नहीं होता तो वह खुद ही अपने नागरिकों को सुरक्षा देगा।

26 मार्च को, पांच चीनी श्रमिकों और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर की एक



आत्मघाती हमले में मौत हो गई। हमलावर ने विस्फोटकों से भरी कार उनकी बस से टकरा दी थी, जिसके बाद जोरदार धमाका हुआ। पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने इस मामले में तुरंत जांच बैठाई। इस मामले में 12 लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। जांच में चीन से आई टीम भी पाकिस्तान को सहयोग कर रही है। पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को टारगेट करते हुए यह पहला हमला नहीं है, पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को लगातार टारगेट किया जा रहा है, जिस पर चीन ने अब गंभीरता दिखानी शुरू कर दी है।

पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज़ शरीफ सोमवार को चीनी दूत जियांग ज़ैदोंग के साथ दासू बांध परियोजना पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों से मिलने के लिए पहुंचे। शहबाज ने खैबर पख्तूनख्वा के ऊपरी कोहिस्तान जिले में दासू का दौरा किया। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान, शरीफ ने श्रमिकों की सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए तत्काल उपाय करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

शहबाज ने कहा, मैं तब तक आराम नहीं करूंगा जब तक हम आपकी सुरक्षा के लिए सर्वोत्तम सुरक्षा उपाय नहीं कर लेते। न केवल दासू बल्कि पूरे पाकिस्तान में। शरीफ ने कहा, यह चीन के लोगों और राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित चीनी नेतृत्व से उनका वादा है। शरीफ ने चीनी नागरिकों को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार जांच समिति की सिफारिशों पर कार्रवाई करने में कोई समय बर्बाद नहीं करेगी।

गौरतलब है कि 2015 से पाकिस्तान की विशेष सैन्य इकाई जिसमें हजारों पाक सैन्यकर्मियों के साथ-साथ स्थानीय पुलिस दल भी शामिल हैं, लगभग 60 बिलियन डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर काम कर रहे चीनी नागरिकों को सुरक्षा दे रही है। सीपीईसी के नाम से लोकप्रिय यह मेगा-प्रोजेक्ट बीजिंग की वैश्विक बेल्ट एंड रोड पहल का हिस्सा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129